ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • श्रावण शुक्ल पक्ष 14 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 29 अगस्त 2023 • वर्ष-29 • अंक-313 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00


श्रेया घोषाल ने शेयर किया रियलिटी शो में ...
पेज 10 पर



### उपायुक्त के निर्देश पर उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई

## पलामू में 2 करोड़ का 12 हजार लीटर अवैध स्प्रिट जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर रविवार को उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार के नेतृत्व में उत्पाद विभाग की टीम ने छतरपुर के कऊल गांव में छापेमारी कर 2.1 करोड़ रुपए की अवैध शराब जब्त किया है। गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग द्वारा यह कार्रवाई की गयी। उत्पाद विभाग की छापमारी में 12 हजार लीटर अवैध स्प्रिट जब्त किया गया। इस दौरान मदन विश्वकर्मा नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। इस सम्बन्ध में पलामू के उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि छतरपुर के कऊवल गांव में अवैध शराब निर्माण के लिए बड़ी मात्रा में स्प्रिंट का भंडारण किये जाने की सूचना मिली थी। जिसके आधार पर छापामारी की गई तो मदन इंजीनियरिंग वर्क्स नामक वेल्डिंग दुकान की आड़ में अवैध शराब का कारोबार चल रहा था। जहां से 12 हजार लीटर अवैध स्प्रिट जप्त किया गया। इस दौरान उपरोक्त व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार किया गया। उत्पाद विभाग की छापामारी टीम में एएसआई अनूप प्रकाश व होम गार्ड के जवान तथा छतरपुर थाना की पुलिस के जवान शामिल थे।

### रानी राज ने 91वां रैंक हासिल किया, प्रखंड में हर्ष का माहौल, लोगों ने दी बधाई

## सुदूर क्षेत्र की बेटी ने बीपीएससी में प्राप्त की सफलता



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

सुदूरवर्ती क्षेत्र झाबर ग्राम की बेटी रानी राज ने बीपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल कर बालूमाथ का नाम रौशन कर किया है। रानी राज को बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 91वां रैंक मिला और उनका चयन अंकेक्षण पदाधिकारी के रूप में हुआ है। रानी ने यह साबित कर दिया कि यदि प्रतिभा हो तो मंजिल को हासिल किया जा सकता है। रानी राज के पिता शिव प्रसाद और माता रंभा देवी ने बताया कि वे लोग बालूमाथ के छोटे से गांव झाबर के रहने वाले हैं। बेटी रानी राज की पढ़ाई बालूमाथ से इंटर तक की पढ़ाई करने के बाद ग्रेजुएशन चतरा कॉलेज से की थी। उसके बाद पीजी की शिक्षा रानी ने कॉरेस्पोंडेंस के माध्यम से पूरी की। उन्होंने बताया कि रानी आरम्भ से ही काफी प्रतिभावान थी। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में उसने इस वर्ष सफलता हासिल करते हुए पूरे परिवार का नाम ऊंचा कर दी है। उन्होंने कहा कि रानी पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेती है। जनजातीय समुदाय के भाषा और संस्कृति के संरक्षण के लिए इसके द्वारा धूमकुड़ीया नामक एक डिजिटल पेज का भी संचालन किया जाता है। इधर रानी कुमारी ने बताया कि परीक्षा की तैयारी उन्होंने सेल्फ स्टडी के माध्यम से की थी। रानी कहती है कि यहां तक पहुंचने में उनके माता-पिता के अलावे भाई अमित कुमार के साथ-साथ गुरु जन, रिश्तेदार तथा मित्रों का सहयोग भरपूर मीला है। इनके द्वारा हौसला बढ़ाने के कारण ही मै कड़ी मेहनत कर इस स्थान को पाने में सफलता पाई है। इस सफलता पर बिटिया रानी को कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो. जुबैर, हाजी मोतिउर रहमान शैलेश सिंह, अरविंद भगत, प्रितलाल यादव,दीपक यादव, राजेश यादव, लक्ष्मण कुशवाहा, अमित राम, मनोहर साव, रामकुमार गुप्ता अजित कुमार (प्रेस) सहित कई लोगों ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

## NEWS इन ब्रीफ

### झारखंड में रक्षाबंधन की सरकारी छुट्टी अब 31 अगस्त को

**रांची।** रक्षाबंधन की सरकारी छुट्टी अब 31 अगस्त को होगी। एनआइए एक्ट के तहत कार्मिक विभाग ने सार्वजनिक अवकाश देने का आदेश जारी सोमवार को किया है। पहले या छुट्टी 30 अगस्त को दी गई थी लेकिन विभिन्न माध्यमों से जानकारी मिलने के बाद रक्षाबंधन की छुट्टी 31 अगस्त को घोषित की गयी है, यानी इस दिन अब झारखंड राज्य सचिवालय सहित संलग्न कार्यालय व सभी सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे। बैंकों में भी छुट्टी रहेगी।

### मुरहू में बेटे ने मां की गला दबाकर की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**खूंटी।** मुरहू थानांतर्गत हासा पंचायत के माहिल साकेटोली गांव निवासी शंकर मुंडा ने रविवार की सुबह किसी बात पर अपनी वृद्ध मां कृष्णा देवी की गला दबाकर हत्या कर दी। गांव के ही सरना स्थल के पास सुबह लगभग छह बजे हुई इस घटना की जानकारी ग्रामीणों को मिलने पर ग्रामीणों ने बीआइटी मेसरा स्थित अपनी ससुराल में रहने वाले महिला के बड़े पुत्र सुखराम मुंडा को घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही सुखराम मुंडा गांव पहुंचा और मुरहू थाना की पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही मुरहू थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया। इस संबंध में मुरहू थाने में आरोपित शंकर मुंडा के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया है। घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार आरोपित शंकर मुंडा को पुलिस ने मुरहू थाना क्षेत्र से ही सोमवार को गिरफ्तार कर लिया और न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। इस संबंध में एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि प्रारंभिक छानबीन एवं पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि आरोपित आए दिन नशे में मां के साथ झगड़ा किया करता था। साथ ही उसकी मानसिक अवस्था भी कभी-कभी खराब हो जाती है।

### व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की जमानत याचिका पर 11 सितंबर को होगी सुनवाई

**रांची।** जमीन घोटाला के आरोपित व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की जमानत याचिका पर सोमवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले में अदालत ने विष्णु अग्रवाल की जमानत याचिका पर 11 सितम्बर को सुनवाई करेगा। विष्णु अग्रवाल ने अपने अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा के माध्यम 26 अगस्त को जमानत याचिका दाखिल की थी। याचिका में उन्होंने कहा है कि इस पूरे केस में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है। साथ ही उन्होंने अपने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए अदालत से जमानत याचिका मंजूर करने की गुहार लगायी है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने व्यवसायी विष्णु अग्रवाल को जमीन घोटाला मामले में 31 जुलाई को गिरफ्तार किया था।

# जंगली हाथियों ने ली महिला की जान

### चकला के अरंडियाटांड़ की घटना, भगवान भरोसे ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

थाना क्षेत्र अंतर्गत चकला पंचायत के अरंडियाटाँड़ में जंगली हाथियों ने एक महिला की जान ले ली है। रविवार की देर रात हाथियों ने अरंडियाटांड़ में एक महिला को पटककर मार डाला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रविवार की शाम हाथी गांव में प्रवेश कर गये, जिसे ग्रामीणों ने किसी तरह भगा दिया। रात्रि में ग्रामीण जब सो गए तब पुनः 12-15 की संख्या में हाथियों ने गांव में धावा बोल दिया। लोग हाथियों के भय से इधर उधर भागने लगे। इसी बीच रामदेव टाना भगत की पत्नी एतवरिया देवी (47) को हाथियों ने कुचलकर मार दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पत्नी को बचाने के क्रम में मृतका के पति रामदेव भगत को भी चोट आयी है। ग्रामीणों ने वन विभाग को रात्रि में ही इसकी सूचना देने के लिए फोन किया लेकिन फोन रिसीव नहीं किया गया। इसको लेकर वन विभाग के प्रति ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीण भगवान भरोसे ही अपना जीवन यापन करने को मजबूर हैं। हर समय उन्हें हाथियों से अपनी जान की चिंता बनी रहती है। ग्रामीण रतजग्गा कर अपनी जान माल की हिफाजत कर रहे हैं। सूचना पाकर चंदवा पुलिस और वन विभाग की टीम घटनास्थल पहुंची और ग्रामीणों को समझा बुझाकर शव को अंत्यपरीक्षण हेतु लातेहार भेज दिया। वन विभाग की ओर से तत्काल मृतका के परिजनों को 40 हजार रुपये की सहायता राशि दी गई है।

### 36 आरोपियों की सजा के बिंदु पर सुनवाई 1 सितंबर को

# चारा घोटाला मामले में 35 आरोपी बरी, 53 को मिली सजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** चारा घोटाले के कांड संख्या (आरसी 48ए/96) डोरंडा कोषागार मामले में सोमवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विशाल श्रीवास्तव की कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। अवैध निकासी मामले में कुल 124 आरोपितों में से 53 को तीन साल एवं तीन साल से कम की सजा हुई है, जबकि 35 आरोपितों को बरी कर दिया गया है। साथ ही 36 आरोपियों की सजा के बिंदू पर एक सितम्बर को सुनवाई होगी।

कोर्ट ने जिन 35 लोगों को बरी किया है उनमें त्रिवेणी पासवान, जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, चंद्र किशोर लाल, कामेश्वर प्रसाद यादव, मनोज कुमार सिन्हा, रमन कुमार सिन्हा, उमाशंकर यादव, ओम प्रकाश सिन्हा, चंद्रशेखर सिन्हा, अजय कुमार सिंह, वेंक्टेश्वर नाथ पांडेय, रामसेवक साहू, दीनानाथ सहाय, साकेत बिहारी लाल, हरीश कुमार खन्ना, कैलाश मणी कश्यप, बलदेव साहू, सिद्धार्थ कुमार, निर्मला प्रसाद, कुमार अनिता प्रसाद, मो एकराम, मो हुसैन, मो सनवाल हक,सैरु निशा, चंचेला सिन्हा, ज्योति कक्कड़, सरस्वती देवी, राम अवतार शर्मा, रिमा, अर्पोनिता कुंडू और मधु पाठक शामिल है।

**इन 36 आरोपियों की सजा पर एक सितम्बर को सुनवाई :** नियानंद कुमार सिंह, डॉ जुनुल भेंगराज, डॉ कृष्ण मोहन प्रसाद, डॉ राधा रमण सहाय, डॉ गौरी शंकर प्रसाद, डॉ रविन्द्र कुमार सिंह, डॉ फणीन्द्र कुमार त्रिपाठी, महेन्द्र प्रसाद, देवेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव, अशोक कुमार यादव, रामनंदन सिंह, बृजेश्वरी प्रसाद सिन्हा, अजय कुमार सन्हा, राजन मेहता, रवि नंदन कुमार सिन्हा, राजेन्द्र कुमार हरित, अनिल कुमार, त्रिपाठी मोहन प्रसाद, दयानंद प्रसाद कश्यप, शरद कुमार, सुरेश दूबे, मो सईद, मो मौहिद, संजय कुमार, रामा शंकर सिंह, उमेश दूबे, अरुण कुमार वर्मा, अजीत कुमार वर्मा, सुशील कुमार सिन्हा, जगमोहन लाल कक्कड़, श्याम नंदन सिन्हा, मोहिन्द्रर सिंह बेदी, प्रदीप कुमार चौधरी, सत्येन्द्र कुमार मेहता, मदन मोहन पाठक, प्रदीप कुमार।

**इन 53 आरोपियों को हुई सजा :** डॉ रामेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ मनोज कुमार, डॉ अनिल, डॉ कमल किशोर सिंह, डॉ हीरा लाल, डॉ विनोद कुमार, डॉ वीजेन्द्र कुमार, डॉ धनंजय कुमार, डॉ अनिल कुमार, डॉ विजय शंकर सिंह, परमेश्वर प्रसाद यादव, रविन्द्र कुमार मेहरा, अजय वर्मा, सुनील कुमार सिन्हा, सुधीर कुमार सिन्हा, अजय कुमार सिंह, नरेश प्रसाद, गणेश दूबे, अनंत मुरारी सिंह, मनीष कुमार, विनय कपूर, शोभा सिंह, दीपक कुमार सिंह, महेन्द्र

### पलामू में परिजन जबरन करा रहे थे शादी

## चाइल्ड लाइन व सीडब्ल्यूसी ने किया रिकवर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र में दो नाबालिगों की शादी रुकवायी गई। दरअसल, नाबालिग लड़की पढ़ाई करना चाहती थी, लेकिन उसके परिजन उसकी शादी करना चाहते थे। वहीं नाबालिग लड़की की जिस लड़के से शादी होने वाली थी वह भी नाबालिग है। नाबालिग लड़का भी पढ़ाई करना चाहता है। इस मामले में नाबालिग ने किसी तरह चाइल्ड लाइन से संपर्क किया। जानकारी मिलते ही चाइल्ड लाइन, सीडब्ल्यूसी और पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग लड़की और लड़का को रेस्क्यू कर लिया है। नाबालिग लड़की को रेस्क्यू करने के बाद बालिका गृह में रखा गया है, जबकि नाबालिग लड़के को घर भेज दिया गया है। जानकारी के अनुशार चाइल्ड लाइन को सूचना मिली थी कि चैनपुर के इलाके में एक 15 वर्षीय नाबालिग की शादी होने वाली है। यह शादी सोमवार को होने वाली थी। सूचना मिलने के बाद चाइल्ड लाइन, सीडब्ल्यूसी और पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी की और दोनों नाबालिगों को रेस्क्यू कर लिया। सीडब्ल्यूसी ने लड़की की काउंसिलिंग की और परिजनों को भी नोटिस जारी किया है। सीडब्ल्यूसी के सदस्य धीरेंद्र किशोर ने बताया कि नाबालिग की शादी होने वाली थी। जानकारी मिलने के बाद उसे रेस्क्यू किया गया है। नाबालिग लड़की मैट्रिक के बाद के बाद की पढ़ाई कर रही है। फिलहाल उसे बालिका गृह में रखा गया है। वहीं इस संबंध में चैनपुर थाना प्रभारी रूपेश कुमार ने बताया कि सीडब्ल्यूसी की टीम चैनपुर थाना पहुंची थी। पुलिस ने टीम को कार्रवाई में पूरा सहयोग किया है।

### एक करोड़ की ठगी करने वाले दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) की साइबर क्राइम थाना ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में जितेंद्र कुमार और हर्षवर्धन चौबे शामिल हैं। दोनों की गिरफ्तारी बिहार पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करते हुए बिहार से की गई है। जितेंद्र बिहार के अररिया और हर्षवर्धन भागलपुर का रहने वाला है। इनके पास से दो मोबाइल, तीन सिम,चार आधार कार्ड,दो पेन कार्ड, 11 एटीएम और वोटर आईडी बरामद किया है। डीएसपी नेहा बाला ने सोमवार को बताया कि दो अलग-अलग मामले में दोनों की गिरफ्तारी की गई है। सीआईडी की साईबर क्राईम थाना कांड संख्या 47/ 2023 में शिल्पी सिंह से इंटरनेशनल वर्चुअल नंबर के माध्यम से संपर्क किया गया, जिसमें उन्हें यूट्यूब पर विडियो लाईक करके पार्ट टाईम जॉब करने का काम दिया गया। इसके बाद उन्हें एक अन्य टेलीग्राम प्रोफाईल से संपर्क कर यूआरएल पर रजिस्टर कर विडियो लाईक करने का काम दिया गया। इस यूआरएल के माध्यम से दिए गए टास्क को करने के लिए इन्हें विभिन्न बैंक खाताओं में पैसे डालने को बोला गया।

### श्रम विभाग की टीम ने लेह-लद्दाख का किया दौरा

## झारखंड के प्रवासी श्रमिकों का जाना हाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर श्रम विभाग के एक प्रतिनिधिमंडल ने लेह लद्दाख में कार्यरत झारखंड खास कर संताल परगना के संताली आदिवासी श्रमिकों की स्थिति का जायजा लिया। प्रतिनिधिमंडल ने लेह लद्दाख और सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों से बातचीत कर श्रमिकों की स्थिति को और बेहतर करने का आग्रह किया है। राष्ट्र को बेहतर आधारभूत संरचना से आच्छादित करने में झारखण्ड के संताली आदिवासी श्रमिकों का विशिष्ट योगदान है। इनका योगदान सीमा सड़क संगठन के सभी कार्य में है। चाहे गहरी खाई पर पुल बनाना हो या पहाड़ को चीर कर सड़क। इसलिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने इन्हें वीर श्रमिक की उपाधि दी है। लेह लद्दाख में बीआरओ की परियोजनाओं जैसे हिमांक, विजयक और योजक को समय पर काम पूरा करने में झारखण्ड के कुशल और मेहनती श्रमिकों का अहम योगदान है। इसको ध्यान में रखते हुए लद्दाख में प्रवासी श्रमिकों की स्थिति की जानकारी लेने के लिए प्रतिनिधिमंडल श्रमायुक्त झारखंड के नेतृत्व में 21 अगस्त को लेह लद्दाख गया था।

**श्रमिकों के लिए हमेशा तत्पर सरकार :** लद्दाख में श्रम सचिव द्वारा आयोजित बैठक में प्रतिनिधिमंडल ने बीआरओ को राज्य के प्रवासी श्रमिकों को कार्य के दौरान जरूरी रक्षा संसाधनों से सुसज्जित करने का निर्देश दिया है, ताकि श्रमिकों की जान माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इससे पूर्व भी राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों को हर संभव सहायता झारखण्ड सरकार ने पहुंचाई। कोरोना संक्रमण काल में भी झारखण्ड के श्रमिकों को सरकार हवाई जहाज से सुरक्षित झारखण्ड लेकर आई थी।

### बैठक — एक झंडा, एक बैनर पर चुनाव लड़ सकते हैं इंडिया के 26 दल

# मायावती भी हो सकती हैं 'इंडिया' का हिस्सा

### बसपा मांग रही उप्र में 45 लोस सीट



**-कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** 26 दलों के विपक्षी गठबंधन इंडिया के ज्यादातर दलों ने मुंबई बैठक के पहले एक झंडा एक बैनर पर चुनाव लड़ने की सहमति जताई है। लेकिन कुछ अभी कुछ भी तय नहीं है। विपक्षी दलों के इस महागठबंधन में कुछ और दलों को भी शामिल करने की बातचीत चल रही है। कोशिश मायावती की बसपा को भी साथ लाने की हो रही है। वैसे तो मायावती ने कहा है कि वह न तो भाजपा नहीं कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगी। लेकिन कुछ दिन पहले बसपा के सांसद दानिश अली ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की थी। जिसके बाद से कहा जाने लगा है कि मायावती ने भी इंडिया गठबंधन में शामिल होने के लिए सीटों की सौदेबाजी शुरू कर दी है। फिलहाल मुंबई में दो दिवसीय होने वाले इंडिया की तीसरी बैठक में संयोजक तय किए जाने की संभावना है। इस विपक्षी गठबंधन को एकजुट दिखाने व बताने के लिए नया झंडा बनाने पर भी बात हो सकती है। ताकि एक झंडा एक बैनर पर लड़ने के बाद विपक्षी गठबंधन इंडिया के सांसदों को आसानी से तोड़ा नहीं जा सके और कोई महाबली पार्टी व उसके चहेते उद्योगपति ईडी, सीबीआई, आयकर से डरा या खरीद नहीं सकें। सूत्रों के अनुसार दानिश अली के मार्फत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उप्र की 45 लोकसभा सीटों के लिए संपर्क साधा गया। 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन करके उप्र में चुनाव लड़ा था। जिसमें बसपा को 10 सीटें तथा सपा को 5 सीटें मिली थीं। लेकिन जब विधान सभा चुनाव हुआ और अलग -अलग लड़े तो बसपा को केवल एक सीट पर जीत मिली थी। इसलिए अपने घटते जनाधार को बचाने के लिए बसपा प्रमुख मायावती की कोशिश लोकसभा चुनाव से पहले गठबंधन व सीटों के लिए बात कर लेने की है। लेकिन उनको उप्र की 80 लोकसभा सीटों में से 45 देने के लिए न तो नीतीश हामी भर रहे हैं , न ही इंडिया गठबंधन का और कोई नेता। मायावती यदि लगभग 20 सीटों पर मान जाएं तो बात बन सकती है। मुंबई बैठक में राज्यवार लोकसभा सीटों पर भी विचार - विमर्श होने की संभावना है।

### महेश्वरी परिवार हत्याकांड की जांच करेगी सीबीआई, कोर्ट का आदेश

**रांची।** हजारीबाग के महेश्वरी परिवार ने आत्महत्या की थी या परिवार के सदस्यों की हत्या की गयी थी, इसकी गुत्थी अब सीबीआई सुलझायेगी। यह आदेश सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट ने दिया। परिवार के सदस्य राजेश महेश्वरी ने याचिका दाखिल कर सीआईडी जांच पर सवाल उठाया था और सीबीआई जांच की मांग की थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता हेमंत शिकरवार ने बहस की। 14 जुलाई 2018 को हजारीबाग के खजांची तालाब के पास बने सीडीएम शुभम अपार्टमेंट के तीसरे तले के कमरा नंबर 303 में माहेश्वरी परिवार के छह लोगों का शव बरामद हुआ था। मरने वालों में परिवार के मुखिया महावीर अग्रवाल, पत्नी किरण अग्रवाल, उनका बेटा नरेश, बहू प्रीति अग्रवाल, पोता अमन अग्रवाल और पोती अन्वी उर्फ परी अग्रवाल शामिल थी।

## चंद्रयान 3 से कम लागत वाला 'सूर्ययान' 2 को होगा लांच

### सूर्य मिशन भी सफल हुआ तो अमेरिका, जर्मनी, यूरोपियन स्पेस एजेंसी व चीन की पंक्ति में पहुंच जाएगा भारत

**– आरएनएम**

**नई दिल्ली।** इसरो अब सूर्य का अध्ययन करने के लिए 'आदित्य एल1' सूर्ययान 2 सितंबर को लॉन्च करने जा रहा है। कम बजट में चंद्रयान 3 की सफलता के बाद ,उससे भी कम बजट में ही सूर्ययान लांचिंग की तैयारी है। मालूम हो कि इसरो में 2008 में सूर्य मिशन की परिकल्पना की गई थी। लेकिन उस पर काम धीमी गति से चलता रहा। चंद्रयान-3 की सफलता के बाद जोश बढ़ गया है , तो सूर्ययान आदित्य मिशन की लांचिंग की भी तैयारी हो गई। इसके लिए इसरो ने माइनस लॉन्चिंग लागत , 378.53 करोड़ रुपये का बजट बनाया है। आदित्य एल1 का एल1 लाग्रेंज बिंदु 1 को इंगित करता है। यह धरती व सूर्य के बीच के दो महत्वपूर्ण बिंदुओं में से एक है। इसके माध्यम से सूर्य की जानकारी हासिल करने में मदद मिलती है। इस मिशन के मार्फत एल 1 बिंदु के आसपास 'हेलो कक्षा' में पहुंचने की कोशिश होगी, जिसमें 109 दिन लग सकते हैं। आदित्य एल1 मिशन चंद्रयान 3 से भी कम खर्च वाला है। यह सूर्य मिशन भी सफल हो गया तो अमेरिका, जर्मनी, यूरोपियन स्पेस एजेंसी व चीन की पंक्ति में भारत भी पहुंच जाएगा।इसरो के पूर्व अध्यक्ष के सिवन के अनुसार, चंद्रयान 3 की कुल लागत लगभग 615 करोड़ रुपये है। लैंडर, रोवर और प्रोपल्शन मॉड्यूल की लागत लगभग 215 करोड़ रुपये है। लॉन्च की लागत 365 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

# NEWS इन ब्रीफ

### प्रखंड संसाधन केंद्र में रात्रि प्रहरी की बैठक की गई

**पाटन ।** प्रखंड संसाधन केंद्र चैनपुर में पलामू जिलाबी आर सी अनुसेवक सह रात्रि प्रहरी के लिए जिला कमेटी का गठन किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष आनंद कुमार चैनपुर बी.आर.सी. सचिव अंजनी नंदन मिश्रा बी.आर.सी. पाटन एवं कोषाध्यक्ष प्रवेश ठाकुर बी.आर.सी. मनातू एवं उपाध्यक्ष सुनील कुमार मोहम्मदगंज को सर्व समिति से मनोनीत किया गया। मौके पर अन्य सेवक उपस्थित थे।

### व्यवसायी ने किया इलेक्ट्रॉनिक्स शॉप का उद्घाटन

**हरिहरगंज।** व्यवसायिक कामेश्वर प्रसाद स्वर्णकार ने सोमवार को शहर के अररुआ खुर्द स्थित शिवम इलेक्ट्रीक एवं इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान का उद्घाटन फीता काटकर किया। मौके पर कामेश्वर प्रसाद स्वर्णकार ने कहा कि ग्राहकों की सेवा का ख्याल रखना ही व्यवसाय की मूल बात होती है। दुकान के प्रोपराइटर रवि कुमार उर्फ बड़े ने कहा कि ग्राहकों को बेहतर सेवा देने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। दुकान में फ्रिज, पंखा, आयरन, टीवी, कूलर सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक खुदरा सामान थोक भाव में मिलेगा।

## बिजली विभाग की ओर से कैंप का अयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से सोमवार को स्टेशन रोड में बिजली बिल वसूली कैंप लगाया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्युत अवर प्रमंडल, जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि हर माह की 28 तारीख को यहां बिजली बिल वसूली के लिए कैंप लगाया जाता है। इस बार इस कैंप में 100 घरेलू व व्यावसायिक बकायादारों से 2 लाख के बिजली बिल की वसूली की गई। उन्होंने बताया कि समय पर बिजली बिल जमा नहीं करने वाले बकाएदार उपभोक्ताओं का कनेक्शन विच्छेद कर दिया जायेगा। उन्होंने इससे बचने के लिए उपभोक्ताओं को समय पर बिजली बिल जमा करने की बात कही है। इस मौके इनके अलावा कैशियर लंकेश कुमार, ऊर्जामित्र रविशंकर सिंह, विद्युत कर्मी ललितेश्वर मेहता और रंजय कुमार शामिल थे।

## ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** जन वितरण प्रणाली की दुकान को नजदीक के विक्रेता से संबद्ध करने की मांग को ले हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के तेतरिया गांव के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में प्रखंड कार्यालय पर पहुंचकर अपना विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों ने प्रभारी एमओ ब्रजेश कुमार से मिलकर अपनी मांगों से संबंधित एक आवेदन पत्र सौंपा। वही एमओ बारी-बारी से लाभुकों की समस्या से अवगत हुए। जबकि ग्रामीणों ने तेतरिया के गुलाब स्वयं सहायता समूह के जन वितरण प्रणाली के दुकान से हटाकर अररुआ कला चरकेडिया आशावादी स्वयं सहायता समूह दुकान के साथ संबद्ध करने का मांग की। एमओ को दिये गये आवेदन में ग्रामीणों का आरोप है कि गुलाब स्वयं सहायता समूह द्वारा गत नवंबर व दिसंबर 2022 का राशन लाभुकों को न देकर कालाबाजारी कर दिया गया था। जिसपर बीडीओ व तत्कालीन एमओ द्वारा जांच के बाद दोषी पाये जाने पर गुलाब स्वयं सहायता समूह को निलंबित कर दिया गया था। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि गुलाब स्वयं सहायता समूह को पुनः चालू कर दिया गया है। लाभुकों को संदेह है कि पूर्व की तरह गुलाब स्वयं सहायता द्वारा फिर से गड़बड़ी करेगा।

### झूलनोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में झूमे श्रद्धालु

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर श्रीराम मंदिर बाजार में रविवार से शुरू झूलनोत्सव पर पारंपरिक, शास्त्रीय गीत संगीत व नृत्य के कार्यक्रम में शाम ढलते ही मंदिरों से तबले की थाप व हारमोनियम की धुन श्रद्धालुओं को अपनी ओर खींचने को विवश करती है। वृन्दावन से आये कलाकार भक्तिभाव के संगीत से माहौल गुलजार कर रहे हैं। इससे भक्त व संगीत प्रेमी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ आराध्य के दर्शन पूजन सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उमड़ते नजर आते हैं। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन, कजरी, ठुमरी, राज दरबारी कई शैलीयों की प्रस्तुति की।

### डॉ. प्रकाश परिमल ने पेश की मानवता की मिशाल

# भीख मांगकर जीवन गुजार रहे एक वृद्ध का किया नि:शुल्क ऑपरेशन

**पिछले पांच साल से वह पुर्णतः अंधा हो गया था**

**ऑपरेशन होने के जब जिम्मेदार भुईयां को दुनिया फिर से दिखाई देने लगी**





**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** कहते है धरती पर ईश्वर का दूसरा रूप डाक्टर होते है। हालांकि कुछ ऐसी बाते भी हो जाती है,जब यह धारणा कमजोर प्रतीत होने लगती है। जिसका कारण व्यवसायिकता के दौर में कही न कही सेवा भाव पर पैसा भारी पड़ा जाता है। मगर इस बीच कुछ चिकित्सक सेवा की ऐसा मिसाल कायम कर देते जिससे डाक्टरों के प्रति पूर्व से स्थापित धारणा और मजबूत हो कर उभरता है। सेवा की कुछ ऐसा ही मिसाल पेश किया है पलामू जिलांतर्गत रेहला के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश परिमल ने। डॉ. प्रकाश के प्रयास से भीख मांग कर अपना जीवन बसर कर रहे जिम्मेदार भुईया को आंख में नयी रौशनी मिली है। बताया जाता है कि गढ़वा जिले के टिकुलिया के जिम्मेदार भुईयां अत्यंत गरीब है। जिम्मेदार का कोई देखभाल करने वाला भी नही है। वह गढ़वा जिला मुख्यालय के रंका मोड़ पर भींख मांगकर अपना जीवन यापन करता है। पिछले पांच साल से वह पुर्णतः अंधा हो गया था। जिसके कारण पिछले पांच वर्षों से वह काफी संकट में था। वह गढ़वा के सरकारी अस्पताल के साथ अन्य निजी चिकित्सकों के पास अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचा लेकिन किसी ने उस पर रहम नहीं किया। जिम्मेदार बताता है कि गढ़वा सरकारी अस्पताल में जब वह इलाज कराने गया तो वहीं दो लोग आपस में रेहला के प्रकाश आई केयर के बारे में चर्चा कर रहे थे। एक व्यक्ति दूसरे को बता रहा था कि रेहला में आंख का एक अच्छा डॉक्टर है उन लोगो की बात सुनकर जिम्मेदार भटकते हुए रेहला प्रकाश आई केयर हास्पिटल में पहुंच गया। अस्पताल परिसर में जब वह पहुंचा तो डाक्टर प्रकाश परिमल के पिता सेवानिवृत डीएसओ शशि नाथ चौबे ने भिखारी जिम्मेदार को कुछ रुपया देना चाहा। लेकिन उसने लेने से इंकार कर दिया। तब श्री चौबे ने आने का कारण पुछा तो उसने बताया कि उसे डॉक्टर साहब से आंख दिखाना है। भिखारी जिम्मेदार भुईयां के बारे में जानकारी मिलते ही डाक्टर प्रकाश अपने चैंबर से बाहर आकर भीखारी की हालात देखकर कर उसे अस्पताल कर्मियों से स्नान कराकर खाना खिलाया और उसके बाद उसके आंखों का गहन जांच किया। जांच में जो रिपोर्ट आयी, उसमें डाक्टर प्रकाश को संभावना दिखा की यदि आपरेशन कर दिया जाये तो जिम्मेदार भुइंया की आंखो की रौशनी लौट सकती है। जिसके बाद डाक्टर प्रकाश परिमल ने उसके आंख का आपरेशन कर उसे रोशनी देने काम किया। ऑपरेशन होने के जब जिम्मेदार भुईयां को दुनिया फिर से दिखाई देने लगा तो उसके खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा। उसका कहना था कि सही मायने में डाक्टर भगवान का दूसरे रूप होते है। इधर डॉ. प्रकाश परिमल के इस मानवीय कार्य की चर्चा चारों ओर हो रही है। सभी लोग उनकी प्रशंसा कर रहे हैं।

## सावन के अंतिम सोमवार को निकाली गयी गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा

**सगालीम।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के आसेहार पंचायत में सावन के अंतिम सोमवारी को लेकर गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा का शुभारंभ आसेहार पंचायत के मुखिया देवसागर राम ने फीता काटकर किया। मौके पर मुखिया देवसागर राम को शिव शिष्य भक्तो ने अंगवस्त्र व गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। मौके पर मुखिया देवसागर राम ने शिव की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि शिव की आराधना से मन को शांति मिलती है व मनोकामना पूर्ण होती है। ऐसे कार्यक्रम से एकता की झलक भी दिखती है। जिससे मानव जाति का विकास होता है। शिव शिष्य श्रद्धालु गाजे बाजे के साथ झूमते हुए आसेहार देवी मंडप से जल उठाने के लिए रवाना हुए। कलश यात्री कुम्हार टोला,सनरैया टोला , डीह टोला होते हुए आसेहार पीरी नदी पहुंचे और पूजा अर्चना कर पुनः कलश में जल भरकर बोल बम का नारा लगाते हुए बैगा टोला, झोक टोला होते हुए पांडे दोहर शिव मंदिर में पहुंचकर शिव जी के उपर जल चढ़ाए । मौके पर फगुनी राम ,रजबदेश प्रजापति, मिथलेश गिरी, दिलीप कुमार, अक्षय कुमार, रवि कुमार, संगीता देवी, विमला देवी, बिन्दु देवी, सरिता देवी,रिंकी देवी,सोभावती देवी,श्रीमती देवी के साथ सैकड़ों शिव शिष्य परिवार उपस्थित थे। **वहीं हुसैनाबाद ।** सावन की अंतिम सोमवारी को सभी शिवमंदिरों में शिव भक्तों की भीड़ रही। श्रद्धालुओं व शिवभक्तों ने शिवालयों में जाकर भगवान भोलेशंकर का जलाभिषेक व जयकारे के साथ पूजा पाठ की। **इधर मनातू।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सावन के अंतिम सोमवारी के उपलक्ष में पकरियाडीह से गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में पांकी विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी अनिल कुमार साहू, आम आदमी पार्टी के मनातू प्रखंड अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य पूनम देवी, समेत हजारों की संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल हुए।

## बिना हस्ताक्षर के बैंक से पचास हजार निकासी

**नवीन मेल संवाददाता**

**नौडीहा ।** बाजार प्रखंड क्षेत्र में हमेशा विद्यालय के बैंक से गबन निकासी का मामला सुर्खियों में रहता है। एक ऐसा ही विद्यालय है राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खडीहा, जहां प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के हस्ताक्षर के बिना पचास हजार बैंक से निकासी कर ली गई हे। यह आरोप प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार भुइयां ने लगाया है। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नौडीहा बाजार को लिखित आवेदन देकर विद्यालय क ी जांच कर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने लिखित आवेदन में कहा है कि राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरडीहा में अध्यक्ष के रूप में 21/अक्टूबर 2022 से उनका योगदान लिया है और विद्यालय विकासफंड की राशि 2022-2023 में बिना उनके हस्ताक्षर के बैंक से पचास हजार पैसा निकाल लिया गया है। बिना अध्यक्ष के सूचना एवं हस्ताक्षर के अगस्त में बैंक से उनका नाम हटाकर किसी और को जोड़कर अवैध रूप से पैसा निकासी की जा रही है। जबकि मनोज कुमार का कार्यकाल 20/अक्टूबर 2024 को समाप्त हो रहा है। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापिका कुशुम कुमारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि बिना सूचना एवं बिना हस्ताक्षर और बिना ग्रामसभा के दूसरे अध्यक्ष को चयनित कर विद्यालय की विकासखंड की राशि को गबन किया जा रहा है।

## मारपीट के आरोप में अभियुक्त गया जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पुलिस ने थाना कांड संख्या 36/2023 के प्राथमिकी अभियुक्त साने राजा को त्वरित करवाई के बाद गिरफ्तार कर मेदिनीनगर जेल भेज दिया है। इस सम्बंध में हैदरनगर थानान्तर्गत बहरपुरा गांव निवासी स्व. संतोष सिंह के पुत्र गौतम कुमार ने मोहम्मदगंज थाना में आवेदन देकर बताया कि 25 अगस्त की शाम कासीसोत डैम से घूमने के बाद वापस आने के क्रम में बटौआ में इमली पेंड़ के समीप 8 - 10 की संख्या में नकाबपोश हथियार से लैस युवकों ने घेरकर लाठी डंडे व लात घुसे से तब तक पिटाई की, जबतक वह बेहोश नहीं हो गया। घरवालों को इसकी जानकारी मिलने के बाद उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने पुलिस को बताया कि इससे पूर्व हैदरनगर बाजार स्थित हनुमान मंदिर के पास भी मारपीट की गयी थी। हैदरनगर पूर्वी व पश्चिमी पंचायत के प्रतिनिधियों की पहल पर दोनों पक्षों के बीच सुलह करायी गयी थी। पीड़ित गौतम ने इस मामले में हैदरनगर थाना के भाई बिगहा निवासी सिराज खान व खुशनवाज, कुड़वा खुर्द निवासी लाडले खान, तारा गांव निवासी नौशाद अंसारी, मोहम्मदगंज थाना के बटौआ निवासी साने रजा व सबनवा गांव निवासी गुड्डू खान को नामजद किया है। थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने बताया कि इस मामले में एक प्राथमिकी आरोपी साने राजा को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया है।

## दलित महिला की पिटाई मामले में अपराधियों की हो गिरफ्तारी : भीम आर्मी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** भीम आर्मी के नेतृत्व में पांकी में दलित महिला की पिटाई की मामले में पलामू एसपी से पीड़ित परिवार ने मुलाकात की है। ज्ञात हो की बीते 22 अगस्त को पांकी निवासी दलित महिला कमला देवी और उनकी बहन सबिता देवी पांकी में राम जानकी मंदिर के समीप स्थित पायल परी मोबाइल दुकान में ऑनलाइन गूगल पे पर किसी को पैसा ट्रांसफर कराने गई थीं। उसी दौरान पीड़िता द्वारा ऑनलाइन पेमेंट क ी प्राप्ति रसीद मांगने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर दुकान के संचालक सुरेंद्र प्रसाद और उसके पुत्र सुधांशु कुमार के द्वारा मार पीट की गयी। मामले पर पांकी थाना के द्वारा एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा भी दर्ज हुआ है। लेकिन अपराधी अभी तक गिरफ्तार नहीं हुये हैं। भीम आर्मी नेता नागमणि रजक



ने कहा कि दलित महिलाओं और उनके बच्चे को भरे बाजार में पीटने की घटना काफी निंदनीय है। यह एक महिला उत्पीड़न मामला है, जिसमें अपराधियों की तत्काल गिरफ्तार होनी चाहीए। उन्होंने प्रशासन पर आरोप लगाते हुये कहा कि पांकी थाना प्रशासन आरोपियों को गिरफ्तार करके कुछ समय थाना में बंद कर रात के 10 बजे चुपके से छोड़ देती है, जो बिलकुल भी असंवैधानीक रवैया है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुये कहा कि प्रशासन जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजे, नहीं तो भीम आर्मी महिलाओं पर हो रहे अत्याचार मामले में बिलकुल बर्दास्त नही करेगी और महिलाओं के सम्मान में सड़क पर उतरकर इस लड़ाई को मजबूती से लड़ेगी। मौके पर उपस्थित भीम आर्मी पलामू जिला मुख्य महासचिव सुहैल अंसारी ने कहा कि पलामू एसपी महोदया से पूरी उम्मीद है की महिला उत्पीड़न मामले को गंभीरता से लेकर कारवाई करेंगी ताकि इस तरह का महिला उत्पीड़न की घटना क्षेत्र में दुबारा से ना हो।

### कृषि कार्य कर बनें आत्मनिर्भर : ज़िप उपाध्यक्ष

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड सभागार में सोमवार को प्रखंड किसान सलाहकार समिति की बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने की। जबकि संचालन प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सुशील कुमार मिश्रा ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से महुअरी गांव निवासी व किसान जमुना प्रसाद सिंह को किसान सलाहकार समिति का अध्यक्ष चुना गया। वहीं प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी को जिला स्तरीय किसान सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में पलामू जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार की सोच है कि किसानों की आय दुगनी हो और इसको लेकर किसानों के हित के लिए विभाग के माध्यम से क्षेत्र में जो योजना चल रही है उसका जागरूकता के अभाव में किसान लाभ नहीं उठा पा रहे है। साथ ही उन्होंने समिति के सदस्यों को उनके दायित्वो को संबंध में जानकारी दी व कहा कि किसान सलाहकार समिति मुख्य रुप से किसान और सरकार के बीच एक कड़ी के रुप में काम करेगी। इस मौके पर जिप सदस्य रिंकी देवी, बीटीएम बरूण यादव, वहाब शाह, जाकिर अली, अरुण कुमार, अजीत मेहता, फुला देवी,सोना देवी, आशा देवी, पूर्व ज़िप सदय मदन पासवान, सुरेश यादव, रानी देवी, संजू देवी समेत कई लोगों शामिल थे।

### विधायक ने मन की बात को कार्यकर्ताओं के साथ सुना

**पाटन।** मंडल के हिसराबरवाडीह शक्ति केंद्र के बुथ संख्या 181, 182 पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात प्रसारित होने पर छतरपुर पाटन विधानसभा के विधायक पुष्पा देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह , जिला कार्यकारिणी सदस्य निरंजन पासवान, मंडल महामंत्री प्रदीप चंद्रवंशी, मंडल मंत्री आंनद सिंह अर्जुन तिवारी , युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह , ओबीसी मोर्चा के मंडल महामंत्री वीर बहादुर मेहता अजय मेहता बाल गोबिंद मेहता, सिरमा पंचायत संयोजक धीरेन्द्र सिंह सतोवा पंचायत प्रभारी राजीव पाण्डे, मंडल कार्यसमिति उमाशंकर सिंह, महिला नेत्री सुजाता सिंह नीलम कुमारी, मंडल कार्यसमीति बिरेंद्र शुक्ला,आनंद सिंह, अजीत मेहता ने मन की बात को सुना। इस कार्यक्रम को समाप्त होने के बाद विधायक पुष्पा देवी के द्वारा बरवाडीह मे नया लगे ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। उद्घाटन के मौके पर अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### संत तुलसीदास इंटर कॉलेज में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**विश्रामपुर।** रेहला-बी मोड़ स्थित संत तुलसीदास इंटर कॉलेज के सभागर में सोमवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रधांजलि सभा मे दिवंगत भाजपा नेता सतेंद्र नाथ चौबे उर्फ ललन चौबे के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। कॉलेज कर्मियों ने स्वड्ड चौबे के चित्र पर श्रद्धा-सुमन भी अर्पित किया। दिवंगत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया।कॉलेज के प्राचार्य अरुण कुमार धर दुबे ने कहा कि स्व. ललन चौबे प्रखर वक्ता थे। उनका असमय जाना साहित्य जगत को भी झकझोर कर रख दिया है। यहां उल्लेखनीय है कि संत तुलसीदास कॉलेज में सहायक के पद पर कार्यरत अमित चौबे पिंटू भाजपा नेता स्वड्ड ललन चौबे के बड़े पुत्र है। श्रद्धांजलि सभा मे लव शुक्ला,उमेश सिंह, अनिल चौबे, राजीव चौबे, रूपा कुमारी, अनिल शुक्ला, इरफान अहमद, सोनी कुमारी, सहित सभी कॉलेज कर्मी शामिल थे।

## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गढ़वा। (जिला आपूर्ति शाखा)

### सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा द्वारा राज्यसात वाद सं0–32/2022–23 में पारित अंतरिम आदेश के आलोक में आवश्यक वस्तु अधिनियम–1955 की धारा–07 के तहत जब्त–250 बोरा गेहूँ वजन लगभग–12500 किलोग्राम एवं 250 बोरा चावल वजन लगभग–12500 किलोग्राम को Auction Sale (निलामी बिकी) द्वारा बिकी किया जाना है।उक्त सामग्री के क्रय हेतु ईच्छुक केता दिनांक–04.09.2023 के अपराह्न 12:30 बजे जिला आपूर्ति पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय प्रकोष्ठ में उपस्थित होकर नीलामी बिकी भे भाग ले सकते हैं। ईच्छुक केता को अपने साथ पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं जी0एस0टी0 से संबंधित काजगात लाना अनिवार्य होगा।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 305672 (Food Public Distribution and Consumer Affairs) 23-24 (D)

## कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

### इच्छा की अभिव्यक्ति

(01/2023–24)

नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर क्षेत्रांतर्गत सभी वार्डो में डोर–टू–डोर (गीला एवं सूखा) अपशिष्ट संग्रहण एवं साफ–सफाई संबंधित संपूर्ण कार्य, जिसमें ट्रांसपोर्टेशन, गीले एवं सूखे कचरे का अलग–अलग संग्रहण आदि से संबंधित कार्य हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है:–

| क्र0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | श्री बंशीधर नगर, नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत साफ–सफाई | 5000.00 | 50000.00 |

1. प्री–बिड मीटिंग तिथि :– 05.09.2023 अप0 2:00 बजे से
2. दस्तावेजों की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि एवं समय :– 16.09.2023 अप0 2:00 बजे तक
3. हार्ड कॉपी जमा करने का स्थान :– कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।
4. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 16.09.2023 अप0 03:00 बजे से।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– प्रशासक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।
7. निविदा संबंधित जानकारी हेतु संपर्क सूत्र :– 9234256280
8. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक/अन्य नेशनलाईज बैंक द्वारा निर्गत डिमांड ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर उंटारी, नगर पंचायत के पदनाम से देय हो देना होगा।

अधिक जानकारी के लिये के बेबसाईट www.garhwa.nic.in, https://udhd.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
न0पं0, श्री बंशीधर नगर

PR 305668 Urban Development (23-24)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज

### अल्पकालीन आमंत्रण सूचना सं0 – 01/2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज।
2. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक–**12-09.2023** को 3:00 बजे अपराहन तक
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक–**13.09.2023** को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–**13.09.2023** 3.30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री का स्थान :– (1) **मुख्य अभियंता** (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड राँची, अभियंत्रण छात्रावास प्रथम तल्ला धुर्वा, राँची।
   (2) **आरक्षी अधीक्षक**, पलामू के कार्यालय परिसर में अधीक्षण अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ अंचल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।
   (3) **आरक्षी अधीक्षक**, पलामू के कार्यालय परिसर में कार्यपालक अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान :– क्रमांक 5 (पांच) में उल्लेखित कार्यालयो में निर्धारित स्थानों पर।
7. **कार्य का विवरण :–**

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Ordinary Repair Chainpur to Hutar Road. (Length- 32.05 km) (ODR) for the year 2023-24 | 25,00,000.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 02 Months |
| 2 | Special Repair of Daltonganj-Kutchery Chowk-Abadganj-SP Kothi-ROB-Forest Colony-Gayatri Mandir Road (Length-1.10/ 3.45 km) (ODR) for the year 2023-24. | 20,00,000.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 3 | Construction fo R.C.C Drain Near Kankari Village in Chainpur Hutar Road for the year 2023-24. | 25,00,000.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 4 | Road safety work on identified vulnerable spots in various Road under Road Division Daltonganj for the year 2023-24. | 30,00,000.00 | 60,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 5 | Yellow Blinker with sound total 116 nos installation work at intersection marked in various Chowk under Road Division, Daltonganj for the year 2023-24. | 37,00,000.00 | 74,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 6 | Ordinary Repair Panki to Herhenj (Total Length - 18.00 Km) Road for the year 2023-24. | 50,00,000.00 | 1,00,000.00 | 5,000.00 | 02 Months |
| 7 | Renovation work of Executive Engineer Residence, Road Division, Daltonganj for the year 2023-24. | 10,00,000.00 | 20,000.00 | 1,250.00 | 03 Months |
| 8 | Repair and Maintenance work of Office of the Executive Engineer, under Road Division Daltonganj for the year 2023-24. | 20,00,000.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 9 | Repair work of Gantry of various roads under Road Division Daltonganj for the year 2023-24. | 10,00,000.00 | 20,000.00 | 1,250.00 | 02 Months |
| 10 | Ordinary Repair and Painting work of railing of High Level Bridge located in the 1st Km of Saglim Tarhasi Padma Road under Road Division, Daltonganj for the year 2023-24. | 8,00,000.00 | 16,000.00 | 1,250.00 | 02 Months |
| 11 | Restoration/ Repair/ Painting work of Missing / Damage K. M. Post of various Road under Road Division, Daltonganj for the year 2023-24. | 10,00,000.00 | 20,000.00 | 1,250.00 | 03 Months |
| 12 | Renovation and Repair work of Patan I.B. under Road Division Daltonganj for the year 2023-24. | 10,00,000.00 | 20,000.00 | 1,250.00 | 02 Months |
| 13 | Emergent Repair of Kajri-Patan-Manatu (Length - 36.00 Km) Road Under Vivekadhin for the year 2023-24. | 5,78,160.00 | 12,000.00 | 1,250.00 | 02 Months |

**नोट:–** (1) निविदा आमंत्रण सूचना www.prdjharkhand.in एवं निविदा की शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
(2) निर्धारित निविदा तिथि को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने पर निविदा आमंत्रण की तिथि अगले कार्य दिवस को होगी।
(3) प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 305733 Road(23-24)#D

# एसपी व डीटीओ के आदेश पर चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिशमा रमेशन और डीटीओ के आदेश पर सोमवार को ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में छह मुहान चौक के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान करीब एक दर्जन से अधिक दो पहिया वाहन को बिना हेलमेट पकड़ कर उसका ऑनलाइन चालान किया गया।मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने बताया कि लाख मना करने के बाद भी लोग ट्रिपल ड्राइव और बिना हेलमेट के वाहन चलाना नही छोड़ रहे हैं।लोग ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर वाहन चला रहे हैं। जिसके वजह से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। ट्रैफिक प्रभारी ने पकड़े गए सभी वाहन मालिकों को सड़क सुरक्षा जागरूकता किताब देकर आग्रह किया है कि किताब को पढ़े और ट्रैफिक नियम का पालन करें। ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में लगभग एक दर्जन से अधिक वाहन को पड़कर डीटीओ ऑफिस के कर्मचारियों के सहयोग से मोटरसाइकिल का ऑन द स्पॉट ऑनलाइन चालान किया गया। मौके पर ट्रैफिक पुलिस संतोष कुमार, सहायक पुलिस के जवान अमित कुमार, हरेंद्र कुमार, शीतल कुमार, अंतेश कुमार सहित अन्य सहायक पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय चैनपुर शाखा में

# रक्षासूत्र बांधकर दिया गया पवित्रता का संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के चैनपुर शाखा द्वारा सोमवार को रक्षाबंधन के पावन पर्व के उपलक्ष्य में रक्षा सूत्र बांधकर सभी को पवित्रता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर हजारीबाग से आई ब्रह्माकुमारी हर्षा दीदी, चैनपुर शाखा की संचालिका ब्रह्माकुमारी किरण दीदी, ब्रह्माकुमारी तृप्ति दीदी, ब्रह्माकुमारी महक नंदनी उपस्थित रहीं। ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा कई विशिष्ट अतिथियों को रक्षासूत्र बांध कर पवित्रता की प्रतिज्ञा कराई गई तथा खर्ची के रुप में उनके जीवन की बुराईयों विकारों व्यसनों को दान के रुप में अर्पित करवाया गया। सभी को आत्म स्मृति का तिलक लगाकर प्रेम और सद्भावना रुपी रक्षासूत्र बांध कर खुशनुमा जीवन का वरदान देते हुए मधुर व्यवहार की मिठाई से सबका मुख मीठा कराया गया। इस प्रकार के ज्ञान के रहस्यों को बताते हुए बहनों द्वारा परमात्म मयार्दाओं की राखी बांधी गई। इस रक्षा सूत्र को बढ़ने से सभी प्रकार के रोग अशुद्ध संकल्प नाश हो जाता है राखी का यह पावन पर्व महज भागों का त्यौहार नहीं बल्कि मानव में पवित्रता की धारण करने वाले अमूल्य उपहार है। इस मौके पर चैनपुर के प्रमुख गायत्री देवी ,छतरपुर हाई स्कूल के प्रिंसिपल रूबी देवी ,सलतुवा ग्राम की मुखिया चिंतामणि देवी ,थाना प्रभारी भगवान सिंह ,पीके मेडिकल के संचालक रामराज प्रसाद गुप्ता ,डॉक्टर रामनरेश सिंह इत्यादि समेत लगभग एक सौ लोगों ने यह परमात्मा स्मृति तथा परमात्मा प्यार रूपी रक्षाबंधन को बंधवाकर अपनी रक्षा की साथ-साथ समाज की रक्षा की प्रतिज्ञा की। सभी अतिथियों ने आध्यात्मिक भावनाओं के अनुभवों से अभिभूत होकर ब्रह्मकुमारी बहनों का धन्यवाद किया।

## NEWS इन ब्रीफ

### स्थाई डंपिंग यार्ड के निर्माण की हो पहल: धीरज

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा ने गढ़वा शाहपुर सड़क किनारे नगर निगम की लापरवाही की ओर सब का ध्यान आकृष्ट कराया है। जिस कारण सड़क से गुजरने वाले मुसाफिरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर निगम द्वारा कूड़ा कचड़ा की सफाई कराकर छाई डस्ट से भरावट कर स्थान को साफ कर दिया गया है। वहीं नगर निगम अंतर्गत घरों का कूड़ा कचड़ा के लिए स्थाई तौर पर शहर से बाहर डंपिंग यार्ड का निर्माण कराये जाने की जरूरत पर बल दिया है। ताकि शहर वासियों एवं आम जनमानस को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। मालूम हो कि गढ़वा शाहपुर मुख्य सड़क के किनारे मेदिनीनगर शहर का कूड़ा कचरा फेके जाने के कारण कचरा से निकल रहे दुर्गंध के कारण राहगीरों का उस सड़क से गुजरना मुश्किल हो गया था। कचरा का ढेर जमा होने के कारण दिन भर दर्जनों जानवरों गाय कुता द्वारा जमा कूड़ा कचरा खाने के लिए सड़क पर जमा होने के कारण वाहन चालकों को भी वाहन चलाने में परेशानी उठानी पड़ रही थी।

### 3 दिवसीय शिविर के अंतिम दिन किया दवा वितरण

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र में पशुओं में व्यापक स्तर पर फैली लंपी, सुजन सहित अन्य विभिन्न मौसमी बीमारियों की रोकथाम और उनसे बचाव के लिए महीनों से परेशान पशुपालकों के बीच दवाओं के वितरण को लेकर पंचायत सचिवालयों में 3 दिवसीय शिविर के अंतिम दिन सोमवार को सुदूरवर्ती गांव माहुर में दवा का वितरण किया गया। 44 पशुपालकों में दवाओं का वितरण किया गया। जिससे पशुपालकों ने राहत की सांस ली है। दवा वितरण में एआई टेक्नीशियन अभिषेक यादव, राजेन्द्र विश्वकर्मा, संतोष मेहता, धर्मेंद्र राम और अनुसेवक विपीन बैठा उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने पीसी व पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत कार्यों की समीक्षा की

## सभी अल्ट्रासाउंड क्लीनिकों के नियमित व औचक निरीक्षण का निर्देश


**अगर कोई भी अल्ट्रासाउंड क्लिनिक पीसीपीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें : उपायुक्त**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने सोमवार को पीसी एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने जिले में रजिस्टर्ड अल्ट्रासाउंड क्लिनिकों की जानकारी ली और पीसीपीएनडीटी टीमों को जिले में अवैध रूप से संचालित होने वाले अल्ट्रासाउंड केंद्रों की लगातार जांच करते रहने का निर्देश दिया। अल्ट्रासाउंड क्लिनिक में अपना जांच करवाने हेतु आनेवाली संबंधित महिला की पूरी जानकारी यथा उसका एड्रेस, फोन नंबर इत्यादि रखने की बात कही। कहा कि अगर कोई भी अल्ट्रासाउंड क्लिनिक पीसीपीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को लिंग परीक्षण करने वाले अल्ट्रा साउंड केंद्रों का सीधे तौर पर लाइसेंस रद्द करते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावे बैठक में मशीन परिवर्तन व चिकित्सा बदलने के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में विभिन्न अल्ट्रासाउंड में नये मशीन का अधिष्ठापन या चिकित्सा बदलने के संबंध में भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह, डॉ रवि, डॉ अर्चना तिवारी, अधिवक्ता अतुल कुमार सिंहा, डॉ अभय कुमार, स्वर्णलता, समाजसेवी गजेंद्र कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कीटनाशक दवा खाकर युवक ने की आत्महत्या




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम मेराल निवासी प्रमोद कुमार सिंह उम्र 40वर्ष ने घरेलू विवाद में कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार प्रमोद कुमार सिंह का सोमवार की सुबह अपने घर में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इसी बीच उन्होंने घर में रखी कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। जिसमें उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं मौत की घटना के बाद से परिजनों का सदर अस्पताल में रो-रोकर बुरा हाल था।

### अन्तिम सोमवारी के दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**पांकी।** प्रसिद्ध राहेवीर शिव पहाड़ी मंदिर में सावन माह की अंतिम सोमवारी के दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। मंदिर पूजा समिति के अध्यक्ष निरंजन कुमार सिंह ने बताया कि सावन माह की सोमवारी के दिन राहेवीर शिव पहाड़ी मंदिर में क्षेत्र के विभिन्न गांव से पूजा अर्चना करने के लिए लोग आते हैं। विशेष कर अंतिम सोमवारी के दिन हजारों हजार की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रहती है। निरंजन सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन माह के अंतिम सोमवारी के दिन महाभंडारे का आयोजन किया गया है, जिससे हजारों श्रद्धालु भंडारा का आनंद उठा रहे है।

## आग से जलकर 45 वर्षीय व्यक्ति की स्थिति गंभीर

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ओरिया गांव निवासी उपेंद्र मेहता आग से जलकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार उपेंद्र मेहता उम्र 45 वर्ष रविवार की शाम अपने घर में खाना बना रहे थे। इसी बीच वह आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए लेस्लीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां इलाज के बाद भी उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया। जहां इलाज के बाद भी उपेंद्र मेहता की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### शहर को मिला एक नया फैमिली रेस्टोरेंट 'नैवेद्यम'

# स्वाद, स्वच्छता व शुद्धता लोकप्रियता के लिए जरूरी : अपर समाहर्ता

## साऊथ इंडियन, नार्थ इंडियन, कोनटीनेण्टल व चाइनीज व्यंजनों के स्वाद के साथ मिलेगी होम डिलेवरी की सुविधा भी : संचालक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के रेड़मा चौक के समीप अमृत होटल के सामने नैवेद्यम फैमिली रेस्टोरेंट का उदघाटन सोमवार को पलामू के अपर समाहरता सुरजीत कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। मौके पर श्री सिंह ने संचालकों को शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि शुद्धता और स्वाद रेस्टोरेंट का मुख्य कारक है। इस पर खरा उतरकर इस व्यवसाय में सफलता अर्जित की जा सकती है। उन्होंने कहा कि व्यंजनों का स्वाद ही ग्राहकों को रेस्टोरेंट से जोड़े रखता है।इस अवसर पर कॉग्रेस के युवा नेता रूद्र शुक्ला, धनंजय त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश 'अमरेंद्र ',सतीश सुमन, अरुण शुक्ला, संजय कुमार पाण्डेय, करण, अजय कुमार पाण्डेय, विजय कुमार पाण्डेय, राजन पाण्डेय, सुमित पाण्डेय, अजय तिवारी, परशुराम सेना के जिला अध्यक्ष विकास दुबे समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। जानकारी देते हुए रेस्टोरेंट के संचालक शुभम कुमार पाण्डेय, सुमीत कुमार पाण्डेय व विकास कुमार द्विवेदी ने बताया कि इस रेस्टोरेंट में साउथ इडियन, नार्थ इंडियन, कोनटीनेन्टल व चाइनीज व्यंजनों के साथ साथ स्थानीय स्तर के एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों की व्यवस्था होगी। संचालकों ने बताया कि रेस्टोरेंट में स्वच्छता एवं शुद्धता की पूरी गारंटी रहेगी। इसके अलावे होम डिलीवरी की भी सुविधा मिलेगी। बताया गया कि इस रेस्टोरेंट में बर्थडे, एनीवरसरी आदि पार्टियों के लिए विशेष सुविधा प्रदान की जायेगी।

# तीन अति महत्वपूर्ण डॉक्टरों के पद पलामू में खाली




**स्वीटी वर्मा**

**मेदिनीनगर।** स्वास्थ्य विभाग में तीन पद पिछले तीन हफ्तों से खाली हैं। पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने इस बात की पुष्टि की है। ये तीन पद हैं अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला टीवी अधिकारी और जिला कुष्ठ रोग पदाधिकारी। सिविल सर्जन ने प्रेस को बताया कि अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी का पद नियमित रूप से खाली हैं। क्यों कि किसी की भी पदस्थापना अभी तक नहीं की गई है। सिविल सर्जन ने यह कहा कि सरकार की एक चिट्ठी आई हुई है। जिसमें यह उल्लेखित किया गया। यदि किसी जिले में अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी का पद खाली हो तो उस जिले के सिविल सर्जन मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी होते हुए अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के दायित्व का निर्वहन करेंगे। उन्होंने बताया कि पलामू पलामू में एक डॉक्टर अनिल कुमार श्रीवास्तव थे। वह सरकार के द्वारा नामित जिला कुष्ठ रोग पदाधिकारी थे और साथ ही साथ वह टीवी पदाधिकारी के अतिरिक्त प्रभार में भी थे। अभी हाल के दिनों में किए गए डॉक्टरो के तबादले में यहां के भी डॉक्टर अनिल कुमार श्रीवास्तव का तबादला गढ़वा के सदर अस्पताल में हो गया है। डॉक्टर श्रीवास्तव के तबादले से इस साल एक साथ दो पदाधिकारी का पद खाली हो गया एक है, जिला कुष्ठ रोग पदाधिकारी और दूसरा जिला टीवी पदाधिकारी। डॉ अनिल कुमार ने बताया कि एक वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गई है जिसमें डॉक्टर विजय कुमार सिंह को जिला टीवी पदाधिकारी का अस्थाई प्रभार दिया गया है। डॉक्टर विजय कुमार सिंह इस समय डीएस के पद पर कार्यरत है। सिविल सर्जन ने आगे बताया डॉक्टर एस .के रवि को जिला कुष्ठ रोग पदाधिकारी का अस्थाई प्रभार दिया गया है सिविल सर्जन ने यह बात मानी कि यह पूरी व्यवस्था एक आपातकाल जैसी व्यवस्था है ।उन्होंने बताया सरकार से जैसे ही इन तीनों पदों पर पदस्थापन कर दी जाएगी। वैसे ही यह अस्थाई व्यवस्था तीनों डॉक्टर के पदस्थापित होते ही खत्म हो जाएगी। यानी डॉक्टर विजय कुमार सिंह और डॉक्टर एस. के. रवि के पास क्रमशः जिला टीवी पदाधिकारी और जिला कुष्ठ रोग पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार नहीं रहेगा।

# इप्टा की संस्कृतिक पाठशाला की 19वीं कड़ी संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अंधविश्वास और अंधश्रद्धा के खिलाफ लड़ाई की लंबी परंपरा है। इस परंपरा में भक्ति काल के संत कबीर सहित अन्य लोग शामिल हैं। आज भी यह लड़ाई जारी है। इसी का परिणाम है कि आज हम चंद्रयान और चांद पर जाने की बात करते हैं। परंतु ध्यान रहे कि राजनीति में अंधश्रद्धा और अंधभक्ति तानाशाह को पैदा करता है। अंधविश्वास व अंधश्रद्धा देश को गर्त में ले जाता है। उक्त बातें संस्कृतिक पाठशाला की 19वीं कड़ी में आयोजित अंधविश्वास और अंधश्रद्धा वरदान या अभिशाप विषय पर चर्चा के दौरान बोलते हुए इप्टा के राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र कुमार ने कही। चर्चा के क्रम को आगे बढ़ते हुए झारखंड इप्टा के महासचिव उपेंद्र मिश्रा ने कहा कि विज्ञान की इतनी तरक्की के बावजूद आज अंधविश्वास हावी है। साथ ही अंधश्रद्धा बड़े पैमाने पर बढ़ा है। प्रेम प्रकाश , अधिवक्ता नंदलाल सिंह , शिव शंकर प्रसाद, नितेश यादव वरिष्ठ इप्टाकर्मी सुरेश सिंह, ललन प्रजापति युवा कवि घनश्याम कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुये वैज्ञानिक चेतना के विस्तार पर जोर दिया। जेम्स हेरेंज ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि धर्म धर्म, सत्ता और बाजार तीनों ही अंधविश्वास और अंध श्रद्धा को बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। हमें अपनी आंखें खुली रखनी होगी। समाज, सत्ता और बाजार की घटनाओं पर वैज्ञानिक सोच के साथ विचार करना होगा। उक्त कार्यक्रम अध्यक्षता अच्छे लाल प्रजापति एवं जेम्स हेरेंज ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन और विषय प्रवेश अच्छे लाल प्रजापति और जेम्स हेरेंज ने धन्यवाद प्रेषित करते हुए संस्कृतिक पाठशाला के 19वीं कड़ी का समापन किया। मौके पर अनुभव मिश्रा, अभय मिश्रा, भोला कुमार, जावेद अख्तर अंसारी, संजीत दुबे, संजीव कुमार संजू, अजीत कुमार, भोला कुमार, अमित कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### नावा जयपुर थाना प्रभारी ने किया पौध रोपण



**पाटन।** नावा जयपुर थाना परिसर में रविवार को पौधा रोपन कार्यक्रम का आयोजन थाना प्रभारी संजय रजक के नेतृत्व मे किया गया। पर्यावरण का संरक्षण देते हुए थाना प्रभारी पौधा रोपन कर कहे कि हर व्यक्ति को पर्यावरण बचाने के लिए पौधा लगाना जरूरी है। जिससे पर्यावरण शुद्ध रहेगा।

### भाजपा की बैठक में जिला अध्यक्ष ने दिये

# 13 को बाबूलाल की संकल्प यात्रा को सफल बनाने के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी पलामू की बैठक आज जिला कार्यालय पलामू में आयोजित की गई। यह बैठक झारखंड प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा को लेकर हुई। इस बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय नंद पाठक ने की एवं संचालन महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष लातेहार राजधानी यादव ने कहा कि बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा के तहत पूरे प्रदेश भ्रमण पर हैं। इस संकल्प यात्रा के तहत 13 सितंबर 2023 को चतरा जिला में कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात पलामू के पांकी विधानसभा में सबसे पहले उनका आगमन होगा। भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक ने कहा की प्रदेश अध्यक्ष के इस संकल्प यात्रा को भव्य और विशाल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में हर बूथों से कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में पहुंचे । उन्होंने कहा कि 13 सितंबर को पलामू जिले के पांकी विधानसभा में बाबूलाल के आगमन के बाद नीलांबर पितांबरपुर मध्य विद्यालय के मैदान में विशाल जनसभा का आयोजन होगा। साथ ही उसी दिन मेदिनीनगर के हाउसिंग क्लोनी में डाल्टनगंज विधानसभा की विसाल जनसभा होगी। 14 सितंबर को फुलवारी मैदान छतरपुर में छतरपुर विधानसभा की विशाल जनसभा एवं उसी दिन अनुमंडल मैदान जपला में हुसैनाबाद विधानसभा की विशाल जनसभा होगी। जिला अध्यक्ष ने कहा कि सभी विधानसभाओं के कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं। बाकी विधानसभा में विधायक शशि भूषण मेहता, डाल्टनगंज विधानसभा में विधायक आलोक चौरसिया, छतरपुर विधानसभा में विधायक का पुष्पा देवी, विश्रामपुर विधानसभा में काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कोनवाई में की गई शिव चर्चा आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ब्रह्मांड संचालन में जब पेंच अटकता तब देवताओं का समूह शिव के चर्चा करने के लिए शिव दरबार पहुँचते हैं। इस तरह से शिव सब के गुरु हो गए। इस परम्परा के मर्म को बहुत ही मशक्कत के बाद कठिन साधना के बदौलत भाई हरिन्द्रानंद ने जाना और शिवचर्चा को जनमानस के बीच ले गए एवं उन्होंने बताया कि मानव की मुक्ति शिवशिष्यता से ही सम्भव है। इसके लिए उन्होंने तीन सूत्र दिया और शिवचर्चा की शुरूआत की। आज हम सभी उनके बताए मार्ग पर चलते यहाँ तक पहुँचे है। पांकी प्रखण्ड के कोनवाई में कामेश सोनी द्वारा आयोजित शिवचर्चा में बतौर मुख्य अतिथि अविनाश देव ने उक्त बातें कहीं। चर्चा में मुख्य तौर पर गोकुलानन्द तिवारी, ओंकार तिवारी, अमोद भैया, प्रयाग पांडे, नरेश सिंह,

### संत मरियम स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता संपन्न

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के कजरी और आवासीय शाखा में सोमवार को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । वर्ग नर्सरी से द्वितीय तक के विद्यार्थी ने इस स्पर्धा में हिस्सा लिया । प्रतियोगिता में बच्चों ने अलग अलग स्वरूप में खुद को प्रस्तुत किया। मौके पर स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा की ऐसे फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता से बच्चों को अलग-अलग महान विभूति को जानने और समझने का अवसर मिलता है । बच्चें उनके आदर्शों को अपनाकर जीवन में सफलता की ओर अग्रसर होते है । संत मरियम स्कूल के बच्चें अध्ययन के साथ साथ विभिन्न कलाओं में भी निपुण है । हम प्रत्येक बच्चे की सोच और स्थिति के अनुसार उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

### बैठक | डॉ .कौशिक मल्लिक बने बंगीय दुगार्बाड़ी पूजा उप समिति के अध्यक्ष

# दुर्गा पूजा आयोजन उप समिति का गठन, आरती में महिलायें बजायेंगी ढाक

**हर वर्ष बंगाल से दुर्गा बाड़ी में पुरुष ढाक बजाने वाले ही आते थे**




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय बंगीय दुगार्बाड़ी के सभागार नंदब्रतों बोराल की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गयी। मौके परं वर्ष 2023 के दुर्गा पूजा आयोजन उप समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से डॉ कौशिक मल्लिक को दुर्गा पूजा आयोजन उप समिति का अध्यक्ष चुना गया। सचिव जयंत विश्वास उर्फ बाबनी तथा कोषाध्यक्ष अमर कुमार भांजा व शिवेश मोइत्रा चुने गए। महिला समिति की सचिव जया चक्रवर्ती चुनी गईं। पूजा समिति का विस्तार अगली बैठक में किया जायेगा। दुर्गा बाड़ी संचालन समिति के सचिव दिवेंदु गुप्ता ने बताया की बैठक में तय किया गया है कि इस बार दुर्गा पूजा के चारो दिन पश्चिम बंगाल के चित्तरंजन से महिला ढाकि बुलायी जाएं। ज्ञात हो की हर वर्ष बंगाल से दुर्गा बाड़ी में पुरुष ढाक बजाने वाले ही आते थे, अब उनके साथ महिला ढाक बजाने वाली आने से इसकी भव्यता और बढ़ेगी। दुर्गा बाड़ी में शाम को जब आरती होता है तो ढाक के साथ नृत्य भी होता है , जो आकर्षण का केंद्र रहता है। ऐसा माना जा रहा है की इस वर्ष महिला ढाकी के आ जाने से इसका आकर्षण और भी बढ़ जायेगा। भीड़ अधिक होगी जिसके लिए अलग से इंतजाम किया जा रहा है। इसके अलावा सप्तमी, अष्टमी और नवमी को सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा, जिसमे पारंपरिक बंगला कार्यक्रमों के साथ हिंदी के कार्यक्रम भी होंगे। इसमें नाटक, गीत, नृत्य, चित्रांकन, क्विज आदि के कार्यक्रम व प्रतियोगिता होगी। बैठक में मुख्यरूप से सतेंद्र नाथ भट्टाचार्य, देवी प्रसाद बनर्जी, अरुण राय, दीपक कुमार बागची, पार्थ प्रतिम गुप्ता, शौभिक दत्ता, गौतम घोष, सुमित भट्टाचार्य, काजल घोष, मल्लिका मोइत्रा, लिपि गुप्ता, पृथा भट्टाचार्य, रीमा बोराल, तमन्ना मल्लिक, अशोक कुमार चक्रवर्ती, असित साहा, दीपू साहा, गौतम राय, सुमित डे, सौभिक बोराल, नयन गोस्वामी, प्रणव सेनगुप्ता, विश्वजीत दत्ता, देवासिष सेनगुप्ता आदि मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन दुर्गा बाड़ी संचालन समिति के अध्यक्ष देवेश मोइत्रा ने किया।

# 'भक्ति का निश्चय प्रभु को प्राप्त करने का पहला साधन'



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
भक्ति का निश्चय होनेपर ही इन्द्रियोंको अपने वशमें रखनेकी आवश्यकता प्रतीत होती है, कुविचार क्षीण हो जाते हैं और उच्च अवस्था प्राप्त हो जाती है। अरी बुद्धि! तू भगवान के चरण-सरोवरमें जा बस, जहां न तो कभी प्रेम-वियोग होगा और न रोग, दुःख या शोक ही है तथा रात-दिन 'राम-राम' की वर्षा हो रही है। कल करना हो सो आज ही कर लो और जो आज करना हो, उसे अभी कर लो, पलमें मृत्यु हो जायेगी, फिर कब करोगे। लोग कैसे बावले हैं जो झूठे सुखको सुख कहते हैं और मनमें मोद मानते हैं। अरे! यह जगत तो काल का चबैना है। कोई कालके मुखमें है तो कोई हाथमें। जगत का जीवन पानीके बुल बुले के समान है, एक उठता है तो दूसरा बिला जाता है। कामवासना जाग्रत होने पर नामकी धुन लगा देनी चाहिये। जोर-जोर से कीर्तन करने लगना चाहिये। हरि नाम जपते समय सब लोग सोते हैं, उस समय वे परलोक का काम बनाया करते हैं। वे बाहर का दिखावा बिल्कुल ही पसंद नहीं करते। इस जगत में करोड़ों आदमी प्रभुके उपासक कहलाते हैं, परंतु सच्चे उपासक कौन हैं तथा प्रभु किनके साथ हैं? जो ईश्वरसे डरकर चलते हैं तथा अपने स्वार्थका नाश करके भी दूसरोंका हित करते हैं, वे ही सच्चे उपासक हैं और भगवान भी उन्हीं के साथ। मान - बड़ाई अथवा प्रतिष्ठा की इच्छा करना मृत्युकी इच्छा करनेके समान है। अच्छे-अच्छे पुरुष भी इसमें फंसकर साधनसे च्युत हो जाते हैं। प्राण चाहे छूट जायं, परंतु प्राणप्रियतम परम प्रेमास्पद प्रभुकी स्मृति एक क्षणके लिये भी हृदयसे न हटे। जगत की प्रभुता कैसी है, जैसे सपनेमें मिला हुआ पराया खजाना। जागने पर जैसे उस खजानेका कुछ भी नहीं रहता, वैसे ही जगत की प्रभुता भी वास्तवमें कुछ भी नहीं है। जैसे एक ही अग्नि भिन्न-भिन्न काठोंमें प्रवेश करके अनेक प्रकारके रूपवाला हो जाता है, इसी प्रकार एक ही आत्मा भिन्न-भिन्न भूतोंमें भिन्न-भिन्न प्रकारका हो जाताहै। अहंकार के कारण ही आत्माको 'मैं देह हूँ' ऐसी बुद्धि होती है और इसीके कारण यह सुख-दुःखादि देनेवाले जन्म-मरणरूप संसारको प्राप्त होता है। यदि कोई पिता या पुत्र मर जाता है तो मूढ़ लोग ही उसके लिये छाती पीटकर रोया करते हैं। ज्ञानियोंके लिये तो इस संसारमें किसी का वियोग होना वैराग्यका कारण होता है और वह सुख-शान्तिका विस्तार करता है। कछुए के पीठपर चाहे बाल उग जायं, बन्ध्याका पुत्र किसीको मार डाले, आकाशमें फूल लग जायँ, मृग-जल से प्यास मिट जाय, खरगोशके सींग आ जाये, अंधकार सूर्यका नाश कर दे और बर्फमें अग्नि प्रकट हो जाय, परंतु राम से विमुख मनुष्य कभी सुखी नहीं हो सकता।

# बरडीहा ग्राम के समीप अनियंत्रित होकर टेंपू पलटा, 8 लोग घायल

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
नगर उंटारी-धुरकी मार्ग पर बरडीहा ग्राम के समीप टेंपू पलटने से आधा दर्जन लोग घायल हो गये। स्थानीय लोगो के सहयोग से घायलों को एम्बुलेंस (108) से अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। घायलों में धुरकी थाना क्षेत्र के अम्बा खोरेया निवासी राजा सिंह, उनकी पत्नी शीला देवी, पुत्री अणु कुमारी, संत कुमार सिंह, उनकी पत्नी अमरावती देवी, पुत्री उर्मिला कुमारी शामिल हैं। घटना के संबंध



में घायल संत कुमार सिंह ने बताया कि वे लोग राजा पहाड़ी शिव मंदिर से दर्शन कर अपने घर अम्बा खोरेया टेंपू से जा रहे थे। इसी बीच बरडीहा ग्राम के समीप टेंपू अनियंत्रित होकर पलट गया।

## जिले के विभिन्न प्रखंडों में श्रद्धालुओं ने कांवड़ यात्रा निकाल कर किया जलाभिषेक

# अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
सावन की अंतिम सोमवारी के अवसर पर शिव पहाड़ी गुफा मंदिर विकास समिति के द्वारा सोमवार को कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। कांवड़ यात्रा में भवनाथपुर और केतार थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के श्रृद्धालु शामिल हुए। केतार स्थिति पंडा ढाढ़रा नदी के संगम पर विधिवत पूजा अर्चना और मंत्रोच्चार कर विद्वानों ने श्रृद्धालुओं के कलश में जल भरवाया। इसके पश्चात डीजे के धुन पर थिरकते हुए श्रद्धालु नंगे पांव हर हर महादेव, जय शिव शम्भू का जय घोष करते हुए 15 किलोमीटर की दूरी तय कर पंडरिया पंचायत के गोड़गावा स्थिति शिव पहाड़ी गुफा मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस अवसर पर केतार पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार और कमलापुरी वैश्य समाज के द्वारा कोल मोड़ और भागवन घाटी के समीप श्रृद्धालुओं के लिए जलपान का प्रबंध किया गया। कांवड़ यात्रा के दौरान केतार - भवनाथपुर मुख्य पथ लगभग 2 घंटा जाम रहा, यात्रियों को काफी परेशानी हुई।





## शिवालियों व मंदिरों में किया गया जलाभिषेक

**डंडई।** प्रखंड के विभिन्न मंदिरों व शिवालयों में सावन के अंतिम सोमवारी पर शिव भक्त श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। सुबह से ही शिवालियों और मंदिरों में श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहा। बाबा मंगरदह महादेव मंदिर में सैकड़ों कांवड़ियों एवं डाकबम ने छत्तीसगढ़ के बालचौरा से जल उठाकर बाबा मंगरदह महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। इधर सोनेहरा, जरही, रारो तथा जर्दे सहित विभिन्न गांवों के शिवालियों में शिव भक्त अहले सुबह से ही पूजा अर्चना के कार्य में जुटे रहे।

## अंतिम सोमवारी पर निकली कांवड़ यात्रा

**भवनाथपुर।** सावन माह के अंतिम सोमवार को घाघरा स्थित शिव पहाड़ी गुफा मंदिर कमेटी के तत्वाधान में भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। कांवड़ यात्रा में हजारो की तादाद में महिला पुरुष व बच्चे शामिल हुए। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ने लगी थी। करीब 9 बजे शिवपहाड़ी गुफा से कांवड़ यात्रा शुरू हुआ, जो 12 किमी दूर केतार पहुंचे तथा वैद्दिक मंत्रोच्चार के बाद पंडा नदी तट से शिवभक्तों ने अपने अपने कलश में जल भर पदयात्रा करते हुए पुनः शिवपहाड़ी गुफा पहुंच धूमधाम से भगवान शिव का जलाभिषेक व रुद्राभिषेक किया गया। शाम तक चले कार्यक्रम में भारी संख्या में शिवभक्तों ने शिरकत की। मंदिर प्रांगण में भीड़ को देखते हुए पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये थे। मंदिर विकास समिति के द्वारा भंडारा का भी आयोजन किया गया था। कांवड़ यात्रा के दौरान भवनाथपुर केतार मुख्य पथ पर असनाबांध यात्री शेड के समीप जिपस, कपूर्री चौक के समीप मनपसंद ड्रेसेज के प्रो, सुनील गुप्ता तथा रेलवे साइडिंग के समीप दीक्षा कंस्ट्रक्शन के कृपाशंकर जायसवाल के द्वारा शिवभक्तों के लिए शर्बत व पानी की व्यवस्था की गई थी। थाना प्रभारी रामेश्वर उरांव, एएसआई अभिमन्यु सिंह, रबुल अंसारी व पुलिस के जवान सुरक्षा व्यवस्था में चल रहे थे। मंदिर परिसर में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई थी। यात्रा को सफल बनाने में गुफा मंदिर समिति के अध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता, रामविजय साह, लालबहादुर साह, अरुण गुप्ता, सिकंदर साह, भाजपा नेता अनिल चौबे, भानु गुप्ता आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## महादेव मंदिर के वार्षिकोत्सव पर निकली कलश यात्रा, माहौल हुआ भक्तिमय

**विशुनपुरा।** नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के प्रथम वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मंदिर परिसर निकलकर चकचक मोड़ गांधी चौक मेन रोड होते हुए बांकी सूखडा नदी संगम स्थल पर पहुचीं जहां अयोध्या से आए आचार्य प्रकाश ओझा के द्वारा मंत्रोचारण के बीच कलश में जल भरकर श्रद्धालुओं ने नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अरविंद प्रताप देव ने बताया कि नर्मदेश्वर महादेव मंदिर कोचेया विशुनपुरा की आज पहली वर्षगांठ मनाई जा रही है। वहीं मंदिर के पुजारी प्रवीण



पांडेय ने बताया कि मंगलवार को नर्मदेश्वर महादेव के भव्य रुद्राभिषेक की तैयारी चल रही है। कलश यात्रा में मुख्य अतिथि कृपाल सिंह, लक्षमण राम, मुखिया ददन सिंह, कृष्णा विश्वकर्मा, प्रवीण यादव, सचिव रविंद्र प्रताप देव, कोषाध्यक्ष राजदेव प्रसाद, संयोजक आलोक प्रताप देव, राजेंद्र प्रसाद सुनील मेहता, लक्ष्मी गुप्ता, प्रमोद गुप्ता सहित हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वहीं विशुनपुरा का बहुचर्चित विष्णु मंदिर समिति द्वारा हरेक वर्ष की तरह इस वर्ष भी कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विष्णु मंदिर के अध्यक्ष नारायण शर्मा, सचिव नवल किशोर गुप्ता, पुरोहित त्रिदीप मिश्रा, कोषाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद, सचिन गुप्ता, छुनु ठाकुर, महेंद्र चंद्रवंशी, संजय चद्रवंशी, पुलिस प्रशासन दल बल के साथ श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# छात्राओं ने मेडल जीत किया नाम रोशन

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**
खेलो इंडिया महिला पेंचेक सिलेट लीग में एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्डन स्कूल मेराल की छात्राओं ने गोल्ड एवं सिल्वर मेडल जीत कर मेराल का नाम रोशन किया है। इस संबंध में विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र देव ने बताया कि 27 अगस्त को गढ़वा जिले के कोच रामप्रवेश तिवारी के नेतृत्व में रांची स्थित विश्वकर्मा स्कूल प्रभात तारा खेल के मैदान में झारखंड पेनचेक सिलाट प्रतियोगिता के लिए छात्राओं का चयन किया गया था जिसमें हमारे विद्यालय के छात्राओ को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड तथा सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया है। मेडल पाने वाले में रूपा कुमारी



गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। प्रिंसी कुमारी, आस्था कुमारी, दीक्षा कुमारी, अवनी कुमारी, श्वेता कुमारी को सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया तथा रितु कुमारी, अंबे कुमारी साक्षी कुमारी अनुपमा कुमारी रूपांजलि कुमारी श्रृष्टि कुमारी ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर गढ़वा जिला सहित मेराल का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि उसके विद्यालय में कई प्रकार के खेल का आयोजन किया जाता है जिसका परिणाम है कि आज हमारे विद्यालय की छात्राओं ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया है। इसके लिए विद्यालय परिवार बच्चों के प्रति उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

# रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी बने डॉ. अंसारी

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
डॉ. असजद अंसारी को रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बनाया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका के पूर्व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोपाल प्रसाद का स्थानांतरण हरिहरगंज होने के कारण 7 अगस्त को सिविल सर्जन के आदेश पर डॉ. अंसारी को अस्पताल का प्रभार दिया गया था। मालूम हो कि डॉ. असजद अंसारी ने राजनीति छोड़ कर सन 2020 में झारखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास कर चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर चिनिया प्राथमिक स्वास्थ केंद्र में पदभार संभाला था। एक वर्ष बाद उनके कार्य



को देखते हुए डॉ. असजद को एनेस्थीसिया में प्रशिक्षण के लिए रिम्स भेजा गया। प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटने के बाद उन्हें प्राथमिक स्वास्थ केंद्र चिनिया के कार्य के अतिरिक्त गढ़वा सदर अस्पताल में एनेस्थीसिया के कार्य हेतु नियुक्त किया गया था। डॉ. अंसारी ने कहा कि उनका पूरा प्रयास रहेगा कि रंका सीएचसी के अंतर्गत लोगों को बेहतर स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराएं।

## लड़की की हत्या का अभियुक्त गिरफ्तार

**चिनिया।** थाना क्षेत्र के संजू कुमारी हत्याकांड के एक आरोपी के चिनिया पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने बताया कि अभियुक्त भानु सिंह उर्फ छोटू कुमार सिंह (19) पिता दशरथ सिंह ग्राम बैलाझखड़ा डंडई थाना, जिला गढ़वा संजू कुमारी की हत्या के नामजद प्राथमिक अभियुक्त था। बताते चलें कि 25 अगस्त को चिनिया के धनकुट्टी दामर के एक पेड़ पर रानीचेरी गांव की नाबालिग लड़की का शव लटका पाया गया था, जो पिछले 23 अगस्त से घर से गायब थी। घर वालों का आरोप था कि भानु सिंह उर्फ छोटू सिंह हमारी बेटी को हमेशा फोन से जबरन बात करना चाहता था।

**योजना** एक करोड़, आठ लाख से होगा दो छात्रावास का जीर्णोद्धार

# बच्चों को मिलेगा पढ़ाई का बेहतर माहौल

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
जिले में लगभग एक करोड़, आठ लाख रुपये की लागत से दो छात्रावास का जीर्णोद्धार किया जाएगा। गढ़वा में संचालित अल्पसंख्यक बालक छात्रावास एवं अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का जीर्णोद्धार लगभग एक करोड़, आठ लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। राज्य सरकार ने इसकी स्वीकृति दे दी दी है, जबकि आने वाले समय में आदिवासी बालक छात्रावास के नए भवन निर्माण की भी योजना है। शीघ्र ही इसका भी निर्माण कार्य कराया जाएगा।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं



स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि जिला मुख्यालय में संचालित अल्पसंख्यक बालक छात्रावास का जीर्णोद्धार लगभग 56 लाख रुपये तथा अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का जीर्णोद्धार लगभग साढ़े 51 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला सहित पूरे राज्य में संचालित सभी छात्रावासों का जीर्णोद्धार कर उसे सुसज्जित किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि पिछले करीब 30-40 वर्षों से निर्माण के बाद इन छात्रावासों की ओर किसी का भी ध्यान नहीं गया। इन गरीब बच्चों की पढ़ाई अच्छे ढंग से हो सके यह बात किसी ने भी नहीं सोची। सभी छात्रावासों की स्थिति काफी खराब है। बच्चे इसमें किसी तरह से रह कर पढ़ाई कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच है कि बच्चों को बेहतर पढ़ाई का माहौल दिया जाए। उन्हें बेहतर एवं सुसज्जित छात्रावास उपलब्ध कराया जाए ताकि ठीक तरह से उनकी पढ़ाई हो सके। यही कारण है कि मुख्यमंत्री जिस जिले में भी जाते हैं वहां छात्रावास का भ्रमण जरूर करते हैं। मंत्री ने कहा कि गढ़वा में संचालित आदिवासी बालक छात्रावास की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गई है। इसका जीर्णोद्धार करा पाना संभव नहीं है। इस कारण आने वाले समय में आदिवासी बालक छात्रावास के नए भवन का निर्माण कराया जाएगा। ऐसा प्रस्ताव है। इसका भी निर्माण कार्य यथा शीघ्र ही कराया जाएगा। शिक्षा के संपूर्ण माध्यमों को पूरी तरह से सुदृढ़ बनाया जाएगा।

# मुखिया ने स्कूली बच्चों के बीच बैग का किया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
प्रखंड के नव प्राथमिक विद्यालय बक्सीपुर में सोमवार को मुखिया मुंगा साह ने विद्यालय में



अध्यनरत 57 छात्र-छात्राओं के बीच स्कूली बैग वितरण किया।

इस मौके पर मुखिया मुंगा साह ने कहा कि ये बैग सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये हैं। इस बैग का उपयोग आप सभी विद्यालय आने के दौरान पाठ्य पुस्तक को रखने के लिए करेंगे। उन्होंने छात्र - छात्राओं को ड्रेस और बैग हमेशा साफ-सुथरा रखने और पढ़ने के लिए विद्यालय प्रतिदिन आने को कहा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बगैर अच्छे मुकाम तक पहुंचना मुश्किल है। वहीं विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार ने कहा कि सरकार विद्यालय में विभिन्न प्रकार की सुविधा दे रही है, जिसमें मध्यान्ह भोजन, किताब, कापी, विद्यालय कीट, छात्रवृत्ति, साइकिल आदि शामिल हैं। उन्होंने अभिभावकों से प्रतिदिन अपने बच्चों को विद्यालय भेजने का आग्रह किया। मौके पर शिक्षक छोटन गुप्ता, अनील साह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### नागवंत सिंह के हत्या आरोपी को भेजा जेल

**डंडाई।** नागवंत सिंह हत्याकांड मामले में गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को सोमवार के दिन पुलिस के द्वारा जेल भेज दिया गया। जेल भेजे गए आरोपियों में निर्मला देवी और विकास सिंह दोनों पति व पत्नी शामिल हैं। मालूम हो कि चाचा ससुर व बहू के बीच हुए विवाद में बचाव करने को लेकर स्थल पर पहुंचे भतीजा नागवंत सिंह को चाकू से गोद कर हत्या कर दी गई थी।

### वेंडर ने 34 हजार काटे , बीडीओ से शिकायत

**केतार।** केतार प्रखंड क्षेत्र के बलिगढ़ पंचायत के खोनहर गांव निवासी राजमती देवी ने सोमवार को बीडीओ मुकेश मछुआ को आवेदन देकर वेंडर के विरुद्ध कार्रवाई करने का आग्रह किया है। दिये गये आवेदन में महिला लाभुक राजमती देवी ने उल्लेख किया है कि उसने मनरेगा योजना अंतर्गत सिंचाई कुप का निर्माण करायी थी, जिसकी मैटेरियल राशि 95 हजार 895 रुपये केतार बाजार निवासी वेंडर शम्भू जयसवाल के पास जमा थी। सोमवार को वेंडर के पास पैसा लेने गया तो उनके द्वारा बोला गया कि 34000 रुपये कमीशन के काट कर 61895 रुपये दिये जायेंगे, जिसमें 33050 रुपये हम ले लिये हैं। महिला लाभुक ने कहा कि मैं किसी अधिकारी को कमीशन देना नहीं चाहती हूं। उन्होंने बीडीओ से वेंडर से काटी गयी राशि वापस दिलाने का आग्रह किया है।

### टेंपू वापस दिलाने को थाने में दिया आवेदन

**केतार।** कांडी गांव निवासी रसीद खलीफा ने सोमवार को केतार थाना में आवेदन देकर अपने टेंपू वापस दिलाने की गुहार लगाई है। आवेदन में उल्लेख किया है कि विगत 13 जुलाई को केतार कोल्ह मोड़ के समीप अपना टेंपू लेकर खड़ा था कि अचानक तीन लोगों ने उसके टेंपू के चालक छोटू खलीफा से चाभी छीन ली। इसके कुछ समय बाद भवनाथपुर की ओर टेंपू लेकर भाग गए। रसीद खलीफा ने आवेदन में उल्लेख किया है कि उक्त तीन लोगों में से एक युवक को मैं पहचानता हूं। जब हमने टेंपू के बारे में पूछताछ की तो बताया कि दो तीन दिन के बाद टेंपू वापस कर देंगे, लेकिन एक माह से ज्यादा बीत जाने के बाद भी अभी तक टेंपू वापस नहीं किया है, जबकि युवक अपने घर परिवार छोड़कर ससुराल कांडी थाना क्षेत्र के शिवपुर चला गया है। मैं गरीब व्यक्ति हूं। टेंपू ही जीने का सहारा था लेकिन आज मेरा परिवार कहीं का नहीं रहा है। पुलिस से रसीद खलीफा ने टेंपू वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

### राशन वितरण को लेकर प्रमुख ने किया जागरूक

**रमना।** पूरा प्रखंड लगातार दुसरे वर्ष सुखाड़ के मार झेल रहा है, जिससे किसान,गरीब -मजदूर सभी मजबूर हैं कि यदि इसी प्रकार सुखाड़ कि स्थिति बनी रही तो खाने- पीने के लाले पड़ जायेंगे। प्रखंड प्रमुख करुणा सोनी ने सोमवार को प्रेस बयान जारी कर अगस्त माह का राशन, लाभुकों को नहीं मिलने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। करुणा सोनी ने राशन कार्डधारियों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी लाभुक राशन उठाव करने से पहले पीडीएस दुकानदार से स्पष्ट जानकारी ले कि किस माह का और कितना राशन दे रहे हैं। साथ ही मशीन में अंगूठा तभी लगाए जब दुकानदार आपको कम्प्यूटराइज पर्ची दें। यदि राशन वितरण में किसी प्रकार की अनियमितता की कोई शिकायत मिली तो दोषी के विरुद्ध कानून संवत कारवाई की जाएगी।

### बच्चों के नेत्र की स्क्रीनिंग का दिया प्रशिक्षण

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड संसाधन केंद्र अधौरा में सोमवार को राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत प्राथमिक व मध्य विद्यालय के एक एक शिक्षकों को बच्चों के नेत्र की स्क्रीनिंग के लिये प्रशिक्षण दिया गया। ऑफ्थालिमक पदाधिकारी नागेश्वर प्रसाद सिंह ने शिक्षकों को बच्चों के नेत्र स्क्रीनिंग से संबंधित जानकारी विस्तार से दी। प्रशिक्षण में सीआरपी शक्तिदास सिन्हा, एमडीएम सेल के अमित कुमार, शिक्षक अखिलेश प्रसाद, सुधीर चौबे, नरेंद्र श्रीवास्तव, निर्मल कुमार, रामानुज कुमार शर्मा, बिनोद ठाकुर, अनूप कुमार विश्वकर्मा, संध्या कुमारी, पम्पा साहा, किरण कुमारी, सुजीता कुमारी, प्रवीण कुमार सिन्हा, भीम सिंह, मजीद अंसारी, राम लखन पाल, सुरेंद्र कुमार उपस्थित थे।

### फुटबॉल प्रतियोगिता का किया गया उद्घाटन

**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय के चिरका आईटीआई कॉलेज के मैदान में स्थानीय विधायक सह स्वच्छता एवं पेयजल विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर के सौजन्य से फुटबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव के द्वारा रविवार को सूर्यवंशी फुटबॉल खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह, सचिव मोहम्मद फारूक, गंगेश्वर सिंह, हीरामन सिंह, रामवृक्ष सिंह, बंशीधर यादव, बेलाल मंसूरी, चंदन यादव मनोरंजन चंद्रवंशी राकेश लकड़ा शाहिद आदि लोग मौजूद थे।

### बिजली उपभोक्ताओं ने ढाई लाख किये जमा

**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में सोमवार को गढ़वा बिजली विभाग द्वारा बिजली बिल वसूली को लेकर प्रखंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं से ढाई लाख रुपये की वसूली की गई। शिविर में प्रखंड क्षेत्र से आए सभी उपभोक्ताओं द्वारा लाइन में लगकर बारी-बारी से बिजली का बिल जमा किया गया। बिजली विभाग के कनीय अभियंता दीपक कुमार ने बताया कि चिनिया प्रखंड में बिजली बिल जमा को लेकर प्रत्येक महीने की 28 तारीख को प्रखंड स्तरीय शिविर लगाया जाता है, जिससे आम कनेक्शन धारियों को काफी सुविधा होती है। मौके पर बिजली विभाग के सिकंदर, कैशियर मुनेश कुमार, तैयब अंसारी, बिजली कर्मी सिंमत चंद्रवंशी तम्जिद मंसूरी, रघुनंदन सिंह, सत्येंद्र यादव मौजूद थे।

### प्रधानाध्यापकों को दी पीएफएमएस की ट्रेनिंग

**डंडई।** प्रखंड के जमा दो उच्च विद्यालय लवाही कला के आईटीसी भवन में सोमवार को प्रखंड संसाधन केंद्र डंडई के द्वारा पीएफएमएस का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, प्रधान शिक्षा मित्र ने भाग लिया। साथ ही प्रशिक्षक लेखपाल राकेश कुमार तिवारी, मास्टर ट्रेनर अनिल कुमार वर्मा के द्वारा विद्यालय के संचालन के लिए समग्र शिक्षा अभियान के तहत नियमानुसार प्राप्त राशि को व्यय करने संबंधी विस्तार पूर्वक उन्हें जानकारी दी गई। मौके पर आलोक कुमार, संजय कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, जारद हुसैन, जयप्रकाश सिंह, वीरेंद्र राम, राम प्रवेश राम, मुखलाल राम, दिनेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### मनिका विधायक ने मानिकेश्वर महादेव मंदिर में किया जलाभिषेक

# भोलेनाथ के भजन से गूंजे शिवालय





**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**
प्रखंड मुख्यालय स्थित माणिकेश्वर महादेव मंदिर मानिकडीह में सावन माह के अंतिम सोमवारी को लेकर मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने दर्शन किया। उन्होंने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर क्षेत्र के अमन, चैन, खुशहाली की कामना की। वहीं मणिकेश्वर महादेव मंदिरू कमेटी के अध्यक्ष अमरदीप कुमार ने विधायक रामचंद्र सिंह को माला और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। मंदिर परिसर में ही मंदिर के विकास कार्यों को लेकर विशेष चर्चा की गई। सिंह ने कहा कि मंदिर में जो भी त्रुटियां हैं उन्हें हम जल्द ही पूरा करने की कोशिश करेंगे। वहीं श्रद्धालुओं को पुजारी अखिलेश पाठक, राजेश पाठक पाठक ने वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजन कार्य कराया। मौके पर उपस्थित विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, अधिवक्ता बृंद बिहारी यादव, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, मानिकेश्वर महादेव मंदिर कमेटी अध्यक्ष अमरदीप कुमार, उपसचिव संतोष यादव, मिडिया प्रभारी नागेंद्र कुमार यादव, अखिलेश यादव, व्यथापक चंदन यादव, बिरझू सिंह, बालकेश यादव, बालगोविंद यादव, कमलेश यादव, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, बसंत भुइया, सतीश कुमार यादव, जितेंद्र कुमार यादव, नागेंद्र यादव, विनोद यादव, प्रयाग यादव, मनोज यादव, मनराज सिंह, अवधेश कुमार, मुकेश कुमार, कुंदन कुमार, नंदन कुमार, नीरज कुमार, हरि यादव, समेत मंदिर कमेटी के लोग उपस्थित थे।



## अंतिम सोमवारी पर निकाली कलश यात्रा

**लातेहार।** सदर प्रखंड के मोंगर पंचायत के समीप छठ घाट शिव मंदिर से सावन माह के अंतिम सोमवारी को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। इसमें महिला पुरुष समेत सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर मोंगर गांव भरमन करते हुए औरंगा नदी पहुंची जहां अजमान प्रदीप पांडे के द्वारा पूजा अर्चना कर एवं वैदिक मंत्रों के साथ कलश में जल भर कर पुनः छठ घाट शिव मंदिर पहुंची। इस मौके पर मुखिया रमलीदेवी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य पिंटू कुमार रजक, यजमान रामकुमार सिंह एवं सुमत देवी, पंडित नित्यानंद पांडेय, अजय कुमार प्रसाद (वार्ड सदस्य), राधिका पासवान बुधन भुईयां, मोतीलाल प्रसाद, संजू प्रसाद ईश्वर प्रसाद इत्यादि लोग मौजूद थे।

## पहाड़ी शिव मंदिर में किया जलाभिषेक

**बरवाडीह।** सावन के अंतिम सोमवारी पर भगवान शिव के पूजन व जलाभिषेक को लेकर प्रखंड के सभी शिवालियों में सुबह से ही काफी भीड़भाड़ रही। प्रखंड के पहाड़ी शिव मंदिर एवं बाजार के पंचमुखी शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। भक्तों ने भोलेबाबा की विशेष- पूजा अर्चना व रुद्राभिषेक का भी आयोजन किया। पहाड़ी मंदिर के पुजारी गिरधारी मिश्रा, मृत्युंजय मिश्रा, बल्लू मिश्रा पंच मुखी मंदिर के पुजारी राकेश मिश्रा ने बाहर से आने वाले भक्तों की पूजा करायी। इसके अलावा भक्तों ने प्रखंड के केच्चकी ओरंगा कोयल संगम दुमुंहान नदी से जल उठाकर 10 किलोमीटर पैदल चलकर बोल बम का नारा लगाते हुए बरवाडीह पहुंचकर पहाड़ी शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलभिषेक किया। इस मौके पर कई भक्त काफी उत्साह व उमंग में गाजे बाजे के साथ अलग-अलग टोलियों में भी जलाभिषेक करने पहुंचे। प्रखंड के लाभर शिव मंदिर, पैरा शिव मंदिर, थाना परिसर शिव मंदिर, छिपादोहर शिव मंदिर, लंका शिव मंदिर मंडल शिव मंदिर, खूरा शिव मंदिर, कुटमु शिव मंदिर समेत सभी शिवालय में पूजा अर्चना व जलाभिषेक को पूरे दिन भाड़ रही।

## शिव मंदिर छेंचा से निकली कलश यात्रा

**बरवाडीह।** प्रखंड के छेंचा शिव मंदिर प्रांगण से सोमवार को मंदिर स्थापना दिवस पर कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंदिर परिसर से कांग्रेस के स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, मनोज कुमार गुप्ता मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों द्वारा सभी भक्तों के बीच कलश वितरण किया गया। इसके उपरांत गाजे बाजे के साथ सभी भक्त तीन किलोमीटर पैदल चलकर कोयल नदी तट पहुंचे, जहां पर पंडित की वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच सभी के कलश में जल अर्पण किया गया। इसके बाद भक्ति गीतों के धुन पर सभी भक्त बोल बम का नारा लगाते हुए भ्रमण कर छेंचा शिव मंदिर पहुंचकर शिव का जलभिषेक करते हुये कलश स्थापित की गयी। पंडित विनोद मिश्रा द्वारा पूजा की गयी। मौके पर कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, छेंचा मुखिया आशा देवी, उपमुखिया राणा प्रताप सिंह, लक्ष्मण सिंह प्रखंड अध्यक्ष युवा कांग्रेस, मनोज प्रसाद, मंगरू सिंह, नंदकिशोर प्रसाद, उत्तम गुप्ता, सत्यनारायण बैठा, सुजीत गुप्ता समेत शिव मंदिर कमेटी छेंचा के काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

# सावन के अंतिम सोमवारी पर भद्रकाली मंदिर में उमड़ पड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी(चतरा)**
जिले के प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थस्थली इटखोरी प्रखंड मुख्यालय स्थित माता भद्रकाली मंदिर में सावन मास के अंतिम सोमवारी पर श्रद्धालुओं की भरी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालु सुबह ही पहुंचकर महाने नदी में स्नान कर बारी बारी से माता भद्रकाली की पूजा अर्चना करने के साथ परिसर स्थित सहस्त्र शिलिंग पर जलाभिषेक करने लगे थे। करनी गांव समेत कई गांवों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु गाजे बाजे के साथ मंदिर पहुंचकर सहस्त्र शिवलिंग मंदिर में जलाभिषेक किया। मंदिर के पुजारी ने बताया कि सुबह से शाम तक जलाभिषेक के लिए भक्तों की भीड़ मंदिर परिसर में बनी रही। वहीं प्रबंधन समिति सदस्य विधि व्यवस्था में लगे रहे। श्रद्धालुओं को परेशानी न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैदी दिखा।





## कैलाश धाम बेला से निकली कावंड़ यात्रा

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय स्थित कैलाश धाम बेला परोरीया सेवा समिति द्वारा सावन के अंतिम सोमवार पर पैदल कांवर यात्रा निकाली गई। कांवर यात्रा कैलाश धाम परिसर से शिव भक्तों द्वारा शुभारंभ किया गया जो मां भद्रकाली मंदिर इटखोरी पहुंचा। जहां पूजा अर्चना के बाद मुहाने नदी उत्तर वाहिनी घाट से वैदिक मंत्रोचार के बाद कलश में जल भरकर भक्त पैदल यात्रा कर कैलाश धाम बेला परोरीया पहुंच कर बाबा भोले शंकर का जलाभिषेक किया। कांवर यात्रा में बेला, परोरीया, नजिरगंज, बडगांव, करमा, मंझौली एवं मयूरहंड समेत दर्जनों गांव से सैकड़ों की संख्या में भक्त शामिल थे। भक्तों ने लगभग पंद्रह किलोमीटर पैदल कांवर यात्रा किया। इस दौरान पूरा क्षेत्र जय बाबा भोलेनाथ के जयकारे से गुंजयमान हो उठा। कैलाश धाम सेवा समिति द्वारा श्रावणी महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसे लेकर 30 अगस्त को अखंड हरिकृतन व भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। कांवर यात्रा में विधायक प्रतिनिधि सह पूर्व मुखिया अनिल कुमार सिंह, दयानंद सिंह, मृत्युंजय सिंह, देवकुमार सिंह, राजेंद्र राम, उपेंद्र सिंह, अमित सिंह, कमलेश सिंह, मंगलेश सिंह, केदार ठाकुर, गंदौरी यादव, लक्ष्मी दांगी, जगदीश दांगी, लौकेश दांगी, ऊधो रजक आदि शामिल थे।

## सिमरिया में निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**सिमरिया (चतरा)।** धर्म जागरण मंच झारखंड के तत्वाधान में सोमवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पिरी मंदिर से शुरू हुई और गाजे बाजे के साथ महंनाई नदी तक पहुंची, इस दौरान पूरा वातावरण भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय श्री राम एवं जय भोले बाबा के जयकारों से गुंजायमान होता रहा। आचार्य के द्वारा जल संकल्प करवाया गया, इस इस कार्यक्रम में इचाक, पिरी एवं चौपे पंचायत की महिला एवं पुरुष शामिल थे। बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता जीतन राम ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि इस तरह कार्यक्रम समाज में समरसता फैलाने का काम करता है। उन्होंने आगे कहा कि सावन मास के अंतिम सोमवारी के दिन बाबा भोलेनाथ पर हम सभी लोग जलाभिषेक कर देश एवं समाज की समृद्धि की कामना करते हैं। वही धर्म जागरण मंच के जिला संयोजक सत्येंद्र मिश्रा ने कहा कि लोगों के अपने धर्म के प्रति जागृति पैदा करने को लेकर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ताकि समाज के लोग अपने धर्म को जान पहचान सके एवं किसी के बहकावे में आकर धर्म परिवर्तन ना करें। परियोजना प्रमुख अमित प्रसाद गुप्ता ने कहा कि धर्म जागरण मंच सुदूरगांव में जाकर लोगों को हिंदू धर्म की विशेषताओं के बारे में जानकारी दे रही है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्कृत प्रमुख राजकुमार कुशवाहा, त्रिभुवन, गणेश, सहदेव कुशवाहा, टेक लाल राणा, विशाल कुमार, संदीप ठाकुर, रिंकू कुमार सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल थे।

# पीएचसी को एक अतिरिक्त व आधुनिक एंबुलेंस मिली

**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा**
जिले के उग्रवाद प्रभावित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुंदा को एक अतरिक्त आधुनिक सुविधाओं से लैस 108 एंबुलेंस विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई है। सोमवार को इसका उद्घाटन मुखिया मनोज साहू व प्रखंड प्रमुख कमला देवी ने संयुक्त रूप से किया। मुखिया ने कहा कि पहले अस्पताल को एनटीपीसी के माध्यम से एक 108 एंबुलेंस प्राप्त हुयी थी। अब दूसरी




राज्य सरकार की ओर मिलने से प्रखंडवासियों को और सुविधा होगी। मौके पर समाजसेवी लवकुश गुप्ता, एबुंलेंस संचालक ओमप्रकाश गुप्ता उपस्थित थे।

# रक्षाबंधन की खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड**
बाजार राखी की दुकानों, मिठाई की दुकानों व गिफ्ट की दुकानों पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी रही। एक तरफ जहां बहनें भाईयों के लिए रंग-बिरंगी राखियों की खरीददारी करतीं देखी गईं, वहीं दूसरी तरफ भाई भी बहनों को देने के लिए विशेष गिफ्ट की खरीदारी करते हुए दिखाई दिए।

बाजार में पांच रुपये से लेकर 150 रुपये तक की राखियां उपलब्ध हैं। बहनें अपने छोटी भाइयों के लिए डोरेमोन, बेन-10,



टॉम एंड जेरी, छोटा भीम, स्पाइडरमैन, सुपरमैन जैसी कार्टून, टॉय व लाइट निंग की राखियां खूब खरीद रही थीं। राखियों में सबसे ज्यादा बच्चों के लिए काफी वैराएटी में बाजार में राखियां बाजार में उपलब्ध रहा। सबसे ज्यादा भीड़ राखी, सूखे मेवों, रेडीमेंट गारमेंट्स, गिफ्ट गैलरी, जूते चप्पल आदि दुकानों पर रही। जहां लोगों ने पहुंचकर खरीदारी की।

उधर व्यापारियों का कहना है कि बाजार में मन दी का दौर चल रहा था लेकिन रक्षाबंधन करीब आते ही ग्राहकों की संख्या अचानक बढ़ गई। इससे बाजार में रौनक लौट आई है। उधर मिठाई की दुकानों पर भी रक्षा बंधन पर्व को देखते हुए काफी संख्या में लोगों की भीड़ नजर आयी।

## संक्षिप्त

### राईज बालगृह (बालक) का शुभारंभ आज से

**चतरा।** झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था रांची से पंजीकृत राईज (बालक) बाल गृह का संचालन नगवां बाईपास रोड चतरा में किया जाएगा। जिसका शुभारंभ 29 अगस्त 2023 के दोपहर दो बजे से विधिवत किया जाना सुनिश्चित है। इसके लिए संबंधितों को बाल गृह के शुभारंभ पर आमंत्रित संस्था के द्वारा किया गया है। उपरोक्त जानकारी स्वयं सेवी संस्था रेडियंट इंस्टीट्यूट ऑफ सॉफ्टवेयर एजुकेशन के सचिव आर्यन राज ने देते हुए बताया कि सीसीआई के उद्घाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डीएसडबल्यूओ सुरजमुनी कुमारी, विशिष्ट अतिथि सीडबल्यूसी अध्यक्ष धनंजय तिवारी, डीसीपीओ व सदस्य आदि होंगे।

### संध्या प्रधान बनायी गयीं मनरेगा लोकपाल

**चतरा।** पूर्व बाल कल्याण समिति चतरा की अध्यक्ष संध्या प्रधान की नियुक्ति जिले के मनरेगा लोकपाल के रूप में हुई है। प्रधान की



नियुक्ति ग्रामीण विकास विभाग झारखंड द्वारा की गई है। प्रधान ने सोमवार को उपायुक्त उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता के कार्यालय कक्ष में उनके समक्ष योगदान दिया। प्रधान को मनरेगा लोकपाल बनने पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष धनंजय तिवारी, सदस्य श्वेता जायसवाल, पिंकी कुमारी, मुकेश कुमार, पीएलवी सरोज ठाकुर, बिंदु बाला व कार्यकर्ता उषा देवी आदि ने बधाई दी है।

### 20सूत्री की बैठक में योजनाओं की समीक्षा

**महुआडांड।** प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को प्रखंड 20 सूत्री की बैठक अध्यक्ष अभय मिंज की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में बीडीओ अमरेन डांग, 20सूत्री सदस्य मजहर खान, रामनरेश ठाकुर, जुवेल लकड़ा, अनील मनोहर, सीआई गौतम कुमार लकड़ा, गोदाम मैनेजर संजय मिंज, एटीएम राहुल सिंह, महिला प्रवेक्षिका प्रिस्का कुजूर समेत लगभग सभी विभाग के संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### प्राचीन शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन

**लातेहार।** श्रावण माह के अंतिम सोमवार को शहर के बाजारटांड़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें लातेहार समेत आसपास के क्षेत्रों के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर निर्मल कुमार महलका, गजेंद्र प्रसाद शौंडिक, मुरली प्रसाद अग्रवाल, दीपक कुमार अग्रवाल, अनिल प्रसाद, दीपक प्रसाद आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### टेट सफल सहायक अध्यापक संघ की बैठक

**बारियातु।** प्रखड मुख्यालय स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के प्रांगण में सोमवार को टेट सफल सहायक अध्यापक संघ की बैठक जिला उपाध्यक्ष जय कालीनाथ शाहदेव की आध्यक्षता मे संपन्न हुई। बैठक का संचालन प्रखंड अध्यक्ष उमेश यादव ने किया। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष शाहदेव ने की। बैठक में प्रखंड सचिव भीम प्रजापति, विनोद मिश्रा, कोषाध्यक्ष राजेश यादव, भोला यादव, संतोष उरांव, शिवनारायण राणा, सुरेंद्र सिंह, मनोज ठाकुर, अभिषेक कुमार, बिंदेश्वर राम, पूर्णिमा कुमारी, संजू कुमारी आदि उपस्थित थे।

### डीलर के खिलाफ की शिकायत ली वापस

**हेरहंझ।** प्रखंड के दिनेश सिंह पिता केशो सिंह ग्राम बंदुवा पंचायत सेरनदाग के द्वारा लातेहार अनुमंडल पदाधिकारी को गुलमोहर स्वयं सहायता समूह ग्राम केडू संचालक बाबर अंसारी के विरुद्ध बीते दिनों राशन नहीं देने की लिखित शिकायत की थी, जिसको शिकायतकर्ता दिनेश सिंह ने वापस ले लिया है। कहा गया है कि गुलमोहर स्वयं सहायता समूह ग्राम केडू संचालक बाबर अंसारी के विरुद्ध लगाए गए सारे आरोप निराधार है। दूसरे के बहकावे में आकर डीलर पर गलत आरोप लगाया था।

# खेलकूद प्रतियोगिता में दिखा बच्चों का दम

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर(चतरा)**
सिमरिया डाइट व जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर सोमवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन गिद्धौर में किया गया। खेल कूद प्रतियोगिता प्रखंड के जवाहर लाल फुटबॉल मैदान में किया गया।

इसमें विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 9 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसका विधिवत उद्घाटन प्रखंड के नोडल खेल शिक्षक दीपक कुमार, प्रेमचंद दास,



सत्यम, मंजू कुमारी, मोहम्मद फहद, जागेश्वर साव के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में 100 व 400 मीटर दौड़, गोला फेंक, चक्का फेंक, हाई जंप, लॉन्ग जंप प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें छह बालक एवं छह बालिका का चयन जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए हुआ। चयनित सभी बालक-बालिकाएं मंगलवार को जिला स्तरीय प्रतियोगिता सिमरिया में भाग लेंगे।

## हैंड पंप में लगे सबमर्सिबल की कर ली चोरी

**गिद्धौर।** प्रखंड के बारिसाखी पंचायत स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय आमीन से अज्ञात चोरों ने हैंड पंप में लगे सबमर्सिबल की चोरी कर ली। इस बाबत विद्यालय के प्रधानाध्यापिका रिंकी कुमारी ने थाना में आवेदन देकर चोरी की प्राथमिक दर्ज कराई है। बताया गया कि सोमवार को जब विद्यालय खुला तब देखा कि हैंड पैंप में लगा सबमर्सिबल नहीं है। सबमर्सिबल की चोरी होने से विद्यालय में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है।

# खिलाड़ियों का निबंधन 5 से 20 सितंबर तक होगा

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
जिले के क्रिकेट खिलाडियों का निबंधन 5 सितंबर से 20 सितंबर तक किया जाएगा। सत्र 2023-24 के लिए खिलाड़ी अपना निबंधन करवा सकते हैं। संघ के सचिव अमलेश सिंह ने बताया कि स्कूली क्रिकेट के लिए 16 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ी अपना निबंधन करवा सकते हैं। वहीं सत्र 202324 के लिए सीनियर खिलाड़ी अपना निबंधन 10 सितंबर से 20 सितंबर तक करवा सकते हैं। सचिव ने जिला भर के सभी सरकारी, गैरसरकारी, शिक्षण संस्थान, स्कूल, क्लब के संचालकों से आग्रह किया है कि ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी निबंधन करवा लें। वहीं निबंधन के लिए डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल बोनाफाइड, आधार कार्ड, तीन वर्ष का मार्कशीट, पासपोर्ट फोटो, बैंक पासबुक साथ लेकर आएंगे। विशेष जानकारी के लिए रौनक दुबे से मोबाइल नंबर 9472729789 पर संपर्क कर सकते हैं।

### पहल | सरस्वती विद्या मंदिर में संस्कृति महोत्सव व प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन

# वैदिक गणित प्रश्न मंच के शिशु वर्ग में बिलासपुर प्रथम

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
विद्या विकास समिति झारखंड के तत्वाधान में रविवार को सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया गया। साथ ही विभाग स्तरीय संस्कृति बोध, अंग्रेजी, संस्कृत, विज्ञान, वैदिक गणित, संगणक व पत्राचार विषयों के प्रश्नमंच प्रतियोगिता संपन्न हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि नीरज कुमार लाल (पलामू विभाग निरीक्षक), अतिथि अनिल कुमार ठाकुर (विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष), राजीव रंजन पांडे (उपाध्यक्ष), सुधांशु दुबे (समिति सदस्य), रमेश कुमार सिंह (मेदिनीनगर प्रधानाचार्य), अरविंद कुमार (संकुल संयोजक), कृष्णकांत दुबे (जपला प्रधानाचार्य), जितेंद्र राम (बरियातू प्रधानाचार्य), राज बल्लभ शर्मा (लातेहार स्टेशन प्रधानाचार्य), बृजेश कुमार सिंह (भवनाथपुर नगरी प्रधानाचार्य), अखिलेश कुमार(जपला उप प्रधानाचार्य), मनोज कुमार (केतार प्रधानाचार्य), रविकांत पाठक (बंशीधर नगर प्रधानाचार्य), विजेंद्र प्रसाद (हरिहरगंज प्रधानाचार्य), जयंत कुमार सिंह (विलासपुर प्रधानाचार्य), चंदन कुमार (अभिभावक प्रतिनिधि), स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य




अरुण कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। विभाग प्रमुख नीरज लाल ने प्रतियोगिता की प्रस्तावना को सबके सामने प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित की गई। कुल 500 भैया/ बहनों ने शिशु वर्ग, बाल वर्ग, किशोर वर्ग में भाग लिया। संस्कृति ज्ञान शिशु वर्ग के प्रश्न मंच में प्रथम स्थान पर मेदिनीनगर विद्यालय, द्वितीय स्थान पर जपला व तृतीय स्थान पर भवनाथपुर नगरी टाउनशिप विद्यालय रहा। वैदिक गणित प्रश्न मंच में शिशु वर्ग में प्रथम स्थान पर बिलासपुर, द्वितीय स्थान पर जपला, तृतीय स्थान पर लातेहार बाजार विद्यालय रहा। बाल वर्ग में प्रथम स्थान पर लातेहार बाजार, द्वितीय स्थान पर बिलासपुर, तृतीय स्थान पर जपला विद्यालय रहा। विज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता शिशु वर्ग में प्रथम स्थान भवनाथपुर टाउनशिप, द्वितीय स्थान पर लातेहार बाजार व तृतीय स्थान पर मेदिनीनगर विद्यालय रहा। संगणक प्रश्न मंच प्रतियोगिता के किशोर वर्ग में प्रथम स्थान पर लातेहार बाजार, द्वितीय स्थान पर जपला व तृतीय स्थान पर भवनाथपुर टाउनशिप विद्यालय रहा। वहीं अंग्रेजी प्रश्न मंच प्रतियोगिता के किशोर वर्ग में प्रथम स्थान पर भवनाथपुर टाउनशिप, द्वितीय स्थान पर जपला विद्यालय, तृतीय स्थान पर लातेहार विद्यालय रहा। कथा कथन में लातेहार विद्यालय प्रथम स्थान, पत्र वाचन में शिशु वर्ग में प्रथम लातेहार बाजार, बाल वर्ग में प्रथम स्थान भवनाथपुर व द्वितीय स्थान पर लातेहार बाजार तथा किशोर वर्ग में प्रथम स्थान लातेहार विद्यालय बाजार तथा द्वितीय स्थान पर भवनाथपुर टाउनशिप रहा। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## अखिलेश्वर धाम में सुबह से ही रही श्रद्धालुओं की भीड़, पूरा क्षेत्र बोल बम के जयकारों से गूंजता रहा

# सावन के अंतिम सोमवार को हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**कुलदीप कच्छप। भंडरा**

सावन के अंतिम सोमवार पर शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ी पड़ी। भोर से ही भोले के दीवाने मंदिर में पहुंच गए और अपने बाबा का अभिषेक किये। प्रखंड के प्रसिद्ध अखिलेश्वर, धाम, देशवाली, कारू मठ, ओखर डिपा, बेल डिपा, महादानी बाबा धाम में हजारों श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ के दर्शन किए। भोले के दीवाने घंटो अपनी बारी का इंतजार करते रहे और दूध, जल, पुष्प से शिव का अभिषेक किया। फिर उन्होंने बेलपत्र, भांग, धतूरा चढ़ाकर मन की मुराद मांगी। देवों के देव के सामने हर कोई दंडवत होकर अपनी मुरादें रखता नजर आया। मंदिर परिसर मे साउंड सिस्टम से बजने वाले भक्तो गीतों और भक्तो के बोल बम के जयकारों से पूरा क्षेत्र महादेव के जयकारा से गूंज रहा था।

भंडरा स्थित अखिलेश्वर धाम और चट्टी गांव स्थित महादानी, भौरों, मसमानो गांव स्थित महादेव मंदिर में भोलेनाथ के दर्शन के लिए भक्तों को घंटों इंतजार करना पड़ा। इस दौरान पुलिस के जवानों से लेकर मंदिर के सेवादार तक मुस्तैद रहे और व्यवस्था बनाने में जुटे रहे। अखिलेश्वर धाम मे महिला और पुरुषों के दर्शन के लिए अलग अलग व्यवस्थाएं की गई थी। बैरिकेडिंग्स लगाकर मंदिर में प्रवेश और निकास की अलग अलग व्यवस्था बनाई गई। मंदिरों में सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी की गई और दर्शन के लिए आने वाले हर एक व्यक्ति पर नजर रखी गई। लोगों ने पूरी आस्था के साथ भोलेनाथ का अभिषेक किया।

**पुलिस फोर्स रही चौकन्ना :** सावन के अंतिम सोमवार को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद रहा। हर आने जाने वालों पर नजर रखी जा रही थी और ड्रोन से मंदिरों की व्यवस्थाएं जांची जा रही थी। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने सभी पुलिस जवानों को निर्देश दिए थे कि किसी तरह की लापरवाही बिल्कुल भी न हो। आम श्रद्धालुओं को दर्शन करने में कोई असुविधा न हो।

**भव्य भंडारे का आयोजन :** सावन की अंतिम सोमवारी के मौके पर अखिलेश्वर धाम में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया था। स्थानीय लोगों और शिव भक्तों द्वारा 201 किलो दूध का खीर भगवान शिव को भोग लगाकर शिव भक्तों के बीच प्रसाद स्वरूप वितरण किया गया। किशोरी मोहन शर्मा, सुरेश साहू, अजित अग्रवाल, भीम प्रसाद साहू, हेमंत यादव, बैजू साहू द्वारा यह आयोजन किया गया था। साथ ही छतीसगढ़ से आए हुए शिव भक्त रामावतार प्रसाद गुप्ता, प्रमोद साहू, संतोष साहू एवं पूरे परिवार द्वारा भव्य भंडारा का आयोजन किया गया था। जिसमें पूड़ी-सब्जी का श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया। यह परिवार भंडारा का आयोजन छत्तीसगढ़ से आकर कई वर्षो से करते आ रहे हैं। हजारों की संख्या में शिवभक्त प्रसाद पाकर धन्य हो गए।



## सावन के अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी शिवभक्तों की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सावन माह की अंतिम सोमवारी पर जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों के शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर के शिवालय हर हर महादेव और बम बम भोले के जयघोष से गूंज उठा। शिवभक्त सुबह से ही आराधना और जलाभिषेक के लिए शिव मंदिर पहुंचने लगे थे। स्थानीय सभी शिवालयों में भक्तों की लंबी लंबी कतारें भी देखी गईं। घरों में ही भोलेनाथ की भक्ति, पूजा-आराधना के साथ ॐ नमः शिवाय, हर-हर महादेव, बोलबम के जयकारे गूंजने लगे हैं। सावन के सोमवारी पर भगवान शिव को इस दौरान गंगाजल, दूध-दही, बेलपत्र, घी, शहद, जनेऊ, रोली, भांग, धतूरा और नैवेद्य अर्पण किया गया। सदर प्रखंड के खखपरता शिव धाम, भंडरा प्रखंड के अखिलेश्वर शिव धाम, सेन्हा और कुडू प्रखंड के महादेव मंडा, शहरी क्षेत्र के बुढ़वा महादेव, ईस्ट गोला रोड स्थित शिव मंदिर, छत्तर बगीचा स्थित स्वयं-भू महादेव मंदिर, पावरगंज चौक स्थित देवी मंदिर, काली मंदिर, कुटमू गांव स्थित शिव मंदिर सहित विभिन्न शिवालयों में शिव का जलाभिषेक किया गया। इस अवसर पर लोगों ने भगवान भोलेनाथ की आराधना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। शहरी क्षेत्र के छत्तर बगीचा स्थित स्वयंभू महादेव मंदिर के साथ खखपरता, अखिलेश्वर धाम, महादेव मंडा सहित विभिन्न शिव धामों में श्रद्धालुओं की लंबी कतार ही शिव के साधकों की भारी भीड़ को दर्शा रही थी। इधर मंदिर परिसर में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार गश्त करते नजर आए और शहर के हर शिवालयों में पुलिस के जवानों की तैनाती देखी गई। मंदिरों में भजन - कीर्तन का दौर पूरे दिन चलता रहा।

## सावन उत्सव में महिलाओं ने देवस्थल में किया रंगारंग कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



भोलेनाथ की आराधना का मास सावन महीना जहां एक ओर आस्था के महापर्व मास के रुप मे जाना जाता है, वही इस मास में महिलाओ में भी सावन में खास उत्साह देखा जाता है। देव स्थल मंदिर प्रांगण किस्को मोड़ में सावन उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे महिलाओं और बच्चों ने सावन उत्सव के अवस मे चॉकलेट रेस, फैशन शो, म्यूजिकल चेयर, मेहंदी कॉम्पिटेशन आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें जूनियर ग्रुप में श्रेजल कुमारी, आदिति राय, श्रेया कुमारी, आयुष कुमारी, आस्था कुमारी, परी कुमारी, सिद्धि कुमारी, छवि कुमारी, श्रृद्धि मेहता, मानसी भगत, कोमल कुमारी ने पुरस्कार जीते। जबकी महिलाओं के सीनियर ग्रुप मे अंशु वर्मा, संतोषी मेहता, ममता, बबीता गुप्ता, प्रिया कुमारी, लैली कुमारी, चंदा देवी, रीमा कुमारी ने पुरस्कार प्राप्त किए। कार्यक्रम मे जज की भूमिका में पूर्व वार्ड सदस्य कमला देवी और जय श्री राम समिति की महिला अध्यक्ष इंद्रा प्रधान ने निभाई । कार्यक्रम को सफल बनाने मे ज्योति देवी, संहिता साहू, सुनीता सिंह, पिंकी साहू, ममता शर्मा, बबीता गुप्ता, संतोषी देवी, रीमा कुमारी, चंदा देवी, गुंजा देवी, अंशु वर्मा, प्रिया कुमारी, लैली कुमारी, अंशु कुमारी, गौरी देवी, सरिता देवी आदि की भूमिका प्रमुख रही।

## देवाकी धाम के लिए लोहरदगा से शिव भक्तों का जत्था हुआ रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में श्रावण मास की अंतिम पर शिवभक्तों का जत्था घाघरा स्थित देवाकी धाम के लिए रवाना हुआ। इससे पूर्व शिवभक्तों का जत्था बरवा टोल स्थित ललित नारायण स्टेडियम में एकत्रित हुआ। जहां कार व बाइक में गेरुआ पताका बांधकर शहरी क्षेत्र का भ्रमण करते हुए सभी शिवभक्त घाघरा स्थित देवाकी धाम के लिए रवाना हुए। यह भव्य शोभा यात्रा शहरी क्षेत्र के बरवा टोली स्थिति स्टेडियम से निकल गई। शोभायात्रा शहरी क्षेत्र के बरवा टोली, वीर शिवाजी चौक, न्यू रोड, बाबामठ, पावरगंज चौक, अमला टोली, थाना टोली, शास्त्री चौक, रघुनंदन लेन, गुजरी बाजार, महावीर चौक, राणा चौक, मिशन चौक, छत्तर बगीचा, बक्सीडीपा होते हुए बाबा की नगरी देवाकी धाम के लिए प्रस्थान की. इस दौरान सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुलिस प्रशासन द्वारा ड्रोन के माध्यम से शोभायात्रा की निगरानी की जा रही थी। मौके पर शिवभक्तों द्वारा शोभायात्रा में ओम नमः शिवाय, हर हर महादेव के जयकारे भी लगाए गए. मौके पर मुख्य रूप से अनिल कुमार गुप्ता, लखन साहू, सतीश पांडेय, लाल ओमकार नाथ सहदेव, सतीश जयसवाल, ब्रज बिहारी प्रसाद, उमेश कंस्त्रयकार, जय गोविंद प्रशाद, अमीर चंद, विकाश गुप्ता, अशोक, लाल त्रि विक्रमनाथ सहदेव, स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी, दीपक, चंदन गोयल, सत्यम कुमार, विक्रांत कुमार, रितु राज गुप्ता, आशीष कुमार मिश्रा, विनीत कुमार साहू, आकाश ठाकुर सहित काफी संख्या में शिवभक्त शामिल थे।

### पति ने पुलिस से लगायी सकुशल वापसी की गुहार

## मायके जाने की बात बोलकर निकली महिला हुई लापता

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**



थाना क्षेत्र के मुर्की से महिला का लापता होने की सूचना सेन्हा थाना में देते हुए पति विकास गोप ने सनहा दर्ज करने का गुहार लगाया है। वहीं एसआई गणेश कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि मुर्की निवासी नंदिकेश्वर महतो के 29 वर्षीय पुत्र ने जानकारी देते हुए कहा है कि शुक्रवार को मेरी पत्नी जानकी देवी अपने मायके झलजमीरा तुरी टोली जाने की बात बोल घर से निकली जो देर शाम तक अपने मायके नहीं पहुंची। इसकी सूचना ससुराल वालों से फोन पर बात होने के दौरान मिली। रिश्तेदारों में छानबीन की परंतु जानकी देवी के बारे में कही पता नहीं चला। विकास गोप ने थाने में आवेदन देते हुए अपनी पत्नी को सकुशल बरामद करने की गुहार लगायी। फिलहाल पुलिस महिला के लापता होने के मामला को संज्ञान में लेते हुए अग्रतर कारवाई में जुट गई है।

## बारिश के लिए दुर्गा मंदिर में पूजा व भंडारे का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



शहर के प्रसिद्ध बौली बगीचा सिद्धपीठ मां दुर्गा मंदिर में शुद्ध श्रावण शुक्ल द्वादशी आयुष्मान योग में अंतिम सोमवारी को भगवान श्री नर्मदेश्वर साम्बसदाशिव का भव्य नमक चमक क्रिया द्वारा ११ किलो दूध से राजोपचार रूद्राभिषेक किया गया। जहां भूत भावन सरकार से वृष्टि करने की प्रार्थना की गई।

वृंदावन के प्रसिद्ध भागवत कथा वाचक सदानंद रामानुज श्री वैष्णव जी महाराज के सान्निध्य में वाराणसी के वैदिकाचार्य पंडित आशुतोष पाठक एवं गुजरात के रामधराचार्य के द्वारा गणेश पूजन, नंदीश्वर पूजन, वीरभद्र पूजन एवं भगवान का राजोपचार पूजन हवन संपादित किया गया। पूज्य सदानंद रामानुज जी महाराज ने कहा - कि इस वर्ष सामान्य से बहुत ही कम बारिश हुई है, और जहां हुई है वहां इतनी ज्यादा हुई है की शहर के शहर डूब गए हैं, जिसकी वजह से किसानों को बहुत ही समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसका कारण लोगों में अशास्त्रीय भक्ति और अशास्त्रीय अज्ञान है, लोग भक्ति पूजा तो कर रहे हैं लेकिन शास्त्र विधि से नहीं कर रहे हैं इसलिए ऐसा हो रहा है। वह पूजा जो शास्त्र विधि से नहीं होता है उसका कोई फल नहीं मिलता इसलिए अकाल जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है। पूजा में मंदिर के श्रेष्ठ पंडित राजेन्द्र पाठक, भानुमति देवी, सोनाली पाठक, लक्ष्मी रानी, राधिका एवं हरिप्रिया मौजूद थे। इस पूजा में मुख्य यजमान के रूप में लोहरदगा चेंबर ऑफ कॉमर्स के राजेश महतो सपरिवार उपस्थित थे। जहां उन्होंने बढ़-चढ़कर इस पूजन को संपादित कराया। दूसरे यजमान के रूप में दीपक महतो, कमलेश कुशवाहा, प्रदीप महतो, लीला देवी, अंकित कुमार, सतीश महतो एवं मंदिर कमेटी के अन्य लोग मौजूद रहे। वही शाम के समय बौली बगीचा दुर्गा मंदिर के युवा सदस्यों द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया जहां हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन करने में मुख्य रूप से - सुरज कुमार, हर्ष राज, मयंक ठाकुर, तेजु साहू, विकी, रामस्वरूप महतो रहे।

### राष्ट्रीय नवीन मेल का असर, नाडेप निर्माण का निरीक्षण करने पहुंची जनप्रतिनिधियों की टीम

## नाडेप निर्माण में काफी अनियमितता बरती गई है, होगी विभागीय जांच : प्रमुख

**शकील अहमद। कैरो**



कैरो में कचरा प्रबंधन के लिए गांव गांव में बन रही नाडेप निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है। इस मामले में राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक अखबार में पिछले 27 अगस्त के अंक में नाडेप निर्माण में बरती जा रही अनियमितता शीर्षक से एक खबर प्रमुखता से छपी थी। इस खबर पर गांव की सरकार ने संज्ञान लिया। सोमवार को प्रखण्ड प्रमुख श्रीराम उराँव की अगुवाई में जनप्रतिनिधियों की टीम नाडेप निर्माण का जांच करने पहुंची। सबसे पहले गजनी पंचायत में बने नाडेप का निरीक्षण किया गया।इस दौरान चाल्हो गांव निवासी गोपी उराँव,रिजवान अंसारी के घर पीछे व सामुदायिक भवन सहित कई जगहों पर बने नाडेप का निरीक्षण किया गया गया। प्रमुख श्रीराम उरांव ने कहा नाडेप निर्माण में काफी अनियमितता बरती गई है। इस तरह से सरकारी पैसों का दुरुपयोग बर्दास्त नही किया जाएगा। उन्होंने नाडेप निर्माण का विभागीय जाँच की मांग की है। उन्होंने कहा जरूरत पड़े तो मैं लिखित शिकायत विभाग को दूंगा। उन्होंने कहा बाकी जगहों पर भी नाडेप की जांच किया जाएगा। इसकी शिकायत लगातार मिल रही थी जिसे राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार ने प्रमुखता से छापकर प्रशंसनीय कार्य किया है। अखबार समाज का दर्पण होता है और सच्चाई को छापना अखबार का कार्य होता है। राष्ट्रीय नवीन मेल ने जमीनी हकीकत को छापा है। इस मौके पर गजनी पंचायत समिति सदस्य सुनीता लकड़ा,नरौली पंचायत समिति सदस्य के पति प्रवीण साहू समेत अन्य मौजूद थे।

## जय श्रीराम समिति ने खून देकर पत्रकार की पत्नी के इलाज में मदद की

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति ने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए सावन के अंतिम सोमवारी पर मरीजो की सेवा की। समिति के द्वारा सदर अस्पताल में इलाजरत पीड़ित मरीज को ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया गया। जानकारी के अनुसार भंडरा प्रखंड निवासी पत्रकार कुलदीप कच्छप की पत्नी सीमा तिर्की प्रसव पीड़ा के तहत सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाजरत थी। डॉक्टर ने खून की कमी बताई। परिवार के लोग काफी परेशान होकर जय श्रीराम समिति से संपर्क किया। समिति के जिला कोषाध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने तत्काल पहल करते हुए समिति सदस्य तिवारी दुरा निवासी कन्हैया अग्रवाल के पुत्र अनूप कुमार से एक यूनिट ब्लड दिलवाकर उसके समुचित इलाज में मदद की। ज्ञात हो की मरीज की स्थिति बहुत ही गंभीर अवस्था में थी। मौके पर जिला कोषाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, पत्रकार राहुल कौशल एवं अन्य लोग मौजूद थे।

### प्रखंड प्रमुख ने किया राजकीय कृत मध्य विद्यालय का निरीक्षण

## डीईओ को समस्या से अवगत कराया, जल्द सुधार की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**



राजकीय कृत मध्य विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्कूल में मौजूद एक सहायक शिक्षक ने बताया कि स्कूल में 1 से 8 क्लास तक के कुल 285 बच्चे आते हैं और शिक्षक एक है वो भी गर्मी छुट्टी के बाद अभी तक स्कूल नहीं आये हैं। वो बीमार चल रहे हैं। इलाज राज्य के बाहर अस्पताल में चल रहा है। मौके पर प्रमुख श्रीराम उरांव ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से दूरभाष के माध्यम से संपर्क कर स्कूल की हालात से अवगत कराया। शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि ये बड़ी समस्या है और इस समस्या का समाधान बहुत जल्द कर दिया जाएगा। अब देखने वाली बात है कि सरकारी स्कूलों में शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने को लेकर सरकार के दावे भले ही बड़े-बड़े हों, लेकिन सच्चाई ये है कि खुद सरकार की अनदेखी के चलते स्कूली शिक्षा का ढांचा चरमराता दिख रहा है। इसका कारण, स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि चाल्हो के इस राजकीय कृत मध्य विद्यालय पिछले काफी समय से एक-एक शिक्षकों के भरोसे चल रहे हैं। विद्यालय शिक्षकों को तरस रहे हैं। स्कूल की शैक्षणिक व्यवस्था कैसी होगी इसका अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। शिक्षक नहीं होने से अभिभावक अपने बच्चों को इन स्कूलों से निकाल कर मजबूरी में निजी विद्यालयों की ओर रुख कर करने को मजबूर हो जाते हैं।

### पहल जांच शिविर सह उपकरण वितरण कैंप का आयोजन

## दिव्यांग विद्यार्थियों को दिये गए उपकरण

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए समावेशी शिक्षा अंतर्गत प्रथम चरण में जिले के लोहरदगा प्रखंड के सभी विद्यालयों के पोषक क्षेत्रों के दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण वितरित करने से संबंधित एक दिवसीय जांच शिविर सह उपकरण वितरण कैंप का आयोजन किया गया।

उक्त कैंप में एलिम्को भुवनेश्वर के जांचकर्ता डॉ तापस कुमार, अनुभव कुमार और पवन महतो के द्वारा दिव्यांग बच्चों का जांच कर उनके अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध कराया गया। अम्बुज्या कुमार पांडेय, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, लोहरदगा ने बताया कि इस तरह के कैंप से संबंधित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय के पोषक क्षेत्र में रहने वाले दिव्यांग बच्चों को उनकी क्षमता अनुरूप उनकी दिव्यंगता के आधार पर पहचान करते हुए उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का सफल प्रयास है। अशोक पांडेय, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी सह प्रभाग प्रभारी ने बताया कि सभी दिव्यांग बच्चे हमारी जिम्मेदारी है। जांच शिविर में 40 विभिन्न समूह के दिव्यांग छात्रों का जांच किया गया। जिसमें दिव्यांगता प्रमाण पत्र के आधार पर 24 बच्चों को सहायक उपकरण वितरित करने हेतु चिन्हित किया गया। कैम्प में 16 दिव्यांग छात्रों को सीपी चेयर,व्हील चेयर,एम आर किट, रोलेटर, कैलिपर, फुट ऑर्थोटिक्स, कान की मशीन आदि उपलब्ध कराया गया। इस समावेशी शिक्षा के कैम्प को सफल बनाने में रामजीवन नायक, बीइओ, लोहरदगा, धीरज पटेल, थेरेपिस्ट, शीलवंती मिंज, रिसोर्स शिक्षक, तैयब अंसारी, रिसोर्स शिक्षक, सीमा शर्मा, बीआरपी, त्रिसंध्या प्रजापति बीआरपी आदि का सहयोग रहा साथ ही दिव्यांग बच्चों के माता पिता व अभिभावक उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त

### सेन्हा में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर की पूजा



**सेन्हा।** सावन माह के अंतिम सोमवारी पर प्रखंड के शिवालयों और मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों द्वारा हर्षोल्लाष के साथ जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया गया। वहीं भक्तों में काफी उत्साह देखा गया। सावन माह के अंतिम सोमवारी पर प्रखंड क्षेत्र के चौकनी, झखरा, कोराम्बे, अरु, सेन्हा, बक्सीडीपा, बदला, सेरेंगहातु, चितरी सहित अन्य मंदिर व शिवालयों मेंजलाभिषेक कर विधिवत पूजा अर्चना किया गया।

### मरीजों के बीच समिति ने किया फल वितरण



**लोहरदगा।** सावन मास के अंतिम सोमवारी पर सदर अस्पताल में इलाजरत मरीजों के बीच जय श्रीराम समिति ने फलों का वितरण किया। नगर अध्यक्ष दीपक साहू के नेतृत्व में लगभग 200 लोगों को फल वितरण किया गया। मरीज के साथ-साथ डाक्टर नर्स एवं सफाई कर्मी तथा बाहर में बैठे परिवारों को भी दिया गया। इस मौके पर समिति के ज्योति भगत ने कहा कि पूरे सावन में जगह-जगह भंडारे का आयोजन होता है, परंतु हम लोगों ने तय किया कि अंतिम सोमवारी को मरीजों का हाल-चाल लिया जाए। इसी कड़ी में आज पूरी कमेटी के साथ पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मिलकर दुख सुख में साथ देने की बात कही। जिला संरक्षक सुषमा सिंह ने कहा नगर कमेटी के नेतृत्व में इस आयोजन से पीड़ित मरीजों के चेहरों पर खुशी की झलक देखी गई। मौके पर जिला संरक्षक सुषमा सिंह, अजय सोनी, अनूप गुप्ता, जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव, जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव, बिक्की कसेरा, प्रदीप साहू, अनुज कुमार, चंदन साहू, अध्यक्ष दीपक साहू, नगर कार्यकारी अध्यक्ष लाल नितेश नाथ सहदेव, ज्योति भगत, गोलू वर्मा, बलराम कुमार आदि मौजूद थे।

### पीड़ित परिवार से मिले भाजयुमो प्रदेश मंत्री

**लोहरदगा।** भाजयुमो प्रदेश मंत्री अजातशत्रु किस्को प्रखंड अंतर्गत हिसरी गांव पहुचकर शोकाकुल पीड़ित परिवार से मिले। उन्होंने कहा कि वह पीड़ित परिवार के साथ हर समय खड़े हैं। उन्होंने कहा कि हत्यारे को कड़ी सजा मिलेगी। परिजनों ने उन्हें बताया कि दस वर्षीय आशीष महली कक्षा दो का विद्यार्थी था। वह बीते शाम को फुटबॉल मैच देख रहा था, उसी समय एक युवक मीर शाहरुख जो कि 26 साल का है, उसने उस बच्चे को चॉकलेट खिलाने का लालच दिया और बहला फुसला कर किनारे कुंआ के पास बुलाया। इसके बाद मौका पाकर उसका गला घोंट कर उसे कुआँ में धकेल दिया। जिसके कि उसकी मृत्यु हो गई। इसके बाद उक्त युवक के द्वारा पीड़ित परिवार को पुलिस के पास जाने पर उनके घर को जला देने की धमकी दे रहा है। इसपर अजातशत्रु ने कहा कि आजकल लोहरदगा में यह एक प्रकार का सुनियोजित षड्यंत्र चल रहा है। जिसके अंतर्गत पहले सीएए के समर्थन की रैली में पत्थर मार कर दंगा करना हो या फिर भोक्ता बगीचा मे श्रीरामनवमी के मेले में दंगा करना हो या अभी का विषय हो हिंदुओं को लगातार निशाना बनाकर काम किया जा रहा है। सरकार इसे संरक्षण देने का काम कर रही है। याद रखे यह सरकार और उपद्रवी दोनों कि आनेवाले समय में इसका कड़ा प्रतिउत्तर दिया जायेगा। मौके पर जिला के महामंत्री बाल्मीकि कुमार मिथुन कुमार पवन प्रजापति आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## रिलायंस कंपनी के बोर्ड में मिल रहे बदलाव के संकेत

# नीता अंबानी रिल बोर्ड से होंगी पूरी तरह अलग

**नवीन मेल संवाददाता। नई दिल्ली**
रिलायंस इंडस्ट्रीज की एनुअल जनरल मीटिंग शुरू हो गई है और कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने संबोधन करते हुए कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स का परिचय कराया। इसमें के वी कामत, केवी चौधरी, अरुंधति भट्टाचार्य, नीता मुकेश अंबानी का परिचय कराया।
मुकेश अंबानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस पर दिए भाषण का जिक्र करते हुए कहा कि नया भारत ना रुकता है, ना थकता है और ना हारता है। चंद्रयान-3 की सफलता पर रिलायंस परिवार की ओर से बधाई। रिलायंस इंडस्ट्रीज अपने ग्रह, धरती, देश और कंपनी के तमाम निवेशकों का ध्यान रखता है। नया रिलायंस भारत की ग्रोथ में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुकेश अंबानी ने कहा कि देश तेजी से आर्थिक तरक्की कर रहा है। उम्मीद है कि साल 2047 तक भारत पूर्ण रूप से विकसित देश बन जाएगा। जियो 5जी अक्टूबर के लास्ट में रोलआउट करने की शुरूआत हो जाएगी और दिसंबर 2023 तक पूरे देश में ये रोलआउट कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में 85 फीसदी 5जी सर्विस जियो के पास है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। इसके अलावा सबसे ज्यादा पोस्टपेड ग्राहक जियो के पास है। जियो के लिए कंपनी का 1 लाख करोड़ रुपए का निवेश लक्ष्य है। जियो नए भारत के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन का प्रतीक है और इसने अपने लक्ष्य की ओर बड़े कदम बढ़ाए हैं। जियो 5जी का रोलआउट विश्व में किसी भी कंपनी का सबसे तेज 5जी रोलआउट है। दुनियाभर में चुनौतियों का माहौल है। ऐसे में भारत उम्मीद की किरण बनकर उभरा है। भारत बेहतर स्थिति में है। यह नया भारत आत्मविश्वास से भारत है। रिलायंस इंडस्ट्रीज का वित्त वर्ष 2023 में एबिटा 1.53 लाख करोड़ रुपए रहा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज का वित्त वर्ष 2023 में कंसोलिडेटेड मुनाफा रिकॉर्ड 9.74 लाख करोड़ रुपए रहा है। कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सबिलिटी खर्च 1271 करोड़ रुपए रहा है। हम इंश्योरेंस में भी एंट्री करेंगे और इसके लिए ग्लोबल पार्टनर्स के साथ हाथ मिलाएंगे।

## सेंसेक्स 100 अंक चढ़ा निफ्टी 19300 के पार

**नई दिल्ली।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक शुरूआत हुई। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 100 अंक चढ़ा जबकि निफ्टी 19300 के पार पहुंच गया। हालांकि, शुरूआती कारोबार में ही ऊपरी स्तरों से बाजार में बिकवाली दिखनी शुरू हो गई। शुरूआती कारोबार में अडानी एंटरप्राइजेज और जोमैटो के शेयरों में तीन-तीन प्रतिशत की बढ़त दिखी। शेयर बाजार में कारोबारी हफ्ते के पहले दिन तेजी के साथ कारोबार की शुरूआत हुई। अच्छे ग्लोबल संकेतों के चलते बाजार के प्रमुख इंडेक्स हरे निशान में खुले। सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर सेंसेक्स 105.33 (0.16%) अंक चढ़कर 64,991.84 जबकि निफ्टी 44.50 (0.23%) अंक मजबूत होकर 19,310.30 के लेवल पर कारोबार करता दिख रहा है।

# फोर-व्हीलर्स का अभी भी बाजारों में चलता है सिक्का

नई दिल्ली। भारत अब ऑटोमोबाइल्स सेक्टर में दुनिया में तीसरे पायदान पर पहुंच गया है, जिसमें खास देने वाली कुछ गाड़ियों का जिक्र हम आगे करें जा रहे हैं। मारुति सुजुकी ने अपनी वैगन आर को 1999 में पेश किया था, जो दो दशक बाद भी ग्राहकों के दिलों पर छायी हुई है और अपनी तीसरी जेनरेशन के साथ कंपनी की बेस्ट सेलिंग कार है। 2005 में लॉन्च हुई मारुति सुजुकी स्विफ्ट भी ग्राहकों की पसंदीदा हैचबैक है। ये भी अपने थर्ड जेनरेशन के साथ बेस्ट सेलिंग कार की लिस्ट में शामिल है। मारुति सुजुकी ने 1998 में एक सेडान कार लॉन्च की थी, बलेनो जो 2007 तक बाजार में बिकती रही। कंपनी ने 2015 में फिर से इसकी वापसी की, इस बार ये हैचबैक है जिसे ग्राहक धड़ल्ले से खरीद रहे हैं। अगली कार हुंडई आई10 है, जिसे 2007 में लॉन्च किया गया था। जो आज भी कंपनी बेस्ट सेलिंग कार की लिस्ट में शामिल है। आई10 ग्रैंड नियोस इसका मौजूदा मॉडल है। हुंडई की आई20 जिसे 2008 में लॉन्च किया था, 15 साल बाद आज भी धड़ल्ले से बिक रही है। इस हैचबैक की गिनती प्रीमियम कारों में होती है।

## फ्रांस के स्कूलों में बुर्के पर बैन

**पेरिस।** फ्रांस के स्कूलों में अब धार्मिक कपड़ों पर बैन लगेगा। फ्रांस सरकार ने स्कूलों में लड़कियों के अबाया पहनने पर बैन लगाने का फैसला किया है। फ्रांस के शिक्षा मंत्री गैब्रियल एटॉल ने कहा कि सरकारी स्कूलों में अबाया नहीं पहना जाएगा। बता दें कि अबाया फुल बुर्का है। अधिकारियों का कहना है कि फ्रांस में स्कूलों में सख्त धर्मनिरपेक्ष कानून लागू है लेकिन स्कूल में छात्राओं का अबाया पहनकर आना इस कानून का उल्लंघन है।


## नेतरहाट आवासीय विद्यालय नेतरहाट
(स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, सरकार के अधीन एक स्वायत्तशासी निकाय)

संख्या–1387 दिनांक–26.08.2023

### इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI)

नेतरहाट आवासीय विद्यालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं भगवान बिरसा मुण्डा जी की प्रतिमा स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है। इस संबंध में इच्छुक मूर्तिकार/व्यक्ति/फर्म/एजेंसी जिन्हें प्रतिमा बनाने अथवा आपूर्ति एवं अधिष्ठापित करने का अनुभव है, वे दिनांक–06.09.2023 को अपराह्न 04:00 बजे प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट में अपने प्रस्ताव के साथ पूर्व निविदा बैठक में उपस्थित हो सकते हैं। **पूर्व निविदा बैठक में निम्न दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा :–**

(i) पैन कार्ड एवं अद्यतन आयकर रिटर्न की छायाप्रति।
(ii) GST Registration की छायाप्रति।
(iii) कार्यानुभव प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
(iv) प्री बीड मीटिंग में उपस्थित व्यक्ति ही कार्य करने के लिए योग्य माने जाएँगें।
(v) विभिन्न प्रस्तावों में से विद्यालय के सौन्दर्य एवं उपयुक्तता के अनुकूल कार्य कराने का अंतिम निर्णय प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय का होगा।
(vi) इस कोटेशन आमंत्रण सूचना को किसी भी समय रद्द करने का अधिकार प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय को होगा।

प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट

PR 305700 (Human Resource Developement) 23-24 (D)


## राष्ट्रपति चुनाव लड़ेंगे फॉक्सकॉन कंपनी के फाउंडर टेरी गॉ, बोले-

# ताइवान को नहीं बनने दूंगा अगला यूक्रेन



**एजेंसी। ताइपे**
विद्युत क्षेत्र की दिग्गज कंपनी फॉक्सकॉन के संस्थापक और अरबपति टेरी गॉ ने महीनों से लगाई जा रही अटकलों पर सोमवार को विराम लगाते हुए 2024 में होने वाले ताइवान के राष्ट्रपति चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर किस्मत आजमाने की घोषणा की। गॉ ने मीडिया को संबोधित करते हुए डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी की आलोचना की और कहा कि सरकार की नीतियों ने ताइवान को चीन के साथ युद्ध के खतरे की ओर धकेल दिया है। गॉ ने कहा कि मैं ताइवान को अगला यूक्रेन नहीं बनने दूंगा। ताइवान की सुरक्षा और विकास सबसे ज्यादा अहम है। चीन, स्व-शासित द्वीप ताइवान पर अपने क्षेत्र का हिस्सा होने का दावा करता है। उन्होंने कहा कि ताइवान को अर्थव्यवस्था और गृह संबंधी अन्य मामलों पर नए दृष्टिकोण की भी जरूरत है। उन्होंने कहा कि अंदरुनी मामलों की बात करें तो राष्ट्रीय नीतियां त्रुटियों से भरी हुई हैं। सरकार के पास ताइवान उद्योग जगत और लोगों की आजीविका से संबंधित समस्याओं को हल करने का कोई रास्ता नहीं है।'' पूर्व में होन हाई प्रिसीशियन इंडस्ट्री के नाम से जानी जाने वाली गॉ की फॉक्सकॉन एप्पल की एक बड़ी आपूर्तिकर्ता है और चीन में उसकी कई फैक्टरियां हैं। गॉ लंबे समय से राष्ट्रपति पद की दावेदारी कर रहे हैं। उन्होंने 2019 राष्ट्रपति चुनाव में दावेदारी पेश की थी लेकिन डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी की साई इंग-वेन ने उन्हें आसानी से हराकर फिर से चुनाव जीत लिया था। गॉ ने इस बार शुरू में चीन से दोस्ताना रिश्ते रखने वाली विपक्षी पार्टी गुओमिंदांग से उम्मीदवार बनाए जाने की मांग की थी। हालांकि पार्टी ने न्यू ताइपे शहर के मेयर होउ यू-इह को अपना उम्मीदवार बनाया है। गॉ ने कहा कि उन्हें लगता है कि उनके पास ताइवान के लोगों के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर योगदान देने के लिए कुछ है। उन्होंने कहा, ''मैंने विशेषरूप से सीमा पार संबंधों (चीन के साथ), आर्थिक विकास या अंतरराष्ट्रीय संबंधों के विषयों पर हाल ही में कोई ठोस चर्चा नहीं देखी है।

## तुर्की खुफिया एजेंसी ने इराक में पीकेके के वरिष्ठ सदस्य को मार डाला

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रीय खुफिया संगठन (एमआईटी) ने उत्तरी इराक में एक ऑपरेशन में कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के एक वरिष्ठ सदस्य की हत्या कर दी। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। अर्ध-आधिकारिक अनादोलु एजेंसी ने अज्ञात सुरक्षा सूत्रों के हवाले से बताया कि कादरी एनकू, जिसका कोड-नाम ₹डोगनर₹ था, को इराक के गारा क्षेत्र में मार डाला गया। पीकेके सदस्य 2006 में समूह के ग्रामीण रैंक में शामिल हुए और उन्हें जैप क्षेत्र में प्रशिक्षित किया गया। सूत्रों ने कहा, वह इराक और सीरिया के बीच समूह के सदस्यों और हथियारों के हस्तांतरण के लिए जिम्मेदार था। सूत्रों ने बताया कि वह उत्तरी इराक के गारा, जैप, मेटिना और हफ्तानिन क्षेत्रों में समूह के सदस्यों के लिए मार्ग, साथ ही हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध करा रहा था, जिसका उद्देश्य तुर्की में हमला करना था। अनादोलु ने बताया कि वह समूह की विदेशी संबंधों की गतिविधियों में भी शामिल था। समाचार के अनुसार, तुर्की की खुफिया एजेंसी ने हाल के वर्षों में तुर्की के दो दक्षिणपूर्वी पड़ोसियों इराक और सीरिया में ₹आतंकवादी₹ गतिविधियों को खत्म करने के लिए अपने अभियान तेज कर दिए हैं।

# सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच शेयर बाजार में रहा उतार-चढ़ाव

**एजेंसी। नई दिल्ली**
सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार सोमवार को सपाट स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। आज के कारोबार कि शुरूआत मामूली मजबूती के साथ हुई थी, लेकिन लिवालों और बिकवालों के बीच लगातार खींचतान होने के कारण शेयर बाजार की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव बना रहा। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.09 प्रतिशत और निफ्टी 0.15 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 21.57 अंक की मजबूती के साथ 64,908.08 अंक के स्तर पर खुला। बाजार खुलते ही लगातार उतार-चढ़ाव शुरू हो गया।


## कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा।

### (आवेदन-पत्र आमंत्रण सूचना)

वित्तीय वर्ष 2023–24 में सरकार के सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड राँची के राज्यादेश सं0 08 रा0 (वि0), दिनांक 13.06.2023 के द्वारा प्राप्त लक्ष्य के आलोक में **केज कल्चर विस्तार और सुदृढीकरण योजना** के अंतर्गत **केज रिमॉडलिंग** हेतु केज लाभुकों/मत्स्यजीवी सहयोग समिति से आवेदन–पत्र आंमत्रित किया जाता है जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 स0 | योजना का नाम | भौतिक लक्ष्य (संख्या में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | केज रिमॉडलिंग | 10 | |

अहर्त्ता :–
1. केज प्राकृतिक आपदा, स्थानीय चक्रवात, क्रॉप क्रैश के कारण टुटे हुए केज हो।
2. केज रिमॉडलिंग हेतु लाभुक पूर्व में केज धारक अथवा जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समिति का सदस्य हो। मत्स्यजीवी सहयोग समिति भी लाभुक हो सकती है।
3. लाभुक अपना अंशदान लागने का इच्छुक/समक्ष हो।
4. 04 केज– 01 बैटरी मॉडल अथवा दो केज 01 बैटरी मॉडल में अधिकत्तम 02 लाभुक साझा हो सकते है।
5. जलाशयों के विस्थापित केज धारकों को प्राथमिकता दी जायेगी।
6. आवेदन पत्र के साथ क्षतिग्रस्त केज का फोटोग्राफ (देशान्तर/अक्षांश) सहित लगाना अनिवार्य होगा।

उपर्युक्त योजनान्तर्गत कार्यालय में आवेदन जमा करने की **अंतिम तिथि 15.09.2023** है एवं इसके संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस मे जिला मत्स्य कार्यालय, चतरा के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। आवेदन पत्र कार्यालय अवधि में कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त की जा सकती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा।

PR 305708 (Fish) 23-24 (D)



## कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा।
(अभियंत्रण कोषांग)
Phone Number:- 06526-222064 email-id: zplohardaga@gmail.com

ई–निविदा
### निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा संख्या – 06/2023–24 दिनांक 25.08.2023

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | भण्डरा | बेदाल | ऑगनबाडी केन्द्र भवन बेदाल 1 का भवन निर्माण | 1541300.00 | 5000.00 | 30900.00 | 06(छः) माह |
| 2 | भण्डरा | बुडका | ऑगनबाडी केन्द्र भवन बुडका का भवन निर्माण | 1541300.00 | 5000.00 | 30900.00 | 06(छः) माह |
| 3 | पेशरार | जुडनी | ऑगनबाडी केन्द्र भवन जुडनी का भवन निर्माण | 1541300.00 | 5000.00 | 30900.00 | 06(छः) माह |
| 4 | पेशरार | गढकसमार | ऑगनबाडी केन्द्र भवन गढकसमार साईन टोली का भवन निर्माण | 1541300.00 | 5000.00 | 30900.00 | 06(छः) माह |
| 5 | सेन्हा | आरा | ऑगनबाडी केन्द्र भवन आरा मुस्लिम टोली का भवन निर्माण | 1541300.00 | 5000.00 | 30900.00 | 06(छः) माह |
| 6 | सेन्हा | अलौदी | ऑगनबाडी केन्द्र भवन अलौदी का भवन निर्माण | 1541300.00 | 5000.00 | 30900.00 | 06(छः) माह |
| 7 | सेन्हा | बुटी | ऑगनबाडी केन्द्र भवन बुटी डुम्बर टोली का भवन निर्माण | 1541300.00 | 5000.00 | 30900.00 | 06(छः) माह |
| 8 | सेन्हा | बुटी | ऑगनबाडी केन्द्र भवन बुटी खास का भवन निर्माण | 1541300.00 | 5000.00 | 30900.00 | 06(छः) माह |

2 वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 06.09.2023
3 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :– 20.09.2023/05:00 बजे अपराह्न तक
4 अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य(हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय :– 21.09.2023/01:00 बजे अपराह्न तक
5 निविदा खोलने की तिथि व समय :– 21.09.2023/05:00 बजे अपराह्न
6 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
7 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं । संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद्, लोहरदगा

PR 305698 (Lohardaga) 23-24 (D)



## प्राचार्य का कार्यालय,मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू।
पोखराहा,पो0–रजवाडीह,822118
Email-Palamumedicalcollege@gmail.com

पत्रांक.................मेदिनीनगर, दिनांक...................../2023

### अल्पकालीन ई0–निविदा सूचना (NIT)
ई0–निविदि सं0 03/2023–24

| Sl no | Details | Timelines/Other Particulars |
|---|---|---|
| 1 | कार्यालय का नाम | मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू में कैफेटेरिया संचालन हेतू। |
| 2 | निविदा जारी करने वाले पदाधिकारी का नाम | प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कालेज,पलामू। |
| 3 | बेवसाईट पर एन0आई0टी0(Online)प्रकाषन की तिथि | दिनांक 31.08.2023, पूर्वाहन् 11 बजे से |
| 4 | बेवसाईट पर निविदा Online Submission प्रारम्भ की तिथि। | दिनांक 01.09.2023, पूर्वाहन् 11 बजे से |
| 5 | wwwjharkhandtender.gov.in पर निविदा Upload किये जाने की अंतिम तिथि तथा समय। | दिनांक 11.09.2023,पूर्वाहन् 11 बजे तक। |
| 6 | निविदा शुल्क,अग्रधन की राषि,एवं तकनीकी निविदा की वास्तविक कॉपी (IInd copy) जमा करने की अन्तिम तिथि (By Registered or Speed Post ) | दिनांक 18.09.2023 पूर्वाहन् 05:बजे से अपराहन् तक प्राचार्य,मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू के कार्यालय में। |
| 7 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि तथा समय | दिनांक 20.09.2023, पूर्वाहन् 03:00बजे |
| 8 | Tender Fee | रूपया 1500/–(एक हजार पॉच रूपये)का किसी राष्ट्रीयकृत बैक के द्वारा निर्गत बैक ड्राफ्ट जो Principal, medinirai Medical college, Palamu के पदनाम से निर्गत होगा। तथा यह राषि Non-Refundable होगा। |
| 9 | Earnest Money (EMD) | रूपया 25000/–(पचीस हजार रूपये)का किसी राष्ट्रीयकृत बैक के द्वारा निर्गत बैक ड्राफ्ट जो Principal,medinirai Medical college, Palamu के पदनाम से निर्गत होगा। तथा यह राषि Refundable होगा। |

नोटः– निविदा केवल ई–टेन्डर के माध्यम से ही स्वीकार किया जायगा। संबंधित अतिरिक्त जानकारी
wwwjharkhandtender.gov.in पर उपलब्ध है।

प्राचार्य
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू।

PR 305701 District(23-24)D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

### निविदा स्थगन - सूचना

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन ई–निविदा संख्या – 07/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक 21.08.2023 जो PR 305161 Rural Development (23-24)D द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया है, उसे अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 305740 (Rural Work Department) 23-24 (D)



## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

### सैरात बन्दोबस्ती सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम मेदिनीनगर क्षेत्रान्तर्गत वाहन पार्किंग शुल्क वसुली हेतु निम्नांकित सैरातों की बन्दोवस्ती एक वर्ष के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक 08.09.2023 को 12.30 बजे अपराह्न को होगी। जिस सैरात की डाक उक्त तिथि को नहीं होगी। वह डाक दिनांक 15.09.2023 को 12.30 बजे अपराह्न को होगी। सैरातो की डाक मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय सभा कक्ष में की जाएगी।

| क्रमांक | सैरातों का नाम | सरकारी डाक राशि | जमानत राशि (सरकारी डाक राशि का 35% ) |
|---|---|---|---|
| 1 | कोयल रिभर फ्रंट (गिरिवर स्कूल से शिवाला मंदिर तक) | 15,00,000.00 | 5,25,000.00 |
| 2 | गांधी उद्यान (गांधी उद्यान के मुख्य गेट से कार्य0 पदा0 आवास) | 4,00,000.00 | 1,40,000.00 |
| 3 | कचहरी कैम्पस (कचहरी मुख्य गेट से बन्दोबस्त कार्यालय, जिला परिषद के सामने वन विभाग के गेट तक) | 8,00,000.00 | 2,80,000.00 |
| 4 | मुख्य डाक घर से तीनकोनिया गैरेज के तीनों तरफ साईबर क्राईम कार्यालय तक) | 1,00,000.00 | 35,000.00 |

नोट :– डाक की नियम एवं शर्ते कार्यालय सूचना पट्ट एवं विभागीय www.udhd.Jharkhand.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
उप नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 305695 District(23-24).D



## कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा
वीर बुद्धू भवन, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा
E-mail Id-lohardagadaho@gmail.com

### आम सूचना
### गाँठदार त्वचा रोग, (Lumpy Skin Disease)

गाँठदार त्वचा रोग गाय एंव भैस वंषीय पशुओं में होने वाला एक विषाणु जनित अति – संक्रामक रोग है। परंतु यह पशुओं से इंसानों में नहीं फैलता । यह, LSD वायरस के कारण होने वाले गोजातीय जानवरों (विशेषकर गायों) की एक अत्यधिक संक्रामक बीमारी है, जिससे पशुओं में मृत्यु दर 20% तक हो सकती है। इसके अलावा, पशु की प्रतिरक्षा प्रणाली में कमी के कारण इसका दीर्घकालिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसके मद्देनजर आमजन एवं पशुपालकों को जागरूक किया जाता है कि संक्रमित पशुओं में आँख एवं नाक से श्राव, लसिका, ग्रंथियों (Lymph Glands) में सूजन, तेज बुखार (106°F) त्वचा पर गाँठदार घावों का उभरना, मादा पशुओं में थनैला, निमोनिया आदि लक्षण पाये जाते है। संक्रमित पशुओं के दूध को अच्छी तरह उबाल कर ही सेवन करें।

**रोग के फैलने का कारण एवं रोकथामः–**
1. पशुओं का बाजार लगाना, एक राज्य/क्षेत्र से दूसरे राज्य पशु का आना–जाना आदि, यह रोग को बढ़ावा देता है। इसलिए इसे रोकें।
2. संक्रमित पशु का रक्त, मच्छर, मक्खी जैसा रक्त चूसने वाले अथवा काटने वाले कीटों के माध्यम से स्वस्थ पशुओं में रोग फैलता है। अतः पशुओं के रहने के स्थान को साफ–सुथरा रखें।
3. रोगी पशु के संपर्क से, लार से, नाक के स्त्राव, गांठों का मवाद/जख्म से, संक्रमित चारे/पानी से भी LSD रोग स्वस्थ पशुओं में फैलता है। अतः संक्रमित पशु को अलग रखें।

**संक्रमण से बचाव के उपाय**
1. निम्नलिखित औषधियों का प्रयोग संक्रमण से बचाव के लिए किया जा सकता हैः–

| घटक | मात्रा |
|---|---|
| तुलसी के पत्र | 1 मुट्ठी |
| दालचीनी | 5 ग्राम |
| सोंठ पाउडर | 5 ग्राम |
| काली मिर्च | 10 नग |
| गुड | आवष्यक मात्रा |

- उपरोक्त सामग्री एक खुराक की मात्रा है।
- उपरोक्त खुराक को सुबह शाम लडडू बनाकर खिलाएं।

2.आंवला , अश्वगंधा, गिलोय एवं मुलेठी में से किसी एक को 20 ग्राम की मात्रा में गुड मिलाकर सुबह शाम लडडू बनाकर खिलाएं।

**आयुर्वेदिक पशु चिकित्सा औषध व्यवस्था**
1.संक्रमण होने के बाद प्रथम तीन दिनों के लिए औषध व्यवस्था –

| घटक | मात्रा |
|---|---|
| पान के पत्ते | 10 नग |
| काली मिर्च पाउडर | 10 नग |
| ढेलेवाला नमक | 10 नग |
| गुड | आवश्यक मात्रा |

गौ जाति एवं भैंस जाति में यदि इस तरह के लक्षण पाये जाते हैं तो निकटतम पशुचिकित्सा पदाधिकारी को सूचित करें ताकि पशुचिकित्सा एवं रोकथाम की कारवाई की जा सके।

–:निवेदकः–
जिला पशुपालन पदाधिकारी लोहरदगा

PR305673 (Lohardaga)23-24*D



## Deputy Commissioner-cum- District Magistrate,Gumla
District E-Governance Society
Email- edpm.gumla@gmail.com website: www.gumla.nic.in

**Tender Reference No:** …159/DeGS……`**Date**: …26/08/2023……

**Request for Proposal (RFP):** Gumla Administration invites proposals from reputed technical (IT) vendors for the development and maintenance of an online platform (website and android based application) capable of displaying all Central and State Government schemes where the beneficiary is entitled to cash or in-kind benefits.

| | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Proposals from reputed technical (IT) vendors for development and maintenance of an online platform (website and android-based application) capable of displaying all Central and State Government schemes where the beneficiary is entitled to cash or in-kind benefits. |
| 2 | Period of Work | 120 Days for development of the website and application and three years of maintenance. |
| 3 | Date of Publication of Bid on the Website | 28.08.2023 |
| 4 | Bid Cost | Nil |
| 5 | Earnest Money to be Deposited (EMD) | Rs.10,000.00 in the form of DD (Valid for at least three months from the last date of submission of the bid) in favor of **Deputy Commissioner Gumla.** Agencies registered under MSME Jharkhand are exempted. |
| 6 | Pre-Bid Meeting | Date: 02.09.2023 Time: 4:00 PM It will be an online meeting. Thus, the interested agency must put a request for a **Meeting link** over email before 11:00 AM on 02.09.23 |
| 7 | Last date and time of receipt of bid | Date: 11.09.2023 (12:00 PM) |
| 8 | Date and time of opening of Bid | Date:11.09.2023 (03:00 PM) |
| 9 | Presentation | Date:11.09.2023 (4:00 PM) |
| 10 | Bid submission Place | **Jila Vikash Sakha, Gumla** |
| 11 | Bid Opening Place | Conference Hall of New Collectorate Building Ground Floor, Gumla-835207 |
| 12 | Contact Number | Email Id: edpm.gumla@gmail.com |

Signature
**Deputy Commissioner cum District Magistrate, Gumla**

PR 305667 Gumla(23-24)#D

वह इंसान कभी भी आपका अहमियत नहीं समझेगा, जिसके लिए आप हमेशा उपलब्ध रहेंगे। – अज्ञात




# भारतीय ज्ञान व झारखंड

**झारखंड** के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एक कार्यक्रम में सही कहा है कि भारतीय ज्ञान प्रणाली विश्व में सर्वोत्तम है। इसके लिए हमलोगों में गौरव का भाव होना चाहिए। भारतीय ज्ञान परंपरा में जीवन जीने के तरीकों के साथ मानव मूल्य भी स्थापित थे। शिक्षा का अर्थ सिर्फ डिग्री ही नहीं, बल्कि ज्ञान अर्जित करना भी है। ऐसा ज्ञान, जिसमें बुजुर्गों के प्रति सम्मान हो, समाज के प्रति लगाव हो और विश्व बंधुत्व की भावना हो। उन्होंने कहा कि हमें भारतीय संस्कृति के संरक्षण के लिए प्रयास करना चाहिए। योग और आयुर्वेद की भारतीय पद्धति विश्व के लिए अनुकरणीय है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को राज्यपाल के वक्तव्य को गंभीरता से लेने की जरूरत है। कारण पूरी दुनिया में हमारी भारतीय संस्कृति की कोई शान नहीं है। इसलिए तमाम लोगों को जीवन मूल्यों के प्रति सचेष्ट रहना चाहिए। अभी चन्द्रयान की सफलता इस बात का को दर्शाता है कि भारत विश्व गुरू बनने की दिशा में काफी आगे बढ़ चला है। ऐसे में प्रत्येक भारतीय को देश को आगे बढ़ाने में सहयोग करना चाहिए। चंद्रयान के वैज्ञानिकों की बातों को गंभीरता से देखें तो उन्होंने कहा है कि संस्कृत के शास्त्रों में विज्ञान के बीज बिखरे पड़े हैं। संस्कृत के शास्त्रों में वर्णित ज्ञान अतुलनीय है। हमें मैकाले की शिक्षा प्रणाली को बदलना होगा और इसके लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में अनेक प्रावधान किये गये हैं। भारतीय ज्ञान प्रणाली को प्रोत्साहन देना इस शिक्षा नीति के प्रधान उद्देश्यों में एक है। इस शिक्षा नीति के फलस्वरूप भारत निकट भविष्य में नवाचारों का केन्द्र बनने की दिशा में आगे बढ़ चला है। राज्य में संस्कृत शिक्षा को आगे बढ़ाने की जरूरत है। कारण यह हमारी संस्कृति की संरक्षिका है, जिसमें सुदृढ़ सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था के आधारभूत तत्व सन्निहित हैं। ज्ञान की कोई भी शाखा संस्कृत से अछूती नहीं है। इसीलिए संस्कृत का अध्ययन सभी लोगों को करना चाहिए। आयुर्वेद, योग, संगीत शास्त्र आदि विभिन्न विद्याएं संस्कृत से ही विकसित हुई हैं। भारतीय संस्कृति और दर्शन का वैश्विक प्रभाव निर्विवाद रूप से दृष्टिगोचर होता है। संस्कृत के शास्त्रों की धरोहरों को भावी पीढ़ी के लिए न केवल संरक्षित किया जाना चाहिए, बल्कि उसके अनुसंधान की भी आवश्यकता है। ऋतुपरिवर्तन, आतंकवाद, मानसिक तनाव जिससे मानव जाति जूझ रही है, इन सबके निदान में भारतीय ज्ञान परम्परा का महत्त्वपूर्ण योगदान है। वर्तमान समय में इस बात की आवश्यकता है। बहरहाल संस्कृत वाङ्मय में भारतीय ज्ञान परम्परा न केवल श्रुति परम्परा से संरक्षित है, बल्कि संस्कृत की विशाल ज्ञान राशि हमारे महर्षियों के द्वारा लिपिबद्ध भी की गई है। ऐसे में इन तमाम बातों को ध्यान रखते हुए हेमंत सरकार को आगे बढ़ने से कई प्रकार की समस्याओं का स्वतःसमाधान हो जायेगा। बहरहाल झारखंड की वादियों में ज्ञान की धारा बहती है। अब बस जरुरत है उसे सहेज कर रखने की। राज्यपाल के वक्तब्य वर्तमान समय में सारगर्भित हैं। ऐसे में झारखण्ड सरकार को चाहिये कि ज्ञान की अविरल धारा को स्वर देने में सहयोग करें। कारण यहां का ज्ञानमय कोष का लोहा पूरा देश मानता है।

**शिक्षा का अर्थ सिर्फ डिग्री ही नहीं, बल्कि ज्ञान अर्जित करना भी है। ऐसा ज्ञान, जिसमें बुजुर्गों के प्रति सम्मान हो, समाज के प्रति लगाव हो और विश्व बंधुत्व की भावना हो। उन्होंने कहा कि हमें भारतीय संस्कृति के संरक्षण के लिए प्रयास करना चाहिए। योग और आयुर्वेद की भारतीय पद्धति विश्व के लिए अनुकरणीय है।**

# अब सूर्य पर भारत फतेह से दुनिया चमत्कृत होगी





ललित गर्ग

**चंद्र** अभियान की ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय सफलता के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) एक नया इतिहास गढ़ने एवं एक और मैदान फतेह करने को तत्पर है और सूरज का अध्ययन करने के लिए संभवतः दो सितंबर, 2023 'आदित्य-एल 1' यानी सूर्य मिशन के प्रक्षेपण की तैयारी कर रहा है। 'आदित्य-एल 1' अंतरिक्ष यान को सौर कोरोना (सूर्य की सबसे बाहरी परतों) के दूरस्थ अवलोकन और एल-1 (सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंजियन बिंदु) पर सौर हवा के यथास्थिति अवलोकन के लिए बनाया गया है, इस मिशन की मदद से स्पेस में मौसम की मोबिलिटी, सूरज के तापमान, सोलर स्टॉर्म, एमिशन और अल्ट्रावॉयलेट रेज के धरती और ओजोन लेयर पर पड़ने वाले प्रभावों की स्टडी की जा सकेगी, जिससे मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों को सकारात्मक मोड़ देने में सुविधा रहेगी। यह भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक और मील का पत्थर होगा। इस प्रक्षेपण के बाद अमरीका, जर्मनी और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के बाद भारत सूर्य के पास उपग्रह भेजने वाला चौथा देश बन जायेगा। आदित्य एल-1 को पृथ्वी-सूर्य प्रणाली की ऑर्बिट के पांच बिंदुओं में से एक लैग्रेंज-1 में स्थापित किया जायेगा। यहां सूर्य पर ग्रहण के दौरान भी नजर रखी जा सकती है। यह पॉइंट पृथ्वी से 15 लाख किमी. दूर है। निश्चित ही चंद्रयान-3 के 3.84 लाख किमी. के सफर के मुकाबले आदित्य एल-1 का सफर कहीं ज्यादा चुनौती एवं संघर्षपूर्ण होगा। दुनिया भर के वैज्ञानिक ब्रह्माण्ड के रहस्यों को जानने में जुटे हैं। जिस सौरमंडल में हम रहते हैं, उसे समझने के लिए सूर्य को जानना जरूरी है। सूर्य की ऊर्जा का अध्ययन धरती पर नहीं किया जा सकता। इसलिए दुनिया की दूसरी अंतरिक्ष एजेंसियों की तरह इसरो भी सूर्य के पास जाकर अध्ययन करना चाहता है। उसका पहला सूर्य अभियान सूर्य के कोरोना, प्रकाश मंडल, क्रोमोस्फीयर, सौर उत्सर्जन, सौर तूफानों और कोरोनल मास इजेक्शन के अध्ययन के साथ-साथ सूर्य की संपूर्ण इमेजिंग के नये द्वार खोल सकता है। लगातार चमकने वाला सूर्य, जहां ऊर्जा के लिए निरंतर विस्फोट होते रहते हैं, हमेशा से रहस्य का विषय रहा है। लेकिन ये विस्फोट कब होंगे और इसके प्रभाव क्या होंगे, इसकी सटीक जानकारी धरतीवासियों को नहीं है। ऐसे में इस टेलीस्कोप का एक उद्देश्य इनकी स्टडी करना है। वैज्ञानिकों का मानना है कि मिशन के तहत अलग-अलग तरह के डाटा को जुटाकर ऐसी व्यवस्था बनाई जा सकेगी जिससे धरती को होने वाले नुकसान के बारे में पहले से अलर्ट किया जा सकेगा। इस अभियान की कामयाबी इसरो के लिए अंतरिक्ष में एक और अहम छलांग होगी। इससे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी भी बढ़ेगी, जो कि फिलहाल सिर्फ दो फीसदी है। इसमें वृद्धि के लिए इसरो को उसकी महत्त्वाकांक्षाओं के अनुरूप सरकार से हरसंभव मदद मिलनी चाहिए। नया भारत एवं सशक्त भारत निर्मित करने की अनेक बहुद्देश्यीय एवं बहुआयामी योजनाएं आजादी के अमृतकाल में आकार लेने के लिये उजावली हैं, उन्हीं योजनाओं में अंतरिक्ष के अनुसंधान एवं अध्ययन से जुड़ी योजनाओं में से 'आदित्य-एल 1' एक बड़ी परियोजना है, जो सूर्य की गतिशीलता और उसके पास के मौसम की समझ में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। सूर्य का नाम आदित्य भी है, अतः इस नाम का अभियान या यान सबके आकर्षण का केंद्र बने, तो कोई आश्चर्य नहीं। यह अभियान दुनिया में एक भारतीय शब्द का प्रचार और भारत के अंतरिक्ष अभियान के स्वदेशी होने का अहसास करायेगा। योजना के अनुसार, यह यान कुल 125 दिन में सूर्य के पास की कक्षा में पहुंच जायेगा। सूर्य के एकदम निकट जाने के बारे में तो कोई सोच नहीं सकता, पर सूर्य के पास एक सुरक्षित कक्षा है जहां पहुंचकर कोई यान परिक्रमा करते हुए सूर्य को देख-परख सकता है। यह आदित्य अंतरिक्ष यान सात उन्नत उपयोगी उपकरणों से सुसज्जित है, जो सूर्य की विभिन्न परतों, प्रकाशमंडल और क्रोमोस्फीयर से लेकर सबसे बाहरी परत, कोरोना तक की जांच करने के लिए तैयार किये गये हैं। इरादा यह है कि सूर्य के पास घटित होने वाली तमाम गतिविधियों का डाटा एकत्र किया जाए, ताकि सूर्य की कुल क्रिया-प्रतिक्रिया को समझा जा सके। हम तेज सूर्य से आंख नहीं मिला पाते हैं, पर भारत का आदित्य यान सूर्य से सीधे आंख मिलाने में सक्षम होगा, इसमें लगे चार उपकरण तो केवल सूर्य को देखने का काम करेंगे, मतलब इस अभियान का मूल लक्ष्य सूर्य को करीब से देखना है। भारत पूरातन काल से ज्ञान-विज्ञान का असीम भंडार रहा है। हमारे ऋषियों-मनीषियों ने आचार-विचार, आत्म-विकास एवं गहन खोजों से चिकित्सा, दर्शन, अर्थ और सौरमंडल तक की ऐसी जानकारी प्रदान की है, जिसके बारे में विश्व को बहुत बाद में पता चला। स्वामी विवेकानन्द ने कहा भी है कि आधुनिक विज्ञान के सूत्र पुरातन काल में वेदों में लिखित सूत्र ही है। किसी भी आपदा या घटना का पूर्वानुमान भारत में इसी सौरमंडल की जानकारी के आधार पर ही संभव हुआ है। सूर्य में भारत की दिलचस्पी एवं श्रद्धाभाव को स्वाभाविक ही समझा जा सकता है। भारत एक ऐसा देश है जहां सूर्य को देवता मानकर पूजने वाले, पर्व-उपवास करने वाले लोग बड़ी संख्या में रहते हैं। भारतीय पौराणिक कथाओं में सूर्य एक चरित्र या किरदार के रूप में पुरजोर उपस्थित है। इसलिये कोई आश्चर्य नहीं, भारतीय ज्यादा श्रद्धाभाव से सूर्य का अध्ययन करते हुए विश्व मानवता को उपकृत सकेंगे। क्योंकि अब भारत पुरातन ज्ञान से अत्याधुनिक विज्ञान की स्वर्णिम यात्रा पर बढ़ रहा है। निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरगामी सोच एवं प्रोत्साहन से देश की वैज्ञानिक सोच एवं उपक्रमों को नया आधार मिल रहा है। वह भी अद्भुत दृश्य था, प्रधानमंत्री जब ब्रिक्स समिट एवं अन्य देशों की यात्रा से सीधे इसरो मुख्यालय पहुंचे और विज्ञानियों और इंजीनियरों से खास तौर पर मुलाकात की और उनके योगदान को सराहा। इसे प्रधानमंत्री ने यह कहकर अच्छे से रेखांकित किया कि जब हम अपनी आंखों के सामने इतिहास बनते हुए देखते हैं तो जीवन धन्य हो जाता है और ऐसी ऐतिहासिक घटनाएं जीवन में चिरंजीव चेतना बन जाती हैं।

**आदित्य एल-1 को पृथ्वी-सूर्य प्रणाली की ऑर्बिट के पांच बिंदुओं में से एक लैग्रेंज-1 में स्थापित किया जायेगा। यहां सूर्य पर ग्रहण के दौरान भी नजर रखी जा सकती है। यह पॉइंट पृथ्वी से 15 लाख किमी. दूर है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने कथा कृष्ण भक्त मीरा की*

**दधि मथि घृत काढ़ि लियौ डारि दई छोई। भगत देखि राजी भई, जगत देखि रोई। दासी मीरा लाल गिरिधर तारो अब मोई। पायो जी मैंने नाम रतन धन पायो। बस्तु अमोलक दी म्हारे सतगुरु, किरपा कर अपनायो। जनम जनम की पूंजी पाई, जग में सभी खोवायो। खरचै नहिं कोई चोर न लेवै, दिन-दिन बढ़त सवायो। सत की नाव खेवहिया सतगुरु, भवसागर तर आयो। मीरा के प्रभु गिरधर नागर, हरख-हरख जस पायो।।**

*(समाप्त)*

**आइये सुने कथा राम भक्त जामवंत जी की**

रामायण काल में हमारे देश में तीन प्रकार की संस्कृतियां अस्तित्व मे थी उत्तर भारत में आर्य संस्कृति जिनके प्रमुख राजा दशरथ है जो श्री राम के पिता थे। दक्षिण भारत में अनार्य संस्कृति जिनका प्रमुख रावण था और तीसरी संस्कृति देश के मध्य भारत मैं जनजातियों और आदि वासियों के रूप में अस्तित्व में थी जिनके संरक्षण महाऋषि अगस्त मुनि थे। अगस्त मुनि वनवासियों के गुरु और मार्गदर्शन थे वानर राज बाली सुग्रीव जामवंत हनुमान नल और नील आदि अगस्त मुनि के शिष्य थे। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार जामवंत सतयुग त्रेता युग में भी थे और द्वापर युग में भी उनके होने का वर्णन मिलता है। एक और जहां हनुमान जी और भीम को पवन पुत्र माना गया है वही जामवंत जी को अग्नि पुत्र कहा गया है जामवंत की माता एक गंधर्व कन्या थी। मान्यता अनुसार भगवान ब्रह्मा ने एक ऐसे रिच मानव बनाया था जो पैरों से चल सकता था और जो मानवो से संवाद भी कर सकता था। पुराणों के अनुसार वानर और मानवों की तुलना मे अधिक विकसित रिच जनजाति का उल्लेख मिलता है।

*(क्रमशः)*

# आत्मनिर्भर भारत का अभूतपूर्व अंतरिक्ष अध्याय



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**नए** भारत की विकास यात्रा में चंद्रयान का सफल अभियान भी शामिल हुआ। आत्मनिर्भर भारत का यह अभूतपूर्व अध्याय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के प्रयासों से संकल्प सिद्ध हो रहे हैं। इसके पहले कोरोना की दो वैक्सीन बना कर भारत ने अपनी प्रतिभा का दुनिया को प्रमाण दिया था। सैकड़ों देशों तक भारतीय वैक्सीन पहुंची थी। पिछले दिनों अमृत रेलवे-स्टेशन निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ था। डिजिटल अभियान में भारत की प्रगति शानदार है। यह सब अमृतकाल की गरिमा बढ़ा रहे हैं। इसी अवधि में भारत जी-20 का अध्यक्ष बना। दुनिया भारत के विचारों से परिचित हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले चंद्रयान अभियान की विफलता पर इसरो के वैज्ञानिकों का हौसला बढ़ाया था। उन्होंने कहा था कि हमारे संस्कार, हमारा चिंतन, हमारी सोच, इस बात से भरी पड़ी है, जो हमें कहते हैं- **वयं अमृतस्य पुत्राः**। हम अमृत की संतान हैं जिसके साथ अमरत्व जुड़ा हुआ रहता है। अमृत के संतान के लिए न कोई रुकावट है, न हो कोई निराशा। हमें पीछे मुड़कर निराशा की तरफ नहीं देखना है, हमें सबक लेना है, सीखना है, आगे ही बढ़ते जाना है और लक्ष्य की प्राप्ति तक रुकना नहीं है। हम निश्चित रूप से सफल होंगे। मिशन के अगले प्रयास में भी और उसके बाद के हर प्रयास में कामयाबी हमारे साथ होगी। 21वीं सदी में भारत के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने से पहले हमें कोई भी क्षणिक बाधा रोक नहीं सकती। उनका कथन सत्य साबित हुआ। चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग होते ही प्रधानमंत्री मोदी ने तिरंगा लहराया। कहा, जब हम ऐसे ऐतिहासिक क्षण देखते हैं तो हमें बहुत गर्व होता है। ये नये भारत का सूर्योदय है। हमने धरती पर संकल्प किया और चांद पर उसे साकार किया। भारत अब चंद्रमा पर है। ये क्षण मुश्किलों के महासागर को पार करने जैसा है। ये क्षण जीत के चंद्रपथ पर चलने का है। ये क्षण 140 करोड़ धड़कनों के सामर्थ्य का है। ये भारत में नई ऊर्जा, नई चेतना का है। अमृतकाल की प्रथम प्रभा में सफलता की ये अमृतवर्षा हुई है। हमने धरती पर संकल्प लिया और चांद पर उसे साकार किया। जब हम अपनी आंखों के सामने इतिहास बनते देखते हैं तो जीवन धन्य हो जाता है। यह पल विकसित भारत के शंखनाद का है। इससे पहले कोई भी देश चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव तक नहीं पहुंचा है। हमारे वैज्ञानिकों की मेहनत से हम वहां तक पहुंचे हैं। भारत का सफल चंद्रमा मिशन अकेले भारत का नहीं है। यह सफलता पूरी मानवता की है। प्रधानमंत्री मोदी ने नये भारत का रोडमैप बनाया था। उसमें भारत को विकसित देशों की श्रेणी में पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। अंतरिक्ष क्षेत्र में क्षमता का वाणिज्यिक उपयोग के लिए न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड नाम से नये सार्वजनिक उपक्रम का गठन किया गया है। इसका मकसद इसरो के लाभ का पूरा उपयोग करना है। यह संकल्प सिद्ध हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के न्यू इंडिया विजन में विकास और लोक कल्याण का समावेश है। भारत को विकसित बनाने का संकल्प है। संकल्प को सिद्ध करने की इच्छाशक्ति है। उनकी नौ वर्ष की यह यात्रा यही प्रमाणित करती है। इस नये भारत का रेलवे भी नया है, क्योंकि रेलवे में विकास की दृष्टि से भी नौ साल बेमिसाल हैं। देश के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों और तीर्थ स्थानों को जोड़ने के लिए इन दिनों भारत गौरव यात्रा ट्रेन और भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन भी चल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व कल्याण के दृष्टिगत दुनिया को भारतीय विरासत से परिचित करा रहे हैं। उनके प्रयासों से अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। आजादी के अमृतकाल में भारत के जी-20 की अध्यक्षता करना बड़ा अवसर है। यह ऐसे देशों का समूह है जो विश्व के सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी में 85 प्रतिशत की भागीदारी रखता है।

**डिजिटल अभियान में भारत की प्रगति शानदार है। यह सब अमृतकाल की गरिमा बढ़ा रहे हैं। इसी अवधि में भारत जी-20 का अध्यक्ष बना। दुनिया भारत के विचारों से परिचित हो रही है।**

चंद्रयान

## फोटो की दुनिया





## फेसबुक वॉल से





# गेंद आई तो फिर दद्दा की हो गई



योगेश कुमार गोयल

**प्रतिवर्ष** 29 अगस्त को भारत में हॉकी के पूर्व कप्तान मेजर ध्यानचंद की जयंती को 'खेल दिवस' के रूप में मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में 29 अगस्त 1905 को जन्मे ध्यानचंद हॉकी के ऐसे महान खिलाड़ी और देशभक्त थे कि उनके करिश्माई खेल से प्रभावित होकर जब एक बार जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने उन्हें अपने देश जर्मनी की ओर से खेलने का न्यौता दिया तो ध्यानचंद ने उसे विनम्रतापूर्वक ठुकराकर सदा अपने देश के लिए खेलने का प्रण लिया। वो मूल रूप से बुंदेलखंड के थे। उन्हें बुंदेलखंड में आज भी हर कोई प्यार से दद्दा कहकर पुकारता है। हालांकि उन्हें बचपन में खेलने का कोई शौक नहीं था और साधारण शिक्षा ग्रहण करने के बाद वे सोलह साल की आयु में दिल्ली में सेना की प्रथम ब्राह्मण रेजीमेंट में सिपाही के रूप में भर्ती हो गये थे। सेना में भर्ती होने तक उनके दिल में हॉकी के प्रति कोई लगाव नहीं था। सेना में भर्ती होने के बाद उन्हें हॉकी खेलने के लिए प्रेरित किया हॉकी खिलाड़ी सूबेदार मेजर तिवारी ने, जिनकी देखरेख में ही ध्यानचंद हॉकी खेलने लगे और बहुत थोड़े समय में ही हॉकी के ऐसे खिलाड़ी बन गये कि उनकी हॉकी स्टिक मैदान में दनादन गोल दागने लगी। उनकी हॉकी स्टिक से गेंद अक्सर इस कदर चिपकी रहती थी कि विरोधी टीम के खिलाड़ियों को लगता था, जैसे ध्यानचंद किसी जादुई हॉकी स्टिक से खेल रहे हैं। इसी शक के आधार पर एक बार हॉलैंड में उनकी हॉकी स्टिक तोड़कर भी देखी गई कि कहीं उसमें कोई चुम्बक या गोंद तो नहीं लगा है लेकिन किसी को कुछ नहीं मिला। उन्हें अपने जमाने का हॉकी का सबसे बेहतरीन खिलाड़ी माना जाता है, जिसमें गोल करने की कमाल की क्षमता थी। भारतीय ओलम्पिक संघ द्वारा ध्यानचंद को शताब्दी का खिलाड़ी घोषित किया गया था। 1922 में सेना में भर्ती होने के बाद से 1926 तक ध्यानचंद ने केवल आर्मी हॉकी और रेजीमेंट गेम्स खेले। उसके बाद उन्हें भारतीय सेना टीम के लिए चुना गया, जिसे न्यूजीलैंड में जाकर खेलना था। उस दौरान हुए कुल 21 मैचों में से उनकी टीम ने 18 मैच जीते जब कि दो मैच ड्रा हुए और केवल एक मैच उनकी टीम हारी। मैचों में ध्यानचंद के सराहनीय प्रदर्शन के कारण भारत लौटते ही उन्हें लांस नायक बना दिया गया और उन्हें सेना की हॉकी टीम में स्थायी जगह मिल गई। 1928 में एम्सटर्डम में होने वाले ओलम्पिक के लिए भारतीय टीम का चयन करने हेतु भारतीय हॉकी फेडरेशन द्वारा टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कुल पांच टीमों ने हिस्सा लिया। ध्यानचंद को सेना द्वारा यूनाइटेड प्रोविंस की ओर से टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति मिल गई और अपने शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें ओलम्पिक में हिस्सा लेने वाली टीम में जगह मिल गई। 1928, 1932 और 1936 के ओलम्पिक खेलों में ध्यानचंद ने न केवल भारत का नेतृत्व किया बल्कि लगातार तीनों ओलम्पिक में भारत को स्वर्ण पदक भी दिलाये। दो बार के ओलम्पिक चैम्पियन केशव दत्त का ध्यानचंद के बारे में कहना था कि वह हॉकी के मैदान को उस ढ़ंग से देख सकते थे, जैसे शतरंज का खिलाड़ी चेस बोर्ड को देखता है। इसी प्रकार भारतीय ओलम्पिक टीम के कप्तान रहे गुरुबख्श सिंह का कहना था कि 54 साल की उम्र में भी ध्यानचंद से भारतीय टीम का कोई भी खिलाड़ी बुली में उनसे गेंद नहीं छीन सकता था। मेजर ध्यानचंद ने 43 वर्ष की उम्र में वर्ष 1948 में अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहा। हॉकी में बेमिसाल प्रदर्शन के कारण ही उन्हें सेना में पदोन्नति मिलती गई और वे सूबेदार, लेफ्टिनेंट तथा कैप्टन बनने के बाद मेजर पद तक भी पहुंचे और 1956 में 51 वर्ष की आयु में सेना से मेजर पद से सेवानिवृत्त हुए। उसी वर्ष उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया।

**भारतीय ओलम्पिक संघ द्वारा ध्यानचंद को शताब्दी का खिलाड़ी घोषित किया गया था। 1922 में सेना में भर्ती होने के बाद से 1926 तक ध्यानचंद ने केवल आर्मी हॉकी और रेजीमेंट गेम्स खेले।**

खेल

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# कुर्ती में दिखना चाहती हैं पतली तो ऐसे करें कैरी

कई महिलाएं अपनी फिटनेस पर काफी ज्यादा ध्यान देती हैं। इसके लिए वह डाइट को फॉलो करने के साथ ही कपड़े पहनने के तरीके में भी बदलाव करती हैं। हम आपको इन तरीके की कुर्ती डिजाइन को स्टाइल करने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं। कई महिलाएं अपनी फिटनेस पर काफी ज्यादा ध्यान देती हैं। इसके लिए वह डाइट को फॉलो करने के साथ ही कपड़े पहनने के तरीके में भी बदलाव करती हैं। लेकिन इसके बाद भी अक्सर हम पतले नजर नहीं आते हैं। जिसकी वजह से हमारा मोटिवेशन कम होने लगता है। वहीं कुछ लोग पतले दिखने व होने के लिए अलग-अलग सजेशन देते हैं। लेकिन उसका भी हमारे शरीर पर कोई खास असर नहीं होता है। ऐसे में अगर आप भी फिट दिखना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। हम आपको इस आर्टिकल के जरिए कुर्ती डिजाइन को स्टाइल करने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको पहनकर आप स्लिम-ट्रिम नजर आएंगी।

### कोटी डिजाइन कुर्ती

अगर आपको भी स्लिम-ट्रिम दिखना चाहती हैं, तो आप कोटी डिजाइन वाली कुर्ती को कैरी कर सकती हैं। इस तरह की कुर्ती में आपको सिंपल डिजाइन को कैरी कर सकती हैं। इसमें आप डार्क कलर की डिजाइन चूज करें, इसमें आप पतली नजर आएंगी। साथ ही इनको कैरी करने से आप खूबसूरत भी दिखाई देंगी।





आप चाहें तो कुर्ती के साथ आप पेयर कोटी को भी कैरी कर सकती हैं। ऑनलाइन में इस तरह के डिजाइन काफी अच्छे मिल जाएंगे।

### फ्रंट स्लिट कुर्ती

पतला दिखने के लिए आपको फ्रंट स्लिट कुर्ती कैरी करनी चाहिए। हालांकि यह डिजाइन हर लड़की पसंद नहीं आती है। लेकिन आपको इसे एक बार जरूर ट्राई करना चाहिए। इसमें आप स्लिट मैक्सी टॉप का ऑप्शन भी चुन सकती हैं। अपनी पसंद से कलर ऑप्शन चुनें। साथ ही इस बात का भी ख्याल रखें कि इस तरह की कुर्ती में हैवी वर्क न हो, क्योंकि इससे आपका लुक बिगड़ सकता है। इस कुर्ती के साथ आप जींस या लैगिंग ट्राई करें।

### लॉन्ग कुर्ती डिजाइन

कई बार हम में से अधिकतर लोग प्लेयर वाली कुर्ती खरीद लेते हैं। लेकिन इस तरह की कुर्ती खरीदने की बजाय आप सिंपल लांग कुर्ती लें। जिसको पहनकर आप पतली दिखेंगी। इस तरह की डिजाइन वाली कुर्ती में आपको सिंपल और हैवी दोनों तरह के वर्क वाली कुर्ती मिल जाएगी।

### इन बातों का रखें खास ख्याल

इस तरह की कुर्ती में आपको लाइट कलर कैरी नहीं करना चाहिए।
इसके साथ ही कुर्ती का कपड़ा मोटा नहीं होना चाहिए।
कुर्ती में बहुत ज्यादा वर्क नहीं होना चाहिए।

# बिना किसी टूल व केमिकल के करें बालों को नेचुरली स्ट्रेट

घुंघराले बाल देखने में काफी ज्यादा सुंदर लगते हैं, लेकिन इन्हें स्टाइल करना उतना ही मुश्किल होता है। ऐसे में हम आपको बालों को स्ट्रेट करने के लिए कुछ नेचुरल टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं। घुंघराले बाल देखने में काफी ज्यादा सुंदर लगते हैं, लेकिन इन्हें स्टाइल करना उतना ही मुश्किल होता है। ऐसे में जिन लोगों के बाद घुंघराले होते हैं, उनकी यह ख्वाहिश होती है कि काश उनके बाल भी स्ट्रेट होते। इसलिए बालों को स्ट्रेट करने के लिए वह हीट टूल्स का भी इस्तेमाल करती हैं। जिसके कारण बाल बेजान होने लगते हैं। ऐसे में अगर आपके बाल भी घुंघराले हैं और आप बालों को स्ट्रेट करना चाहती हैं, तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बालों को स्ट्रेट करने के लिए कुछ नेचुरल टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं।



### बेहद कारगर है यह नुस्खा

नारियल का दूध- 1 कप
नींबू का रस- 2 चम्मच

**क्या करें?**

बता दें कि 1 कप नारियल के दूध में 2 चम्मच नींबू का रस मिक्स कर लें।
फिर करीब 30 मिनट के लिए इसे फ्रिज में स्टोर कर दें।
फ्रिज में रखने पर यह थोड़ा गाढ़ा हो जाएगा।
इसके बाद इसे मिक्सी में डालकर अच्छे से ब्लेंड कर लें।
अब इसे स्प्रे बोतल में रखकर बालों पर अप्लाई करें।
इससे आपके बाल स्ट्रेट होंगे।

### ऐसे करें इस्तेमाल

**हेयर वॉश करें :** बालों को धोने से पहले नारियल का दूध अप्लाई करें। लेकिन ध्यान रखें कि बालों को धोने के लिए शैंपू का इस्तेमाल नहीं करना है। आप सादे पानी से ही बालों को साफ करें।

**बालों को सुखाएं :** इसके बाद बालों के सुखाना ना भूलें। लेकिन बालों को सुखाने के लिए ब्लो ड्रायर की जगह सिर्फ तौलिए का इस्तेमाल करें।

**बालों में ऐसे लगाएं नारियल का दूध :** इसके बाद नारियल का दूध और शहद से बना स्प्रे बालों में अप्लाई करें। बालों की जड़ों से लेकर स्कैल्प तक स्प्रे करें।

**जरूर करें हेयर मसाज :** बालों में स्प्रे करने के बाद हेयर मसाज करना ना भूलें। फिंगरटिप से स्कैल्प को रब करते हुए करीब 5-7 मिनट तक बालों को मसाज दें। ऐसा करने से आपको रिलैक्स फील होने के साथ ही स्प्रे भी पूरे बालों में लग जाएगा। इसके बाद इस पेस्ट को 30 मिनट तक लगाए रहें। हालांकि इस दौरान आप किसी कैप आदि से अपने बालों को जरूर कवर कर लें।

**फिर धोएं बाल :** स्प्रे करने के बाद जब आपके बाल सूख जाएं, तो बालों को दोबारा धोएं। इस दौरान किसी हार्श केमिकल से बने शैंपू का इस्तेमाल की जगह सल्फेट फ्री शैंपू से ही बालों को धोएं। बालों को अच्छे से धोएं, ताकि नारियल के दूध की बदबू चली जाए। हेयर वॉश करने के बाद कंडीशनर अप्लाई करें। फिर बालों को नेचुरली सूखने दें। आप पाएंगी कि आपके बाल काफी हद तक स्ट्रेट हो गए हैं।

### ये भी जानें

अगर आप डैंड्रफ की समस्या से जूझ रही हैं, तो बालों में नींबू का रस अप्लाई करें, इससे आपको फायदा मिलेगा।
बता दें कि नारियल के दूध में फैटी एसिट मौजूद होता है। हेयर ब्रेकेज को रोकने के लिए भी आप नारियल के दूध का उपयोग कर सकती हैं।

❖ अनन्या मिश्रा

# आईलाइनर को लंबे समय तक टिकाए रखने के लिए फॉलो करें ये हैक्स

आईलाइनर चूज करते समय लड़कियां काफी सावधानी बरतती हैं। लेकिन उसके बाद भी आईलाइनर कम समय तक ही आंखों पर टिक पाता है। हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं। जिन्हें फॉलो करने से आईलाइनर लंबे समय के लिए आंखों पर टिका रहेगा। शायद ही कोई ऐसी लड़की होगी, जिसे मेकअप करना पसंद नहीं होगा। वहीं मेकअप के कई सारे प्रोडक्ट मार्केट में आसानी से मिल जाते हैं। इन प्रोडक्ट्स पर लॉन्ग लास्टिंग लिखा होता है। जिनमें से कुछ प्रोडक्ट तो काफी अच्छे चलते हैं, तो वहीं कुछ प्रोडक्ट का इस्तेमाल करने के थोड़े समय बाद ही वह स्मज होने लगते हैं। दिन खत्म होने के साथ ही स्किन का ग्लो भी खत्म होने लगता है। ऐसा ही एक प्रोडक्ट आईलाइनर है।



हालांकि आईलाइनर चूज करते समय लड़कियां काफी सावधानी बरतती हैं। लेकिन उसके बाद भी आईलाइनर कम समय तक ही आंखों पर टिक पाता है। ऐसे में अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। आज हम इस आर्टिकल के जरिए आपको कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें फॉलो करने पर आपका आईलाइनर लंबे समय तक टिकेगा।

**आंखों को करें प्रेप :** जब भी हम आईलाइनर अप्लाई करते हैं, तो प्रयास करते हैं कि यह सही लगने के साथ ही आंखों पर लंबे समय तक टिका रहे। इसके लिए आपको अपनी आंखों को प्रेप करना चाहिए। इसके लिए आप अच्छे से प्राइमर और लूज पाउडर का इस्तेमाल करें। इसको लगाने से पहले अपनी त्वचा को अच्छे से प्रेप करें। फिर लूज पाउडर से इसको सेट करें। इसके बाद आंखों पर आईलाइनर का इस्तेमाल करें। इस तरीके से आईलाइनर लंबे समय तक आपकी आंखों पर टिका रहेगा।

**अप्लाई मैट कंसीलर :** अगर आप चाहती हैं कि आपकी आंखों पर भी आइलाइनर लंबे समय तक टिका रहे। तो इसके लिए आप आंखों पर मैट कंसीलर का इस्तेमाल करें। इसे अप्लाई करने से अच्छा बेस बनेगा और आईलाइनर लंबे समय तक आंखों पर टिका रहेगा। इसके लिए आपको अपनी आंखों पर कंसीलर अप्लाई करना होगा। फिर कंसीलर को ब्लेंडर की मदद से सेट कर लें। इसके बाद आईलाइनर अप्लाई करें। इस तरह से आपका लुक रेडी होने के साथ लॉन्ग लास्टिंग रहेगा।

**लाइनर की करें लेयर :** जब भी हम आंखों पर आईलाइनर अप्लाई करते हैं, तो कई लेयर लगाने हैं। वहीं कई बार ऐसा नहीं भी करते हैं। ऐसा इसलिए किया जाता है, क्योंकि किसी को पतला आईलाइनर पसंद होता है, तो किसी को मोटा आईलाइनर पसंद होता है। पतला आईलाइनर लगाने की वजह से यह आंखों पर लंबे समय तक नहीं लगा रहता है। ऐसे में आप हमेशा लेयर करके आईलाइनर अप्लाई करें। इससे आंखों पर आईलाइनर लंबे समय तक टिकेगा।

# महिलाओं की तरह पुरुषों को भी कराना चाहिए मैनीक्योर-पैडीक्योर

अधिकतर पुरुष स्किन की देखभाल के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं। ऐसे में पुरुषों के हाथ-पैरों की स्किन टैन और बेजान हो जाती है। इसलिए समय-समय पर पुरुषों को भी अपनी स्किन की देखभाल के लिए समय निकालना चाहिए। बाहर के बढ़ते प्रदूषण और तेज धूप की वजह से स्किन डैमेज हो जाती है। महिलाएं बालों और त्वचा की देखभाल और उनसे संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए कई तरह के उपाय आजमाती हैं। साथ ही महिलाएं समय-समय पर मैनीक्योर और पैडीक्योर की मदद से स्किन को एक्सफोलिएट कर स्किन की समस्याओं को दूर करती हैं। हालांकि अधिकतर पुरुष स्किन की देखभाल के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं। ऐसे में पुरुषों के हाथ-पैरों की स्किन टैन और बेजान हो जाती है। इसलिए समय-समय पर पुरुषों को भी अपनी स्किन की देखभाल के लिए समय निकालना चाहिए। साथ ही पुरुषों को मैनीक्योर और पैडीक्योर कराना चाहिए।

**दूर होती है हाथ-पैरों की गंदगी :** बता दें कि मैनीक्योर और पैडीक्योर की मदद से हाथ-पैरों की उंगलियों और अंगूठे में जमने वाली गंदगी को दूर किया जा सकता है। इसके साथ ही हाथ-पैरों के डेड सेल्स को भी हटाया जा सकता है और हाथ-पैरों में बैक्टीरिया के कारण होने वाले इंफेक्शन का खतरा भी कम होता है। मैनीक्योर और पैडीक्योर करने से आप अपने हाथ-पैरों को 10 से 15 मिनट तक हल्के गर्म पानी में रखें। इस पानी में आप लैवेंडर ऑयल भी मिला सकते हैं।



**हाथ और पैरों के नाखून की देखभाल :** कई बार चोट लगने या किसी अन्य कारण से नाखून टूट जाते हैं। ऐसे में इनमें इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। लेकिन मैनीक्योर और पैडीक्योर की मदद से आपके नाखून ट्रिम होते हैं और उनके टूटने की संभावना भी काफी हद तक कम हो जाती है। कई बार नाखूनों को न काटने के कारण वह उंगली के अंदर ही बढ़ने लगते हैं। ऐसे में मैनीक्योर और पैडीक्योर की मदद से आप नाखूनों की लंबाई अपने मुताबिक रख सकते हैं।

**पैरों की दुर्गंध होगी दूर :** ऑफिस में पुरुषों को अक्सर जूते पहनकर रहना पड़ता है। ऐसे में ज्यादातर समय तक जूते पहने रखने से पैरों की दुर्गंध आने लगती है। क्योंकि लंबे समय तक जूते पहने रहने से पैरों में बैक्टीरिया भी पनपने की संभावना ज्यादा होती है। पुरुषों के पैरों से आने वाली दुर्गंध को पेडीक्योर की मदद से कम किया जाता है। इसके साथ ही हाइजीन भी बनी रहती है।

**दूर होता है स्ट्रेस :** पेडीक्योर करने के दौरान आपके पैरों के तलवों पर एक्यूप्रेशर होता है। जिसके कारण आपको तनाव और स्ट्रेस से दूर रहने में मदद मिलती है। पैडीक्योर से आप खुद को फ्रेश फील करते हैं।

**स्किन में चमक आती है**
मैनीक्योर और पेडीक्योर की मदद से आपके हाथ-पैरों के डेड सेल्स हटते हैं। इससे नई त्वचा आती है और स्किन की टैनिंग और कालापन दूर होता है। मैनीक्योर और पैडीक्योर की मदद से स्किन में चमक आती है। ऐसे में आप भी समय-समय पर मैनीक्योर व पैडीक्योर करवा सकते हैं।

## सूडोकु नवताल- 6806

✶✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6805 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## दैनिक पंचांग

**29 अगस्त 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 07.07 बजे से |
| चंद्र | मकर में | तुला | 09.17 बजे से |
| मंगल | कन्या में | वृश्चिक | 11.32 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 13.48 बजे से |
| गुरु | मेष में | मकर | 15.53 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | कुंभ | 17.40 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मीन | 19.13 बजे से |
| राहु | मेष में | मेष | 20.43 बजे से |
| केतु | तुला में | वृष | 22.23 बजे से |
| राहुकाल | | मिथुन | 00.21 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | कर्क | 02.35 बजे से |
| बजे तक | | सिंह | 04.51 बजे से |

**मंगलवार** 2023 वर्ष का 241 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** श्रावण **पक्ष** शुक्ल **तिथि** त्रयोदशी 14.48 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** श्रवण 23.50 बजे को समाप्त। **योग** सौभाग्य 06.01 बजे तदनन्तर शोभन 01.51 बजे रात्र को समाप्त। **करण** तैतिल 14.48 बजे तदनन्तर गर 00.55 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 12.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 09° 31' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871720 **जूलियन दिन** 2460185.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** सफर **तारीख** 12 **विशेष** मंगला गौरी व्रत, ओणम, मेजर ध्यानचंद जयंती, राष्ट्रीय खेल दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7868

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ |
| 16 | ■ | 17 | | 18 | ■ | 19 | | 20 |
| 21 | 22 | ■ | 23 | | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | 27 | ■ | 28 | | 29 | ■ | |
| ■ | 30 | | 31 | ■ | 32 | | 33 | ■ |
| 34 | ■ | 35 | | 36 | ■ | 37 | | 38 |
| 39 | | ■ | 40 | | | ■ | 41 | |

**बाएँ से दाएँ**

1.ईश्वर,भगवान-2
3.सुंदर,खूबसूरत-3
6.सलाह,मत-2
8.स्नान करना-3
10.वध करना-3
12.निर्माण-3
14.रूई का पौधा-3
17.आयोग्य-3
19.अंजाम देना-3
21.कत्ल,हत्या-2
23.नौकरानी-3
25.गाने का ढंग, शैली-2
26.मुलायम-3
28.एक गहरा व बड़ा बर्तन-3
30.तृतीय, दूसरे के बाद-3
32.सेनापति, अगुवा-3
35.भीरु,डरपोक-3
37.कथा,गाथा-3
39.वध,मर्डर-2
40.राहु का एक पुत्र-3
41.एक विदेशी शराब

**ऊपर से नीचे**

1.क्रिकेट में बनते हैं-2
2.बसंत का समय-3
4.हद,सरहद-2
5.स्वर्ग का विलोम-3
7.यमराज,मृत्यु देवता-2
9.नृत्य करना-3
11.अपवित्र-3
13.असफल-3
15.सहज, आसान-3
16.श्रावण, आषाढ़ के बाद का महीना-3
18.आराम, मदद, चैन-3
20.मुखिया, सरदार-3
22.भूमि, वसुंधरा-3
24.क्रुद्ध, खफा होना-3
27.मक्खन-3
29.योग्य, काबिल, गुणवान-3
31.दही का एक भोज्य पदार्थ-3
33.एक जाती जो प्राय: डोली ढोने, पानी भरने आदि के काम करती है-3
34.रास्ता, मार्ग-2
36.एक अंग्रेजी शराब-2
38.एक औषधीयुक्त पेड़-2

**शब्द पहेली -7867 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बं | ध | न | ■ | आ | द | मी | ■ |
| क | द | ■ | म | ■ | रा | ■ | न | ल |
| त | ■ | ■ | क | या | म | त | ■ | जा |
| रा | य | ता | ■ | र | ■ | र | च | ना |
| ■ | ■ | क | ला | ■ | आ | स | ■ | ■ |
| प | का | ना | ■ | गा | ■ | ना | का | म |
| ना | ■ | ■ | ध | न | क | ■ | ■ | न |
| ह | त्या | ■ | ब | ■ | स | ■ | म | न |
| ■ | ग | ल | न | ■ | र | ट | ना | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**वृष राशि :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी।

**मिथुन राशि :** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।

**कर्क राशि :** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**सिंह राशि :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**कन्या राशि :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**तुला राशि :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होंगी।

**वृश्चिक राशि :** कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

**धनु राशि :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**मकर राशि :** कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी।

**कुंभ राशि :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे।

**मीन राशि :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन से की टेलीफोन पर बात

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से टेलीफोन पर बातचीत की। राष्ट्रपति पुतिन ने 9-10 सितंबर को नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने में असमर्थता व्यक्त की और बताया कि रूस का प्रतिनिधित्व रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग के कई मुद्दों पर प्रगति की समीक्षा की और जोहान्सबर्ग में हाल ही में संपन्न ब्रिक्स शिखर सम्मेलन सहित आपसी महत्व के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

### भारत-बांग्लादेश के बीच ढाका में हुई 5 वीं वार्षिक रक्षा वार्ता

**नई दिल्ली।** भारत-बांग्लादेश ने पांचवीं वार्षिक रक्षा वार्ता सोमवार को ढाका में की। रक्षा सचिव गिरिधर अरमने 27-28 अगस्त को बांग्लादेश की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। उन्होंने अपने बांग्लादेशी समकक्ष सशस्त्र बल प्रभाग के प्रधान स्टाफ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल वकार उज्जमां के साथ बैठक की सह-अध्यक्षता की। भारत और बांग्लादेश के बीच वार्षिक रक्षा वार्ता दोनों देशों के बीच सर्वोच्च संस्थागत वार्ता तंत्र है। इस वार्ता में दोनों देशों ने सशस्त्र बलों के बीच संबंधों की भावी रूपरेखा तैयार करने में इसके महत्व को उजागर किया। बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच चल रही रक्षा सहयोग गतिविधियों की समीक्षा की गई और दोनों पक्षों ने बढ़ते रक्षा सहयोग संबंधों पर संतोष व्यक्त किया। वार्ता में मौजूदा द्विपक्षीय युद्ध अभ्यासों पर भी चर्चा हुई और दोनों पक्ष इन अभ्यासों की सघनता बढ़ाने पर सहमत हुए।

### कर्नाटक सरकार गृह लक्ष्मी योजना करेगी शुरू, खड़गे, राहुल गांधी होंगे शामिल

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार अपने अपने घरों की गृहस्वामिनी एक करोड़ से अधिक महिलाओं को 2,000 रुपये मासिक वित्तीय सहायता योजना बुधवार को जिला मुख्यालय शहर मैसुरु में शुरू करेगी। इस दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) अध्यक्ष एम. मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी मौजूद रहेंगे। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि करीब 1.08 करोड़ संभावित लाभार्थियों ने 'गृह लक्ष्मी' योजना के लिए नामांकन कराया है।

## प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले के तहत 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए, कहा

# आप इस 'अमृत काल' के 'अमृत रक्षक' हैं

### ग्रुप केंद्र, केंद्रीय रिजर्व पुलिस, रांची में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को दिया नियुक्ति पत्र

### सीमा सुरक्षा बल प्रशिक्षण केंद्र, मेरु, हजारीबाग में केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अभ्यर्थियों नियुक्ति पत्र प्रदान किए

**रांची/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 51,000 से अधिक नए भर्ती किए गए अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। देश के 45 स्थानों पर रोजगार मेला आयोजित किया गया। इस रोजगार मेले के आयोजन के माध्यम से, गृह मंत्रालय विभिन्न केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ-साथ दिल्ली पुलिस में कर्मियों की भर्ती कर रहा है। पूरे देश से चुने गए नए रंगरूट गृह मंत्रालय के तहत विभिन्न पुलिस बलों में कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी), सब-इंस्पेक्टर (जनरल ड्यूटी) और नॉन-जनरल ड्यूटी कैडर जैसे विभिन्न पदों पर भर्ती होंगे। इसी के तहत ग्रुप केंद्र, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, रांची में सोमवार को रोजगार मेला-8 का आयोजन डी. एन. लाल उपमहानिरीक्षक ग्रुप केंद्र रांची के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अर्जुन मुंडा, केंद्रीय मंत्री, जनजातीय मामले, भारत






सरकार के कर कमल द्वारा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में चयनित झारखंड राज्य के 559 अभियार्थियों को नियुक्ति पत्र जारी किए गए।

साथ ही हजारीबाग के सीमा सुरक्षा बल प्रशिक्षण केंद्र, मेरु में रोजगार मेला का आयोजन किया गया जिस में 231 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी उपस्थित थी।

इस अवसर पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग द्वारा संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने अमृत काल के दौरान 'अमृत रक्षक' के रूप में नव नियुक्त अभ्यर्थियों को उनके चयन के लिए बधाई दी। उन्होंने इन्हें 'अमृत रक्षक' कहा क्योंकि नव नियुक्त अभ्यर्थी न केवल देश की सेवा करेंगे, बल्कि देश और देशवासियों की रक्षा भी करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, आप इस 'अमृत काल' के 'अमृत रक्षक' हैं।

प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि रोजगार मेले का यह संस्करण ऐसे समय में हो रहा है जब राष्ट्र गर्व और आत्मविश्वास से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान 3 और प्रज्ञान रोवर लगातार चंद्रमा के नवीनतम फोटो प्रसारित कर रहे हैं। इस प्रतिष्ठित क्षण में, प्रधानमंत्री ने कहा कि नए रंगरूट अपने जीवन काल की सबसे महत्वपूर्ण यात्रा शुरू कर रहे हैं। उन्होंने सभी नई नियुक्त अभ्यार्थियों और उनके परिवारों को अपनी शुभकामनाएं दीं।

प्रधानमंत्री ने रक्षा या सुरक्षा और पुलिस बलों में चयन के साथ-साथ आने वाली जिम्मेदारी पर जोर देते हुए कहा कि सरकार सुरक्षा बलों की जरूरतों के बारे में बहुत गंभीर रही है। उन्होंने अर्धसैनिक बलों की भर्ती में बड़े बदलावों का उल्लेख किया।

राष्ट्र के विकास को सुनिश्चित करने में नए भर्ती किए गए अभ्यर्थियों की जिम्मेदारियों के बारे में प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि कानून के शासन द्वारा एक सुरक्षित माहौल विकास की गति को तेज कर देता है। सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की स्थिति का उल्लेख करते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह दोहराया कि भारत इस दशक के दौरान दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा। ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट उद्योग के विस्तार पर प्रकाश डालते हुए, प्रधान मंत्री ने बताया कि दोनों उद्योग 12 लाख करोड़ रुपये मूल्य से अधिक के हैं और आने वाले वर्षों में इसके और बढ़ने की उम्मीद है। अवसंरचना के विकास का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि पिछले नौ वर्षों में केंद्र सरकार ने अवसंरचना पर 30 लाख करोड़ रुपये से अधिक व्यय किए हैं। इससे कनेक्टिविटी के साथ-साथ पर्यटन और आतिथ्य को बढ़ावा मिल रहा है, जिससे नए रोजगार सृजित हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में सरकार के प्रयासों के कारण रूपांतरण का एक नया युग देखा जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब मेड इन इंडिया लैपटॉप और पर्सनल कंप्यूटर हमें गौरवान्वित करेंगे। 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार भारत में बने लैपटॉप और कंप्यूटर खरीदने पर जोर दे रही है और इसके परिणामस्वरूप उत्पादन और रोजगार बढ़ा है।

प्रधानमंत्री ने 9 वर्ष पहले आज ही के दिन प्रधानमंत्री जन धन योजना की शुरूआत का स्मरण किया। प्रधानमंत्री ने कहा, इस योजना ने गांवों और गरीबों के आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ रोजगार सृजित करने में बड़ी भूमिका निभाई है।

प्रधानमंत्री ने कई रोजगार मेलों में लाखों युवाओं को संबोधित करने का उल्लेख किया और कहा कि उन्हें सार्वजनिक सेवा या अन्य क्षेत्रों में रोजगार मिला। अपने संबोधन का समापन करते हुए प्रधानमंत्री ने अर्धसैनिक बलों के रूप में सीखने के दृष्टिकोण को बनाए रखने पर बल दिया और आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध 600 से अधिक पाठ्यक्रमों पर प्रकाश डाला।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए रोजगार मेले का मुख्य उद्देश्य देश के 10 लाख युवाओं को केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में रोजगार उपलब्ध कराना है तथा रिक्त पड़े खाली पदों को भरना है। रोजगार मेला के तहत भर्ती सीधे कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से की जा रही है। मेरु में आयोजित रोजगार मेला में नियुक्ति पत्र देने के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि यह आप लोगों के लिए बेहद खुशी का पल है कि आप सब देश की रक्षा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहे हैं। इसके लिए आपके माता-पिता भी धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आपसे बेहद उम्मीद है। मिशन कर्मयोगी के साथ जुड़कर आप सब देश सेवा करेंगे।

रांची के ग्रुप केंद्र, केंद्रीय रिजर्व पुलिस रांची द्वारा आयोजित समारोह में विधि कुमार बिरदी, महानिरीक्षक झारखंड सेक्टर, एस. के. तिग्गा, उप महानिरीक्षक झारखंड सेक्टर, शील निधि झा, उप महानिरीक्षक झारखंड सेक्टर एवं पी. कुजूर उप महानिरीक्षक, रेंज कार्यालय रांची के अलावा ग्रुप केंद्र रांची के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं जवान उपस्थित थे।

## राष्ट्रपति ने एनटी रामाराव पर स्मारक सिक्का जारी किया




**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में स्वर्गीय एनटी रामाराव के शताब्दी वर्ष पर स्मारक सिक्का जारी किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि एनटी रामाराव ने तेलुगु फिल्मों के माध्यम से भारतीय सिनेमा और संस्कृति को समृद्ध किया है। उन्होंने अपने अभिनय से रामायण और महाभारत के प्रमुख पात्रों को सजीव बना दिया। उनके द्वारा निभाई गई भगवान राम और भगवान कृष्ण की भूमिकाएं इतनी जीवंत हो गईं कि लोग एनटीआर की पूजा करने लगे। उन्होंने कहा कि एनटीआर ने अपने अभिनय के माध्यम से आम लोगों की पीड़ा को भी अभिव्यक्त किया। उन्होंने अपनी एक फिल्म 'मनुशुलंता ओक्कटे' अर्थात सभी मनुष्य समान हैं, के माध्यम से सामाजिक न्याय और समानता का संदेश फैलाया। राष्ट्रपति ने कहा कि एक लोक सेवक और एक जन नेता के रूप में एनटीआर की लोकप्रियता व्यापक थी। उन्होंने अपने असाधारण व्यक्तित्व और कड़ी मेहनत से भारतीय राजनीति में एक विशेष मुकाम हासिल किया। उन्होंने कई जनकल्याणकारी कार्यक्रम शुरू किये, जिन्हें आज भी याद किया जाता है। राष्ट्रपति ने एनटीआर पर स्मारक सिक्का लाने के लिए भारत सरकार के वित्त मंत्रालय की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनका अद्वितीय व्यक्तित्व हमेशा लोगों, खासकर तेलुगु भाषी लोगों के हृदय में अंकित रहेगा।

## भारत का उत्थान पूरे विश्व के लिए कल्याणकारी है : भागवत

**एजेंसी। हरिद्वार**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने कहा कि विविधता में एकता हमारी परंपरा का अंग है। मनुष्य मात्र को अपनी लघु चेतना को विकसित करना चाहिए, जिससे वे विविधता में एकता को समझ सके और अपना सके। उन्होंने कहा कि भारत का उत्थान केवल भारत के लिए नहीं, वरन पूरे विश्व के लिए कल्याणकारी है। ये ही देव संस्कृति है। संघ के सरसंघचालक डा. भागवत यहां देवसंस्कृति विश्वविद्यालय में जी-20 की थीम पर आयोजित दो दिवसीय वसुधैव कुटुंबकम व्याख्यानमाला के दूसरे दिन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत तेज का उपासक है। गायत्री परिवार भी सूर्य यानि इसी तेजस की उपासना करता है। इस यात्रा में चलने वाले प्रत्येक मनुष्य, साधक विश्व को बचाने के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि सारी दुनिया में शांति हो, इस दिशा में सबको मिलकर कार्य करना चाहिए। प्राचीनकाल में ऋषियों ने



छोटे-छोटे प्रशिक्षण केन्द्र के माध्यम से लोगों को प्रशिक्षित किया करते थे, जिससे वे अपने सभी सहयोगियों के साथ सामंजस्य के साथ रहते थे और सब एक कुटुंब की भांति रहा करते थे। देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि यह समय अपरिमित संभावना को लेकर आया है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन सुनिश्चित है-सिपाही जागें, सावधान हो लें, तभी भारत को विकसित राष्ट्र बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दया, त्याग, बलिदान और आध्यात्मिक उत्कर्ष का विकास केवल भारत में ही हुआ। भारत में ज्ञान की वह धाराएं विद्यमान हैं, जो पूरे विश्व को प्रकाशित करेगी।

## अहमदाबाद मेट्रो कोर्ट ने तेजस्वी को भेजा समन

### मानहानि मामले में 22 सितंबर को पेश होने को कहा

**एजेंसी। अहमदाबाद**

गुजरातियों पर की गई टिप्पणी को लेकर मानहानि मामले में सोमवार को अहमदाबाद मेट्रो कोर्ट ने तेजस्वी यादव के खिलाफ समन जारी कर 22 सितम्बर को कोर्ट में हाजिर होने



को कहा है। अहमदाबाद के हरेश मेहता ने बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ आईपीसी की धारा 499, 500 के तहत गुजरातियों को ठग कहने को लेकर मेट्रो कोर्ट में शिकायत की थी। बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की टिप्पणी को लेकर सोमवार को अहमदाबाद मेट्रो कोर्ट में सुनवाई की गई। इस मामले में अभी तक 15 साक्षियों के बयान दर्ज किए गए हैं।




## अरमान मलिक ने गर्लफ्रेंड आशना श्रॉफ से की सगाई

**सिंगर-सॉन्गराइटर** अरमान मलिक ने अब अपनी फैशन इन्फ्लुएंसर गर्लफ्रेंड आशना श्रॉफ से सगाई की। उन्होंने सोमवार को इसकी घोषणा की। कपल ने इस मोमेंट्स को अपने-अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया। दोनों ने इस खास पल की कई तस्वीरें शेयर की। पहली इमेज में, सिंगर अपने घुटनों पर बैठकर आशना को अंगूठी



पहनाते दिखाई दे रहे हैं। दूसरी तस्वीर में दोनों उस पल को संजोते और हंसते नजर आ रहे हैं। तीसरी तस्वीर में अरमान, आशना के माथे पर किस कर रहे हैं। अरमान और आशना कई सालों से डेटिंग कर रहे थे। अब उन्होंने इसे ऑफिशियल कर दिया है। हालांकि, उन्होंने इस बात का खुलासा नहीं किया है कि वे कब शादी करेंगे।

## मलाइका और अर्जुन के ब्रेकअप की अफवाहों में नया मोड़

**बॉलीवुड** अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर सोशल मीडिया पर इस वक्त इनके ब्रेकअप की चचाएं चल रही थीं, लेकिन अब समझ आ रहा है कि ये सब अफवाहें हैं। दोनों को मुंबई के एक रेस्टोरेंट से निकलते हुए स्पॉट किया गया। इन तस्वीरों और वीडियो से उनके ब्रेकअप की बात पर कहीं न कहीं विराम जरूर लग गया है। हाल ही में मलाइका और अर्जुन लंच के लिए बाहर गए थे। दोनों ने साथ में खाना खाया और जब दोनों बाहर आए तो पैपराजी ने उन्हें देख लिया। इस बीच दोनों बिना कुछ बोले सीधे अपनी कार में बैठ गए। इस समय मलायका अरोड़ा आउटफिट में स्टाइलिश व्हाइट शॉर्ट्स के साथ मैचिंग लोफर्स नजर आईं। वहीं अर्जुन ने ब्लैक ट्रैक पैंट के साथ ब्लैक टी-शर्ट और व्हाइट जूते पहने थे। इसकी कई तस्वीरें और वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

## श्रेया घोषाल ने शेयर किया रियलिटी शो में कंटेस्टेंट से लेकर जज बनने तक का सफर

मशहूर सिंगर श्रेया घोषाल 'इंडियन आइडल' के सीजन 14 में जज के तौर पर शामिल हुईं। उन्होंने एक रियलिटी शो में कंटेस्टेंट होने से लेकर जज बनने तक के अपने सफर के बारे में बताया। श्रेया ने नए सीजन के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, इंडियन आइडल में आना घर वापसी जैसा लगता है। मैंने इंडियन आइडल जूनियर में जज के रूप में अपने कार्यकाल का आनंद लिया, लेकिन शो के इस एडिशन



के लिए उत्साह की एक अतिरिक्त परत है, क्योंकि मुझे साथी जज सानू दा और विशाल के साथ फिर से जुड़ने का सौभाग्य मिला है।" उन्होंने कहा, भारतीय प्रतिभा को ढूंढना और उसका पोषण करना सम्मान की बात है और भारत की अगली सिंगिंग सेंसेशन बनने की दिशा में उनकी यात्रा को देखना खुशी की बात है। 'बैरी पिया', 'सिलसिला ये चाहत का' जैसे अनगिनत हिट ट्रैक के लिए जानी जाने वाली श्रेया ने आगे कहा, एक रियलिटी शो में कंटेस्टेंट होने से लेकर अब इंडियन आइडल जैसे पसंदीदा शो को जज करने तक की मेरी जर्नी कठिन लेकिन लाभदायक रही है।

## छत्तीसगढ़ चुनाव | भाजपा ने आरएसएस की पृष्ठभूमि वाले नेताओं को दी अहम जिम्मेदारी

# पार्टी ने जीत के लिए लगाई पूरी ताकत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

छत्तीसगढ़ में राज्य की भूपेश बघेल सरकार को हराने और 2018 के पिछले विधानसभा चुनाव में हुई गलती को दोहराने से बचने के लिए भाजपा ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। भाजपा ने देश के कई राज्यों से अपने नेताओं की फौज को प्रदेश की सभी 90 विधान सभा सीटों पर पहले ही उतार रखा है लेकिन अब पार्टी ने धरातल से मिल रहे फीडबैक के आधार पर आरएसएस की पृष्ठभूमि वाले नेताओं को छत्तीसगढ़ के विभिन्न इलाकों में तैनात कर दिया है। वैसे तो भाजपा में आरएसएस की पृष्ठभूमि वाले नेताओं की भरमार है। आरएसएस से भाजपा में आने वाले कई नेता केंद्र में मंत्री हैं, कई राज्यों में



मुख्यमंत्री और मंत्री है, सरकार से लेकर पार्टी संगठन में अहम पदों पर बैठे हैं। लेकिन, पार्टी संगठन में राष्ट्रीय संगठन महासचिव के पद पर नियुक्त नेता को भाजपा संगठन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीच की कड़ी माना जाता है। वर्तमान में यह जिम्मेदारी बीएल संतोष निभा रहे हैं जो आरएसएस द्वारा बुलाई गई बैठक में भाजपा की तरफ से शामिल होकर भाजपा के कामकाज की रिपोर्ट सौंपते हैं। राज्य के स्तर पर प्रदेश संगठन महासचिव भी कुछ हद तक इसी तरह की भूमिका निभाते हैं।

छत्तीसगढ़ में होने वाले आगामी विधान सभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा आलाकमान की गंभीरता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पार्टी ने अपने दो प्रदेशों के संगठन महासचिवों को छत्तीसगढ़ के अलग-अलग संभागों में तैनात कर दिया है। पार्टी आलाकमान ने झारखंड प्रदेश भाजपा के संगठन महासचिव कर्मवीर को छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग की जिम्मेदारी देकर इस क्षेत्र में आने वाले 7 जिलों की चुनावी कमान सौंप दी है। बस्तर संभाग में आने वाले 7 जिलों में छत्तीसगढ़ राज्य की 12 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटें आती हैं। इसके साथ ही पार्टी ने पश्चिम बंगाल प्रदेश भाजपा के संगठन महासचिव सतीश धोंड को बिलासपुर संभाग का दायित्व सौंपा है। बिलासपुर संभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 8 जिले आते हैं जिसमें 25 विधानसभा और 4 लोकसभा की सीटें आती हैं। इसके अलावा पार्टी ने बिहार भाजपा के कोषाध्यक्ष दिलीप जायसवाल को छत्तीसगढ़ के रायपुर संभाग का दायित्व देकर इस संभाग के अंतर्गत आने वाले राज्य के 6 जिलों के 19 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटों पर चुनावी रणनीति को जमीनी धरातल पर सौंपने की जिम्मेदारी सौंपी है। भाजपा ने बिहार के विधायक संजीव चौरसिया को दुर्ग संभाग का दायित्व सौंपा है। दुर्ग संभाग में आने वाले जिलों की संख्या 8, विधानसभा सीटों की संख्या 20 और लोकसभा सीटों की संख्या 2 है। भाजपा ने झारखंड के विधायक अनंत ओझा को सरगुजा संभाग का दायित्व सौंपा है। इस संभाग के अंतर्गत 6 जिले, प्रदेश की 14 विधानसभा और एक लोकसभा सीट आती है।

NEWS इन ब्रीफ

## वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत ग्रामीणों ने लगाया जाम

**रांची।** बुंडू थाना क्षेत्र में सोमवार को रांची-टाटा राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गोसाईडीह गांव निवासी विमला देवी (35 ) की मौत हो गई। पता चला है कि वह सुबह शौच के लिए गई थीं। लौटने के दौरान वाहन की चपेट में आ गयीं। उपचार के लिए रांची ले जाने के क्रम में उनकी मौत हो गयी। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को बीच सड़क में रखकर सड़क पर यातायात अवरुद्ध कर दिया। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया। पुलिस ने मृतका के परिजनों को 10 हजार रुपये की तत्काल राहत राशि देकर आगे की कार्यवाही के लिए शव को कब्जे में लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। गौरतलब है कि गोसाईडीह पेट्रोल पंप से गोसाईडीह गांव के मुहाने तक बीते पांच वर्षों में दर्जनों लोग सड़क हादसे का शिकार हो चुके हैं। गोसाईडीह गांव के एचपी पेट्रोल पंप पर तेल भरवाने के बाद चालक गलत दिशा में ही वाहनों को चलाते हैं, जिससे सड़क पार करने वाले या सही दिशा में आवाजाही करने वाले लोग हादसे के शिकार हो कर जान गंवा रहे हैं।

## झारखंड हाई कोर्ट से रजनीगंधा कंपनी को राहत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने रजनीगंधा कंपनी की याचिका को स्वीकार कर लिया है। झारखंड सरकार ने राज्य में रजनीगंधा समेत अन्य 10 पान मसालों की बिक्री पर रोक लगाने का आदेश दिया था, जिसके खिलाफ कंपनी ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इस मामले की सोमवार को सुनवाई हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच में हुई। कंपनी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता विवेक कोहली और अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा ने पक्ष रखा। पिछली सुनवाई में सभी पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## मुख्यमंत्री से मिले कुलपति डॉ अशोक आर. पाटिल

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एन.यू.एस.आर.एल.) रांची के कुलपति डॉ. अशोक आर. पाटिल ने मुलाकात की। यह मुलाकात शिष्टाचार भेंट बतायी जा रही है।

## ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने मनाया राखी महोत्सव

**रांची। रांची।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से सोमवार को ओरमांझी में राखी महोत्सव मनाया गया। रांची केन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने ओरमांझी केन्द्र में लोगों को राखी बांधी। निर्मला बहन ने रिश्तों में प्रेम और मयार्दा की बात कही। कहा कि, राखी के दो धागे बंधन न होकर ज्ञान और योग के दो सूत्र हैं, जो काम-क्रोध के डोर को काट देते हैं।

### बकरी बाजार में दुर्गा पूजा पंडाल बनाने के लिए हुआ भूमि पूजन

# 150 से अधिक कारीगर तैयार करेंगे पूजा का भव्य पंडाल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जैसा की ज्ञात है 65 वर्षों से भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार परिसर में दुर्गा पूजा महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाता आ रहा है। इस बार भारतीय युवक संघ के द्वारा भव्य और विशाल पंडाल का स्वरूप देखने को मिलेगा। दुर्गा पूजा में आप सभी माँ दुर्गा के भक्तो को एक अद्भुत कला का अवलोकन करने का मौका प्राप्त होगा इसी निमित्त आज सुबह 11:30 बजे बकरी बाजार परिसर में भारतीय युवक संघ के अध्यक्ष अशोक चौधरी व सचिव निर्मल मोदी ने पूजा स्थान पर भूमि पूजन कर पूजा पंडाल के निर्माण का श्रीगणेश कराया। इस अवसर पर आचार्यो के द्वारा विधिवत भगवान विश्वकर्मा का आह्वान करते हुए भूमि पूजन किया गया। आज से पूजा पंडाल का निर्माण प्रारंभ हो जाएगा। श्री चौधरी ने बताया की इस बार पंडाल का स्वरूप काल्पनिक है। इस बार पूजा पंडाल में दर्शनार्थियों को कई तरह से सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। बिना किसी दिक्कत और तकलीफ के लाखों लोग पंडाल की सुंदरता सहित माँ के दर्शन कर सकेंगे। पूजा पंडाल के भूमि पूजन में मुख्य रूप से अध्यक्ष अशोक चौधरी, सचिव निर्मल मोदी, प्रकाश धेलिया, दीपक चौधरी, अरविंद चौधरी , अमित बजाज, विवेक पोद्दार, देवेश झा, अमित सोनी, सुनील पोद्दार, किशोरी पोद्दार, दीपक टाटिया व अन्य भारतीय युवक संघ के सदस्य मौजूद थे।

### रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

# युवाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर को अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन के अध्यक्ष अनवर खान ने आयोजित किया। शिविर में 50 युवाओं ने रक्तदान किया। अनवर खान ने कहा की हमारी संस्था अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन समाज के कल्याणकारी का कार्य करती है। शिविर में रक्तदाओं को प्रशस्ति पत्र बांटे। रक्तदान शिविर के लिए रांची सदर अस्पताल से आई कर्मचारी की टीम ने रक्तदाताओं के रक्त ग्रुप की जांच कर रक्तदान करवाया। अनवर खान ने कहा की हमने कुरान में पढ़ा है की किसी एक इंसान की जिंदगी बचाई तो उसने पूरी इंसानियत को जिंदगी बचाई। इस आयोजन में नसीम, अनवर, रियाजुद्दीन, काशिफ, रयान, फिरोज, फरहान, आबिद अली इत्यादि उपस्थित रहे। साथ ही साथ सदर अस्पताल के ब्लड बैंक के कर्मचारी ने अपना योगदान दिया जिनमें से मोहम्मद हाशिम, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद अमानुल्लाह, निशा, अनूप, निरंजन और डॉक्टर यस विनायक हैं।

## एकल अभियान ने स्वास्थ्य कर्मियों के संग मनाया रक्षा बंधन



**रांची।** सोमवार को एकल अभियान (दक्षिण झारखंड संभाग) श्री हरि सत्संग समिति रांची चैप्टर द्वारा रक्षाबंधन का कार्यक्रम सदर अस्पताल रांची के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सफाई कर्मी के संग मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रांची के सिविल सर्जन डॉक्टर प्रभात कुमार, विशिष्ट आतिथि डॉक्टर अनिल कुमार खेतान मुख्य वक्ता एकल अभियान के केंद्रीय अभियान प्रमुख डॉक्टर ललन शर्मा, श्रीहरि कथा प्रसार योजना के केन्द्रीय प्रभारी श्रीमान सतीश तुलस्यान, एकल अभियान ग्रामसंगठन महिला समिति की राष्ट्रीय मार्गदर्शिका उषा जालान, एकल अभियान ग्रामोत्थान उत्पाद फाउंडेशन की डायरेक्टर सुनीता महांसरिया, मंच संचालन करते बबिता जालान (सचिव श्री हरि सत्संग समिति) संभाग अध्यक्षा राजकुमारी जैन के साथ-साथ श्री हरि सत्संग समिति के अनेक गणमान्य पदाधिकारी के साथ-साथ एकल फ्यूचर झारखंड प्रांत अध्यक्ष श्री प्रशांत कुमार सिंह की पूरे टीम के साथ एकल अभियान के सेवावर्ती व्यास भाई बहन के सहयोग से कार्यक्रम सफल हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, विसिठ आतिथि एवं सम्मानित आतिथि गणों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कि गई। कार्यक्रम में मुख्य तौर पर सदर अस्पताल के डाक्टर, नर्स, सुरक्षा एवं सफाई कर्मियों को राखी बांध मिठाईयां खिलाकर प्रेमसेतू का संबंध स्थापित कर एक दूसरे के प्रति सुरक्षा करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में कुल 440 व्यक्तियों की उपस्थिति थी जिसने इस कार्यक्रम में चार चांद लगाया ।

## जिला जन संपर्क ईकाई में कार्यरत आदेशपाल तितो उराईन हुईं सेवानिवृत्त




**रांची।** सोमवार को जिला जन सम्पर्क ईकाई रांची की आदेशपाल तितो उराईन एवं पूर्व में हुए सेवानिवृत्त होमगार्ड जवान, श्री वनमाली महतो के सेवानिवृत्ति विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला जनसंपर्क कार्यालय राँची के सभी पदाधिकारी/कर्मी मौजूद थे। सभी ने श्रीमती तितो उराईन को सम्मानित करते हुए बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जिला जन संपर्क अधिकारी रांची, डॉ. प्रभात शंकर ने तितो उराईन को शॉल एवं पुष्पगुच्छ और उपहार देकर सम्मानित करते हुए विशेष तौर पर कहा कि श्रीमती तितो उराईन हमेशा अपने दिए गए कर्तव्यों को बेहतरीन तरीके से निभाया है। ये समय की भी हमेशा पाबंद रही हैं। यह सभी के लिए अनुकरणीय रहेगा। विदाई समारोह के दौरान जिला जन संपर्क अधिकारी राँची डॉ्ट्र प्रभात शंकर सहित अन्य पदाधिकारी/कर्मियों ने श्रीमती तितो उराईन एवं श्री वनमाली महतो के साथ अपने कायानुंभव साझा किये। श्रीमती तितो उराईन 29 वर्ष की सेवा एवं श्री वनमाली महतो के सेवाकाल के दौरान पदाधिकारी/कर्मियों के साथ बिताए क्षण को याद किया और अपने अनुभव साझा किए। सेवानिवृत्ति पर मिले सम्मान पर उन्होंने सभी को धन्यवाद दिया।

## मुख्यमंत्री से श्री कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति रांची के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति रांची के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 6 सितंबर 2023 को मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं दही हांडी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति रांची के मुख्य संरक्षक राजीव रंजन प्रसाद, अध्यक्ष विनोद गोप, संरक्षक कुमार राजा, उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष राहुल गौतम एवं अर्जुन गुप्ता उपस्थित थे।

## फाइनल मैच के लिए कल भिड़ेंगी टीमें

**रांची।** डॉ. रामदयाल मुण्डा क्रीड़ा केंद्र और रूम्बुल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहे नौवीं पद्म रामदयाल मुण्डा चैलेंज ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता के छठवें दिन दूसरे चक्र के सभी मैच समाप्त हो गए। कल फाइनल में स्थान पक्का करने के लिए मेकॉन, राजा स्पोटिंग बरियातू, सत्यारी टोली रांची और मामा स्पोटिंग रातु की टीमें आपस में भिड़ेंगी। प्रतियोगिता के छठवें दिन के पहले मुकाबले में सत्यारी टोली, रांची बनाम अर्षित क्लब रांची के बीच रोमांचक प्रतिद्वंधिता का लिफ्ट हजारों की संख्या में फुटबॉल प्रेमियों ने उठाया। दोनों ही टीमों ने पहले हाफ में शानदार खेल दिखाया पर दोनों ही टीमों ने पहले हाफ में 00-00 से बराबरी पर रही। दूसरे हाफ में भी दोनों टीमों ने काफी जोर लगाया पर गोल करने में असफल रहीं। अंत में मैच का निर्णय टाई ब्रेकर के जरिए हुआ जिसमे सत्यारी टोली, रांची ने अर्षित क्लब रांची को 04-03 से हराकर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। सत्यारी टोली, रांची के निशांत को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दिन के दूसरे मैच में बांधगाड़ी एफ.सी. ओर मामा स्पोटिंग, रांची की टीम सेमीफाइनल का टिकट कटाने के लिए एक दूसरे से भिड़ी। आज के दोनों ही मैच में दर्शकों ने हर एक सेकेंड के रोमांच का उठाया। खिलाड़ियों के उच्चतम दर्जे के प्रदर्शन पर खिलाड़ियों को हूटिंग के जरिए खूब प्रशंसा प्राप्त हुई। मैच की समाप्ति पर दोनों ही टीमें गोलरहित रही। मैच का निर्णय पेनाल्टी शूटआउट से हुआ जिसमें मामा स्पोटिंग रातु ने बंधगाड़ी एफ.सी. को 06-04=से हरा कर सेमीफाइनल का टिकट कन्फर्म किया।

### भारत को गौरवान्वित करने में झारखंड की भूमिका विषय पर सेमिनार का आयोजन

# प्राकृतिक और खनिज संपदाओं से समृद्ध है झारखंड राज्य : राज्यपाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि प्राकृतिक और खनिज संपदाओं से झारखंड समृद्ध है। यहां कोयला, लौह अयस्क, बॉक्साइट, यूरेनियम, चूना पत्थर, डोलोमाइट, मैग्नेटाइट, ग्रेफाइट, तांबा, अभ्रक आदि प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। देश के कुल खनिजों का लगभग 40 प्रतिशत हमारे राज्य में उपलब्ध है। राज्यपाल सोमवार को रांची स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के विशेष संदर्भ में भारत को गौरवान्वित करने में झारखंड की भूमिका विषय पर आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि राज्य के 29 प्रतिशत से अधिक भाग वनों से आच्छादित हैं, जो देश में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में विकास की अपार संभावनाएं हैं और यह राज्य विकसित राज्यों की श्रेणी में अग्रणी स्थान प्राप्त कर सकता है। यहां युवक-युवतियों में कार्य करने की अपार क्षमता है, वे अत्यंत परिश्रमी हैं। वे दूसरे राज्यों में जाकर तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर काफी संख्या में औद्योगिक इकाइयों में कार्य कर रहे हैं। कोयंबटूर में हजारों की संख्या में यहां के लोग कार्य कर रहे हैं। उनमें इतनी प्रतिभा है कि झारखंड में स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं। आवश्यकता है बढ़ावा देने की। इसके लिए राज्य के सभी विश्वविद्यालय एक साथ इकट्ठा होकर नए अभिनव विचार साझा कर सकते हैं। उस पर मंथन कर लागू करने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में गिलोय संस्करण प्लांट की स्थापना से प्रेरणा लेनी चाहिए। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम को बढ़ावा देना होगा। राज्यपाल ने कहा कि विगत वर्षों में कृषि क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाये गए हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि के क्षेत्र में "वैल्यू एडेड प्रोडक्ट" के उत्पादन से किसानों की आय में वृद्धि होगी। "स्वयं सहायता समूह" को कृषि क्षेत्र से जोड़कर इस दिशा में कार्य को आगे बढ़ाया जा सकता है। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड राज्य भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो झानो, वीर बुधु भगत, जतरा टाना भगत, ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव, नीलांबर-पीतांबर जैसे कई महान स्वतंत्रता सेनानियों की भूमि है, जिन्होंने अपनी मातृभूमि और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष किया और देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राज्यपाल ने कहा कि खेलों में झारखंड के योगदान को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। राज्य के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। राज्यपाल ने इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया।

# अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने सैनिकों को रक्षा सूत्र बांधा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल के द्वारा चलाए गए रक्षा-सूत्र सह शाब्दिक रक्षा- सूत्र अभियान के अंतर्गत 124 इन्फेंट्री ब्रिगेड नामकुम में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल जी ने ब्रिगेडियर उमेश ए पारब, को दुपट्टा ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया उन्हें तिलक लगाया एवं उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांध कर मंगल कामना की राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष गीता डालमिया राष्ट्रीय सहसचिव रेखा अग्रवाल, रांची शाखा अध्यक्ष नैना मोर ने सभी वरीय अधिकारियों को बुके देकर सम्मानित किया और समिति की बहनों के साथ 90 सैनिक भाइयों को रक्षा सूत्र बांधकर उनका मुंह मीठा कराया। सैनिक भाइयों की ओर से समिति की सभी सदस्यों को अमर चित्र कथा परमवीर चक्र उपहार स्वरूप दी गई। नीरा बथवाल ने देश प्रेम से भरी कविता सैनिक भाइयों को सुनाई। उर्मिला पाड़िया ने भाई बहन के प्यार से भरा बहुत ही सुंदर गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर औषधीय एवं अन्य उपयोगी पौधों का वितरण भी किया गया।ब्रिगेडियर सर और उनकी टीम ने महिला मंच की बहनों का इस नेक कार्य के लिए आभार प्रकट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में-सचिव रीता केड़िया, बबीता नारसरिया, मधु सराफ, मंजू लोहिया, शशि डागा, मंजू केडिया, बिना मोदी, रीना सुरेखा, मीना अग्रवाल, सीमा टांटिया, प्रीति बंका,जया विजावत, रेनू छापरिया, सुनीता सरावगी, प्रीति अग्रवाल, सुषमा पोद्दार, सुधा अग्रवाल, जिज्ञासा नारसरिया, ज्योति गर्ग, बबीता गर्ग, मंजू तुलस्यान का योगदान रहा। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने रांची मारवाड़ी महिला सम्मेलन द्वारा चलाए जा रहे हैं रक्षा सूत्र अभियान की भूरी-भूरी प्रशंसा की है।

# रांची-जमशेदपुर एक्सप्रेस-वे की नितिन गडकरी ने की तारीफ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय पथ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को नेशनल हाइवे-33 सड़क को लेकर सोशल मीडिया में तस्वीर साझा की है। उन्होंने कहा है कि जहां पहले रांची से जमशेदपुर जाने में काफी समय लगता था, वह दूरी अब महज दो घंटे में पूरी हो रही है। ऐसा सिर्फ इस एक्सप्रेस-वे के बनने से हो रहा है। केंद्रीय मंत्री ने सड़क के किनारे हर ओर हरियाली, पहाड़ और नदियों की भी तस्वीर साझा की और कहा कि एक नया आनंद इस एक्सप्रेस वे से गुजरने पर लोगों को हो रहा है। रांची से जमशेदपुर फोरलेन रोड का निर्माण एक समय में जहां मुमकिन नहीं लग रहा था, वहीं अब इसके पूरी तरह से बन जाने के बाद बिलकुल नये लुक में आ गया है। रांची से जमशेदपुर-महुलिया तक 165 किमी रोड का निर्माण कार्य लगभग दस साल से चल रहा है। शुरूआती समय में जिस एजेंसी मधुकॉन को इसके निर्माण का जिम्मा दिया था, उसने आधा-अधूरा काम करके छोड़ दिया, जिसके कारण सालों तक परियोजना लटकी। केंद्र सरकार ने बाद में इस कंपनी को टर्मिनेट कर दिया। इसके बाद एनएचएआई के जरिये चार पैकेज में इस सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। इसमें रांची बाईपास विकास से रामपुर सेक्शन को छोड़कर रामपुर से जमशेदपुर तक पूरी सड़क फोरलेन हो गयी है। वाहन सरपट दौड़ रहे हैं।

### कलाकारी | मेरी आवाज मेरी पहचान के कलाकारों ने संगीत का बिखेरा जलवा

# परम शाह ने दिखाई अपने हाथों की कला, 5 मिनट में बना डाली तस्वीर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के मोरहाबादी मैदान मेला में लोगों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। रोजाना कलाकारों का जलवा दिखाया रहा है । मेरी आवाज मेरी पहचान के कलाकारों ने संगीत और गायन के क्षेत्र में अपना जलवा को बिखेरा। सिंगर कुमार गहलोत और सिंगर कविता होरो ने धमाकेदार गाना पेश किया। रमीज बारी, राज अली और आफताब आलम ने भी अपने गानों से लोगों का दिल जीत लिया। परम शाह, जमाल अख्तर, सुलोचना शाहदेव, काव्य, कृति, सक्षम, राधिका, तनवीर खान ने भी अपने गीतों से सभी का दिल जीता। मोरहाबादी मेला में हर दिन लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। मेला में खानपान के अलावा कपड़े, हस्तकला आदिवासी मुद्दों को प्रदर्शित करती हुई टी-शर्ट स्टॉल, बेबी प्लांट, आदिवासी व्यंजन, सजावट के सामान आदि के स्टाल लगाए गए हैं। परम शाह ने बताया कि हर दिन रंगारंग सांस्कृतिक का आयोजन किया जा रहा है। मेला में विधि व्यवस्था के लिए 20 वॉलिंटियर्स लगाए गए हैं । क्राफ्ट्स ऑफ इंडिया की ओर से मोरहाबादी मेला में प्रतिदिन तरह-तरह के मनोरंजन कार्यक्रम भी हो रहे हैं। कलाकार नृत्य गीत से सभी का मनोरंजन कर रहे हैं। मेला में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें फार्स्ट कलाकार के डायरेक्टर परम शाह ने 5 मिनट में ही लाइव किशन अग्रवाल की तस्वीर बना दी। सबको हैरान कर दिया। देखने वालों की भीड़ लगी हुई थी। पेंटिंग बनाने के बाद सभी लोग मंच पर चढ़ गए और परम शाह को बधाई दी। मेले में मौजूद लोगों ने परम शाह के हुनर को सलाम किया। एक्टर देवेश खान, किशन अग्रवाल और सहसचिव बुलंद अख्तर ने भी बधाई दी। किशन अग्रवाल अपनी चित्र बनते देख खुशी का इजहार किया।

**परम शाह ने बताया कि हर दिन रंगारंग सांस्कृतिक का आयोजन किया जा रहा है। मेला में विधि व्यवस्था के लिए 20 वॉलिंटियर्स लगाए गए हैं । क्राफ्ट्स ऑफ इंडिया की ओर से मोरहाबादी मेला में प्रतिदिन तरह-तरह के मनोरंजन कार्यक्रम भी हो रहे हैं**

## चान्हो थाना के चौकीदार के सामने ही उसकी बाइक लेकर भागा चोर

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के टांगर स्थित बैंक ऑफ इंडिया में ड्यूटी करने गए थाना के चौकीदार विनोद गोप की अपाची बाइक उसके सामने ही उचक्का लेकर फरार हो गया। घटना सोमवार की दोपहर लगभग डेढ़ बजे की है। बताया जाता है कि विनोद बाइक से ड्यूटी करने टांगर स्थित बैंक ऑफ इंडिया गया था। उसी दौरान दोपहर को एक उचक्का वहां पहुंचा और बैंक के नीचे खड़ी बाइक लेकर खलारी की तरफ भागने लगा। बैंक ड्यूटी कर रहा चौकीदार उस समय प्रवेश द्वार की सीढ़ी पर ही बैठा था उसने चोर को बाइक लेकर भागते देखने पर शोर मचाया। इसके बाद एक अन्य चौकीदार के साथ लगभग 15 किमी तक उसका पीछा भी किया, परंतु चोर बाइक लेकर फरार हो गया। घटना की जानकारी चान्हो थाना को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इधर पुलिस का कहना है कि चोर को पकड़ने में पुलिस जुटी हुई है उसे शीघ्र ही पकड़ लिया जायेगा।

# जन्माष्टमी को लेकर मंदिरों में तैयारियां जोर-शोर से शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी छह और सात सितंबर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा। मंदिरों में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसे लकर भक्तों में काफी उत्साह देखा जा रहा हैं। कहीं पर शिशु कृष्ण, लड्डू गोपाल की मूर्ति को छोटी-सी चारपाई पर रख कर कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाएगा, तो कही पर मूर्ति को बड़े से खाट पर लिटाया जाएगा और खीरे में चीरा लगा कर ठाकुर जी का जन्म कराया जाएगा। उस दिन भक्त दिन भर उपवास कर रात्रि 12 बजे जन्मोत्सव मनाएंगे। इसे लेकर कई मंदिरों में दही-हांडी और मटकी फोड़ने का भी आयोजन किया जाएगा। छोटे बच्चे भगवान कृष्ण और राधा की भूमिका में भी नजर आएंगे। कृष्ण जन्माष्टमी से चार दिन पहले आयोजन की जानकारी के लिए मटकी टांगी जाएगी। तीन सितंबर को झूला लगाया जाएगा। भक्त दिन भर यहां आकर झूला हिला सकेंगे। छह सितंबर को भजन मंडली द्वारा भजन कीर्तन किया जाएगा। तीन सितंबर को सुबह लड्डू गोपाल को झूले में बैठा कर नगर भ्रमण कराया जाएगा।

# वर्ल्ड एथलेटिक्स में नीरज चोपड़ा ने रचा इतिहास, जीता गोल्ड

**एजेंसी। बुडापेस्ट**

ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने फिर इतिहास रच दिया और विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बन गए जिन्होंने पुरूषों की भालाफेंक स्पर्धा में 88.17 मीटर के थ्रो के साथ यह उपलब्धि हासिल की। भारत के किशोर जेना पांचवें स्थान पर रहे जिन्होंने अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 84.77 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका। वहीं डी पी मनु छठे स्थान पर रहे जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 84.14 मीटर का था। विश्व चैम्पियनशिप में यह पहली बार हुआ है कि शीर्ष आठ में तीन भारतीय रहे हों।

25 वर्ष के चोपड़ा ने पहला प्रयास फाउल रहने के बाद दूसरे में आज का सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका। इसके बाद उन्होंने 86.32 मीटर, 84.64 मीटर, 87.73 मीटर और 83.98 मीटर के थ्रो फेंके। पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 87.82 मीटर के सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत और चेक गणराज्य के याकूब वालेश ने कांस्य पदक जीता जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 86.67 मीटर का था। चोपड़ा ने फाउल के साथ शुरू किया लेकिन दूसरे प्रयास में बढत बनाई जो अंत तक कायम रही। पाकिस्तान के नदीम भी तीसरे दौर के बाद दूसरे स्थान पर आ गए और आखिर में पहले दो स्थान इन्हीं दोनों को मिले। निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के बाद एक ही समय पर ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप जीतने वाले चोपड़ा दूसरे भारतीय बन गए। बिंद्रा ने 23 वर्ष की उम्र में विश्व चैम्पियनशिप और 25 वर्ष की उम्र में ओलंपिक स्वर्ण जीता था। तोक्यो में 2021 ओलंपिक में एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीतने वाले चोपड़ा पहले भारतीय बने। उन्होंने 2022 में यूजीन में विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता था। उनसे पहले लंबी कूद में अंजू बॉबी जॉर्ज ने 2003 में पेरिस विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता था।




## उत्कृष्टता का उदाहरण हैं नीरज चोपड़ा : पीएम मोदी



**विश्व** एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने नीरज चोपड़ा को 'उत्कृष्टता का उदाहरण' बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह एथलेटिक्स ही नहीं बल्कि समूचे खेल जगत में अद्वितीय उत्कृष्टता के परिचायक हैं। मौजूदा ओलंपिक चैम्पियन चोपड़ा ने बुडापेस्ट में चल रही विश्व चैम्पियनशिप में कल देर रात पुरूषों की भालाफेंक स्पर्धा में 88.17 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। वह ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप स्वर्ण एक समय पर जीतने वाले निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के बाद दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्हें बधाई देते हुए लिखा, प्रतिभाशाली नीरज चोपड़ा उत्कृष्टता का उदाहरण हैं। उनकी प्रतिबद्धता, जुनून और जज्बा उन्हें सिर्फ एथलेटिक्स में ही नहीं बल्कि समूचे खेल जगत में अद्वितीय उत्कृष्टता का परिचायक बनाता है। उन्होंने कहा, विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर उन्हें बधाई।

## पूरे देश को नीरज की उपलब्धियों पर गर्व, खेल जगत से लेकर राजनेताओं ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाले टोक्यो ओलंपिक चैम्पियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को खेलमंत्री अनुराग ठाकुर से लेकर समूचे खेल जगत, राजनेताओं और नामचीन हस्तियों ने सोशल मीडिया पर बधाई दी है।

**खेल मंत्री अनुराग ठाकुर :** नीरज चोपड़ा ने फिर कर दिखाया। भारतीय एथलेटिक्स के गोल्डन ब्वॉय ने बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पुरूषों की भालाफेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही वह विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय बन गए। उन्होंने आगे लिखा, पूरे देश को आपकी उपलब्धियों पर गर्व है। यह पल भारतीय खेलों के इतिहास में हमेशा याद रखा जायेगा।

**अमित शाह :** गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतने के लिए नीरज चोपड़ा को बधाई दी। अमित शाह ने एक्स, पूर्व ट्विटर पर कहा, प्रसिद्ध भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। आज, उन्होंने सफलता का एक नया मानदंड स्थापित किया है।

**अभिनव बिंद्रा :** बुडापेस्ट में विश्व चैम्पियनशिप में नीरज चोपड़ा को जीत दर्ज करने देखकर अपार गर्व का अनुभव हुआ। तुम्हारी प्रतिबद्धता और परिश्रम सभी के लिये मिसाल है। बधाई हो विश्व चैम्पियन। आपके जैसे सितारों के रहते भारत और चमक रहा है।

**महान एथलीट और भारतीय ओलंपिक संघ अध्यक्ष पी टी उषा :** विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण जीतने पर नीरज चोपड़ा को बधाई। आप इस गोल्डन टच के साथ देश के लिये आगे भी उपलब्धियां हासिल करते रहे। हमेशा आशीष।

**विश्व एथलेटिक्स :** ओलंपिक चैम्पियन भालाफेंक में विश्व चैम्पियन बना। नीरज चोपड़ा ने 88 . 17 मीटर के थ्रो के साथ पिछले साल के रजत को बुडापेस्ट में चमचमाते स्वर्ण में बदला।

**पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग :** फेंको तो ऐसे फेंको कि चार लोग बोले क्या फेंका है यार। 88 . 17 मीटर दूर भाला फेंका और हमारे चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण जीता। जीत का सिलसिला जारी है।

**भारतीय सेना :** भारतीय सेना सूबेदार नीरज को विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप बुडापेस्ट में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई देती है।

**ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक :** भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को बुडापेस्ट विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने की बधाई। आप अपने खेल कैरियर में ऐसी ही बुलंदियों को छूकर देश को गौरवान्वित करते रहें। भविष्य के लिये शुभकामनायें।

**भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) :** विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में नीरज चोपड़ा ने ऊंचे मानक कायम किये। उन्होंने 88 . 17 मीटर के थ्रो के साथ इतिहास का रूख बदलते हुए स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही वह विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय बन गए। एक समय पर विश्व चैम्पियनशिप, डायमंड लीग और ओलंपिक स्वर्ण जीतने वाले पहले खिलाड़ी।

### बॉलीवुड स्टार्स ने नीरज चोपड़ा को दी बधाई

**भारतीय** एथलीट नीरज चोपड़ा ने बुडापेस्ट में चल रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के जैवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। देश उनकी इस बड़ी जीत का जश्न मना रहा है। बी-टाउन ने भी 'भारतीय एथलेटिक्स के गोल्डन बॉय' को शुभकामनाएं दीं। सोमवार को कई बॉलीवुड सेलेब्स ने नीरज चोपड़ा को बधाई दी। 'उड़ता पंजाब' एक्टर शाहिद कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की और लिखाः हमारे विश्व चैंपियन को बधाई। एक्ट्रेस करीना कपूर खान ने अपनी स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया और लिखाः आप पर बहुत गर्व है, चैंपियन। एक्ट्रेस कंगना रनौत ने अपनी स्टोरी पर एक पोस्ट साझा की और लिखाः बधाई हो भारत। निस्संदेह अब तक का सबसे महान। निर्देशक फरहान अखर ने भी ऐसी ही तस्वीर साझा की और लिखाः बधाई हो नीरज चोपड़ा... जेवलिन। विक्की कौशल ने ओलंपिक 2021, डायमंड लीग 2022 और हालिया वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में नीरज की जीत की तस्वीरें साझा कीं और कहा- एब्सोल्यूट लेजेंड। मलाइका अरोड़ा ने लिखा, भारत के लिए एक और गौरवपूर्ण जीत। बधाई हो नीरज चोपड़ा। अभिषेक बच्चन ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर नीरज की एक तस्वीर साझा की और लिखा, एक बार फिर, नीरज चोपड़ा ने हमें गर्व से भर दिया, उन्होंने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। अनुष्का शर्मा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर पर लिखा, नीरज चोपड़ा को बधाई! यह उल्लेखनीय है। भारत के लिए यह गर्व का क्षण है।

## NEWS इन ब्रीफ

### ग्लेन मैक्सवेल द.अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर



**दक्षिण अफ्रीका।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज की शुरूआत से पहले कंगारू टीम को बड़ा झटका लगा है। टखने में चोट के चलते ग्लेन मैक्सवेल टी-20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन टी-20 मैचों की सीरीज का आगाज 30 अगस्त से होगा।

### हांगचो एशियाई खेलों की तैयारी पूरी



**बीजिंग।** हांगचो एशियाई खेल 23 सितंबर से 8 अक्तूबर तक आयोजित होंगे। 26 अगस्त तक 5 चरणों में 50 प्रतियोगिताओं की टिकटों की बिक्री शुरू हो चुकी है। ई-स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं की टिकटों की बिक्री लॉटरी के माध्यम से की गई। 25 अगस्त तक लॉटरी के सभी परिणाम सार्वजनिक किए गए हैं। बताया जाता है कि टेबल टेनिस, बैडमिंटन, तैराकी, गोताखोरी और टेनिस समेत 30 प्रतियोगिताओं के सभी टिकट बिक चुके हैं। 15 सितंबर से सुलभ सीट टिकटों की बिक्री शुरू होगी। वनचो शहर में एशियाई खेलों की विशेष ट्रेन का संचालन 26 अगस्त को शुरू हुआ। इस विशेष ट्रेन की कुल लंबाई 53.5 किलोमीटर है, जो हवाई अड्डे और हाई स्पीड रेल स्टेशन आदि परिवहन हब को जोड़ती है। एशियाई खेलों के दौरान यह विशेष ट्रेन यातायात की गारंटी देगी।

### रॉबर्टो मैनसिनी बने सऊदी अरब फुटबॉल टीम के नए मुख्य कोच



**रियाद।** सऊदी अरब ने अपनी राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का मुख्य कोच रॉबर्टो मैनसिनी को नियुक्त किया है। सऊदी अरब फुटबॉल महासंघ ने सोमवार को इस बात की पुष्टि की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बताया गया है कि 58 वर्षीय ने चार साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसकी कीमत 25 मिलियन यूरो प्रति वर्ष है। मैनसिनी ने सोशल मीडिया पर लिखा, ₹मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मैं राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के रूप में सऊदी अरब फुटबॉल महासंघ में शामिल हो रहा हूं।

## मलेशिया को हराकर भारत ने विश्व कप में बनाई जगह

**एजेंसी। सलालाह**

भारतीय महिला हॉकी टीम ने सोमवार को महिला एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर के सेमीफाइनल में मलेशिया को 9-5 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत के लिए नवजोत कौर (सातवां, 10वां, 17वां मिनट) ने तीन गोल किए, जबकि मारियाना कुजूर (नौंवा, 12वां मिनट) और ज्योति (21वां, 26वां मिनट) ने दो गोल किए। महिमा चौधरी (14वां) और मोनिका दीपी टोप्पो (22वां मिनट) ने एक एक गोला जमाया। मलेशिया के लिए जती मुहम्मद (चौथा, पांचवां मिनट), डियान नाजेरी (10वां, 20वां मिनट) और अजीज जफीराह (16वां मिनट) ने गोल जमाए।




उल्लेखनीय है कि विश्व कप में क्वालीफाई करने के लिए भारत को शीर्ष तीन में रहना था और इस जीत के साथ भारतीय टीम शीर्ष आयोजन में पहुंच गई है। भारत मैच में शुरू से ही आक्रामक रहा, लेकिन मलेशिया ने जती मुहम्मद के गोल की मदद से चौथे मिनट में बढ़त बनाई। जती मोहम्मद ने अगले ही मिनट मलेशिया की बढ़त दोगुनी कर भारत पर दबाव बनाया। भारत ने हालांकि अपनी आक्रामक नीति के बदलाव नहीं किया और उसे जल्द ही इसका फल भी मिला। कप्तान नवजोत कौर और मरियाना कुजूर ने क्रमशः सातवें और नौवें मिनट में गोल जमाकर भारत के लिए स्कोर बराबर किया। नजेरी ने 10वें मिनट में मलेशिया का तीसरा गोल किया लेकिन 12वें मिनट तक नवजोत और कुजूर ने एक एक गोल जमाकर भारत को पहली बार बढ़त की स्थिति में पहुंचा दिया। महिमा ने 14वें मिनट में फील्ड गोल दागा और भारत हाफ टाइम तक 5-3 से आगे रहा।

दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने जोरदार शुरूआत की और जफीराह के गोल के दम पर मलेशिया एक बार फिर पहले स्कोर करने में कामयाब रहा, हालांकि इसके बाद भारतीय टीम पूरी तरह प्रतिद्वंदी पर हावी हो गई। फुल टाइम से पहले मलेशिया ने कई मौके बनाए लेकिन नाजेरी (20वां मिनट) के अलावा कोई खिलाड़ी इन्हें गोल में नहीं बदल सका। दूसरी ओर, भारत ने नवजोत, मोनिका और ज्योति (दो) ने मौकों को गोल में बदलते हुए भारत को जीत दिलाई। फाइनल में भारत का सामना बंगलादेश या चीनी ताइपे में से किसी एक से होगा।

## घरेलू परिस्थितियों में भारत के पास विश्व कप जीतने का बड़ा मौका : मिताली राज

**एजेंसी। श्रीनगर**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने कहा कि पुरुष टीम के पास इस साल के अंत में घरेलू परिस्थितियों में आईसीसी विश्व कप जीतने का एक बड़ा मौका होगा। इस वैश्विक प्रतियोगिता का आगाज पांच अक्टूबर से होगा। भारतीय टीम 1983 और 2011 के बाद तीसरी बार विश्व चैंपियन बनने के मकसद से टूर्नामेंट में उतरेगी।



महिला प्रीमियर लीग फाइनल के लिए यहां पहुंची मिताली ने कहा, एक भारतीय क्रिकेट प्रशंसक के रूप में, मैं चाहूंगी कि भारत फाइनल खेले। यह एक बड़ा अवसर है, हम मेजबान देश हैं और परिस्थितियाँ हमारे पक्ष में हैं। उन्होंने कहा, टीम अगर अच्छा प्रदर्शन करती है तो हमें विश्व कप जीतने का एक और मौका मिलेगा। महिला एकदिवसीय में सबसे ज्यादा 7805 रन बनाने वाली इस पूर्व दिग्गज ने कहा कि घाटी में क्रिकेट के विकास की काफी संभावना है। उन्होंने कहा, पिछले दो-तीन वर्षों से बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) महिलाओं के खेल और महिला खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए काफी प्रयास कर रहा है। भारत की इस पूर्व कप्तान ने कहा, इस साल डब्ल्यूआईपीएल (महिला इंडियन प्रीमियर लीग) भी अच्छा रहा है और यह खेल के विकास के लिए अच्छा है। हमें उम्मीद है कि अगले दो से तीन वर्षों में राज्य से कई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनायेंगे।

## शिहान सुनील किस्पोट्टा बनाए गये भारतीय कराटे टीम के कोच

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

थाईलैंड के बैंकॉक में छह से 11 सितंबर तक आयोजित होने वाले थाईलैंड ओपन कराटे चैंपियनशिप के लिए इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के तकनीकी निदेशक एवं शिको काई कराटे इंटरनेशनल झारखंड के राज्य प्रतिनिधि शिहान सुनील किस्पोट्टा भारतीय कराटे टीम के कोच बनाये गये हैं। टीम कोच बनाए जाने पर शिहान सुनील किस्पोट्टा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए विश्व कराटे संघ के तकनीकी कमेटी के सदस्य हांशी भारत शर्मा, कराटे इंडिया आर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष शिहान विजय तिवारी, महासचिव शिहान संजीव जांगड़ा को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि रांची जैसे छोटे से शहर से इस चैंपियनशिप के लिए लगातार दूसरी बार भारतीय कराटे टीम का कोच चुना जाना एक गौरवान्वित पल है। जो जिम्मेवारी कराटे इंडिया आर्गेनाइजेशन ने मुझ पर विश्वास कर दिया है, यह एक बड़ा दायित्व है।



### विलियमसन के वर्ल्ड कप खेलने पर सस्पेंस

## 2 हफ्ते में साबित करनी होगी फिटनेस

**एजेंसी। डरहम (इंग्लैंड)**

वर्ल्ड कप से पहले न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम अपने कप्तान केन विलियमसन को भरपूर समय देना चाहती है। टीम ने विलियमसन को फिटनेस साबित करने के लिए दो सप्ताह का और समय दिया है। भारत में खेले जाने वाले वनडे वर्ल्ड कप-2023 की शुरूआत 5 अक्टूबर से होगी। इसके लिए सभी टीमों को 5 सितंबर तक अपनी प्रारंभिक टीम का ऐलान करना होगा। ऐसे में न्यूजीलैंड की टीम अपने कप्तान केन विलियमसन को लेकर काफी परेशान है, जो इस साल आईपीएल में लगी चोट के कारण काफी समय से खेल से दूर हैं और अब भी पूरी तरह फिट नहीं हुए हैं। केन विलियमसन के पास अपनी फिटनेस साबित करने के लिए दो सप्ताह का समय है, जिसके बाद ब्लैककैप्स, वर्ल्ड कप के लिए अपनी टीम की घोषणा करेगी। 33 वर्षीय खिलाड़ी के इस साल के विश्व कप में भाग लेने की संभावना शुरू में कम मानी जा रही थी। इस साल की शुरूआत में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ गुजरात टाइटन्स का प्रतिनिधित्व करते समय आईपीएल-2023 के शुरूआती मैच के दौरान उनके दाहिने घुटने में चोट लगी थी। लेकिन, उन्होंने वर्ल्ड कप में वापसी करने के लिए कड़ी मेहनत की है। हाल ही में अपने साथियों के साथ नेट्स में बल्लेबाजी करने के लिए लौटे थे। अब तक उन्होंने टीम में वापसी नहीं की है क्योंकि उनकी फिटनेस को लेकर सस्पेंस बना हुआ है।



## एफसी बायर्न यूथ कप नेशनल फाइनल्स की मेजबानी करेगा बिगहिट

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय खेल समुदाय के लिए डिजाइन किया गया स्पोर्ट्स ऐप बिगहिट, 5 से 7 सितंबर, 2023 तक गोवा के पंडित जवाहरलाल नेहरू (पीजेएन) स्टेडियम में आयोजित एफसी बायर्न यूथ कप नेशनल फाइनल्स की मेजबानी करेगा। 8 राज्यों और 28 शहरों से 240 खिलाड़ियों की 16 टीमें नेशनल फाइनल के लिए भाग ले रही हैं। इसके अलावा, इस कार्यक्रम की शोभा गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत भी बढाएंगे। प्रारंभिक प्रयास के रूप में, बिगहिट ने नेशनल फाइनल्स के लिए भारत में राज्य-स्तरीय टूर्नामेंटों का आयोजन और मेजबानी की, जिसमें 7000 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। नेशनल फाइनल्स में, एफसी बायर्न के दिग्गजों और स्काउट्स द्वारा 10 खिलाड़ियों की खोज की जाएगी, जो वर्ल्ड फाइनल्स 2023 के लिए म्यूनिख, जर्मनी की यात्रा करेंगे। वे एफसी बायर्न मैदान पर 5-दिवसीय प्रशिक्षण शिविर से भी गुजरेंगे जिसमें एफसी बायर्न अंतरराष्ट्रीय युवा कोचों के साथ प्रशिक्षण सत्र भी शामिल होगा। फाइनल मैच अक्टूबर में म्यूनिख के ओलंपिक स्टेडियम में होगा।

### प्रो-रॉल बॉल लीग | 8 टीमों के लिए 128 खिलाड़ियों की नीलामी

## 17 देशों के खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**एजेंसी। मुंबई**

भारत की प्रमुख खेल कंपनियों में से एक युगा स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट ने प्रो-रॉल बॉल खेल की पहली प्रीमियर हाई-स्पीड लीग शुरू करने की घोषणा की है। इस कड़ी में मुंबई के परेल में आईटीसी ग्रैंड सेंट्रल में रविवार को एक कार्यक्रम में इस लीग की सभी 8 फ्रेंचाइजी टीमों की जर्सी और लोगो का अनावरण किया गया।



इस लीग में 17 देशों के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी 20 नवंबर से 3 दिसंबर, 2023 तक होने वाली एड्रेनालाईन-पैक 15-दिन के टूनामेंट में हिस्सा लेंगे। हर टीम में 10 खिलाड़ी होंगे, जिनमे 3 विदेशी खिलाड़ियों का होना अनिवार्य है। जर्सी और लोगो के अनावरण के मौके पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी आयोजित की गई। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस को आयोजित करने वाले युगा स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट के संस्थापक और सीईओ सिद्धार्थ मेहता के साथ सभी 8 टीमों के मालिक स्टेज पर अपनी टीमों के लोगो वाली जर्सी पहनकर स्टेज की शोभा बढ़ाई। इसके बाद खिलाड़ियों की नीलामी के लिए सभी टीमों ने बोली लगाई। इस दौरान सभी टीमों के कोच, मैनेजर और मालिक मौजूद रहे। नीलामी प्रक्रिया को तीन कैटेगरी- ए, बी और सी में बांटा गया। कैटेगरी ए में वे खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने पिछले पांच सालों के अंदर किसी अंतरराष्ट्रीय टूनामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व किया है या उसी अवधि के दौरान लगातार तीन राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लिया है। कैटेगरी बी में वे खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने पिछले पांच वर्षों के अंदर लगातार तीन राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भाग लिया है या किसी भारतीय टीम के क्वालीफाइंग कैंप में हिस्सा लिया हो। दोनों कैटेगरी के लिए 1.5 लाख और क्रमशः 1 लाख रुपये बेस प्राइस रखा गया था। एशियन रॉल बॉल फेडरेशन ने प्रो रॉल बॉल लीग के पहले सीजन के लिए 34 खिलाड़ियों को नीलामी के लिए नामांकित किया था। दूसरी ओर 'सी' कैटेगरी के खिलाड़ियों की लिस्ट में ईरान, बेलारूस, ओमान, मिस्र, केन्या, सेनेगल, पोलैंड, श्रीलंका, सऊदी अरब, इंग्लैंड, अर्जेंटीना, फ्रांस और ब्राजील जैसे देशों के 38 खिलाड़ी शामिल हैं। कुल मिलाकर सभी कैटेगरी में 128 खिलाड़ियों को नीलामी के लिए नामांकित किया गया था।

युगा स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट के सीईओ और फाउंडर सिद्धार्थ मेहता ने कहा, यह एक लीग स्पोर्ट्स की शानदार शुरूआत है। इस खेल का आविष्कार भारत ने किया है। यह हमारे लिए गर्व का क्षण है क्योंकि हम खेल के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करते हुए इस खेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जा रहे हैं। हमारा लक्ष्य इसे साल में दो बार आयोजित करना और इसे देश में टॉप 3 स्पोर्ट्स लीग में शामिल करना है। युगा स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट ने हाल ही में एशियन रॉल बॉल फेडरेशन से राइट्स हासिल कर लिए हैं। लीग का वैल्यूएशन वर्तमान में 180 करोड़ रुपये से ज्यादा होने का अनुमान है, और युगा स्पोर्ट्स का अगले पांच सालों में प्रॉपर्टी वैल्यूएशन 1000 से ज्यादा करोड़ रुपये तक बढ़ाने का लक्ष्य है।

### रॉल बॉल का खेल

पुणे में राजू दाभाड़े द्वारा आविष्कार किया गया और 60 से ज्यादा देशों में खेला जाने वाले रॉल बॉल मे रोलर स्केटिंग और हैंडबॉल का कॉम्बिनेशन होता है। दो टीमों द्वारा खेले जाने वाले इस खेल में खिलाड़ियों को रोलर स्केट्स पर ड्रिबलिंग, पासिंग और गेंद को विरोधी टीम के गोल पोस्ट में मारना होता है।

